CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 11°C

देहरादून, मंगलवार 24 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 198 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इंडिया गठबंधन में नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं: उमर अब्दुल्ला पेज 2



हम अगले मैच में मजबूत वापसी करेंगे: सूर्यकुमार यादव खेल टाइम्स



यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन गलत, तो भाजपा का व्यवहार सही कैसे! सम्पादकीय



तारिक रहमान सरकार ने किया बांग्लादेशी सेना में फेरबदल पेज 12

# देश की पहली आतंकवाद विरोधी नीति जारी, केंद्र ने प्रहार नाम दिया

- आतंकवाद को रोकने और निपटने के लिए व्यवस्थित व खुफिया जानकारी पर आधारित स्ट्रक्चर बताया
- आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने सोमवार को 'प्रहार' नाम से भारत की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद- विरोधी नीति जारी की। इसमें हर तरह के आतंकवाद को रोकने और उससे निपटने के लिए एक व्यवस्थित और खुफिया जानकारी पर आधारित स्ट्रक्चर बताया गया है।

आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया है। साथ ही खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित कार्रवाई की बात कही गई है। इसमें सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसमें पूरी सरकार और पूरे समाज की भागीदारी वाला तरीका अपनाने की बात कही गई है, जो मानवाधिकार और कानून के शासन पर आधारित होगा। साथ ही कट्टरपंथ जैसे हालात को खत्म करने पर भी ध्यान होगा जो आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। नीति में भारत की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई गई है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद को किसी भी धार्मिक, जातीय या वैचारिक आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता। भारत हर तरह के आतंकवाद की हमेशा कड़ी निंदा करता रहा है। नीति कहती है कि इसका मुख्य मकसद भारतीय नागरिकों और देश के हितों की रक्षा के लिए आतंकी हमलों को रोकना है। इसके अलावा खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित जवाब देना है। नीति में कहा गया है कि आतंक के खिलाफ सरकार के अलग-अलग विभागों की ताकत को मिलाकर काम करना है। प्रहार में कहा गया है कि खतरों से निपटने के लिए मानवाधिकार और कानून आधारित प्रक्रियाएं अपनानी हैं। कट्टरपंथ समेत आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले कारणों को कम करना है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ प्रयासों में तालमेल बैठाना है। नीति में कहा गया है कि भारत सक्रिय और खुफिया जानकारी पर आधारित रणनीति अपनाता है। इसमें मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) की अहम भूमिका बताई गई है। इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के तहत काम करने वाली ज्वाइंट टास्क फोर्स ऑन इंटेलिजेंस (जेटीएफआई) का जिक्र किया गया है। जेटीएफआई देशभर में रियल-टाइम खुफिया जानकारी साझा करने और संयुक्त कार्रवाई के लिए काम करते हैं। नीति में कहा गया है कि आतंकी इंटरनेट का इस्तेमाल संपर्क, भर्ती और प्रचार के लिए करते हैं। नीति में कहा गया है कि भारतीय एजेंसियां इंटरनेट के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई करती हैं। सुरक्षा एजेंसियां ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क को भी तोड़ती रहती हैं। इसमें आतंकी फंडिंग नेटवर्क को खत्म करने पर खास ध्यान दिया गया है। प्रहार में सरकार ने कहा है कि भारत को पानी, जमीन और हवा तीनों मोर्चों पर आतंकी खतरे का सामना है। सीमा सुरक्षा बल आधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस हैं। बिजली, रेलवे, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए क्षमता बढ़ाई गई है। यह नीति ऐसे समय आई है, जब भारत लंबे समय से सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद से प्रभावित रहा है।

## छठा रोज़ा

### ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी की सीख देता है छठा रोज़ा

कुरआन पाक के पच्चीसवें पारे की सूरह शूरा की तिरालीसवीं आयत में जिक्र है जो सब्र करने वाले हैं और रहम करने वाले हैं वो बुलंद मर्तबे और अज़्मत वाले हैं। यहां यह बात काबिलेगौर है कि सब्र और रहम मर्तबे और अज़्मत बढ़ाने वाले हैं और रहम रास्ता है अज़्मत का। सब्र, सीढ़ी है बुलंदी की, तो इसका सीधा-सा जवाब है कि मुकम्मल ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी के साथ रखा गया रोज़ा और रोज़ेदार इसकी पहचान है। नेकनीयत और पाकीज़गी के साथ रखे गए रोज़े का नूर अलग ही चमकता है। जज्बा-ए-रहम रोज़ेदार की पाकीजा दौलत है और जज्बा-ए-सब्र रोज़ेदार की रूहानी ताकत है। कुरआने-पाक में अल्लाह को सब्र करने वाले का साथ देने वाला बताया गया है अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। रोज़ा इम्तिहान भी है और इंतजाम भी। सब्र और संयम रोज़ेदार की कसौटी है इसलिए रोजा इम्तिहान है। सब्र की कसौटी पर रोजेदार कामयाब यानी खरा साबित हुआ तो इसका मतलब यह कि उसने आखिरत का इंतजाम कर लिया।

### आर्मी पब्लिक स्कूल व एयरफोर्स बाल भारती को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में धौला कुआं स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड के एयर फोर्स बाल भारती स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाले ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और छात्रों एवं स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल परिसरों की गहन जांच की गई। एहतियातन दोनों स्कूलों के आसपास के क्षेत्रों को सील कर दिया गया और आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

# दिल्ली-एनसीआर से हटेंगे कोयला आधारित उद्योग

## 300 किमी दायरे वाले प्रस्ताव पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

- शीर्ष अदालत ने केंद्र व संबंधित राज्यों को दिए अहम निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और संबंधित राज्यों को कई अहम निर्देश दिए हैं और अलग-अलग मुद्दों पर जवाब तलब किया है। अदालत ने खास तौर पर कोयला आधारित उद्योगों, निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान उड़ने वाली धूल और वाहनों के प्रदूषण को लेकर उठाए गए कदमों का ब्योरा मांगा है।

नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में लगातार वायु गुणवत्ता की दिक्कत से निपटने के लिए सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची विपुल एम. पंचोली की बेंच ने कहा कि वह कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के सुझावों के आधार पर 12 मार्च को गाड़ियों से होने वाले वायु प्रदूषण के मुद्दे की जांच करेगी। इसने भवन निर्माण और तोड़-फोड़ की वजह से होने वाली धूल से निपटने के लिए सीएक्यूएम के सुझाए गए तरीकों पर सभी स्टेकहोल्डर्स से भी जवाब मांगा। पीठ ने इस सुझाव पर भी केंद्र से जवाब मांगा कि दिल्ली से 300 किलोमीटर के दायरे में कोई नया कोयला आधारित तापीय विद्युत संयंत्र स्थापित न किया जाए। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को सार्वजनिक नोटिस जारी कर एनसीआर में संचालित कोयला आधारित उद्योगों सहित सभी हितधारकों से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया। इन नोटिसों को कोर्ट द्वारा भेजा गया नोटिस माना जाएगा और राज्यों को मिले फीडबैक की डिटेल देते हुए एक एक्शन टेकन प्लान जमा करने को कहा गया है। इसमें केंद्र सरकार के मंत्रालयों को एनसीआर के अंदर कोयला-आधारित इंडस्ट्रीज को धीरे-धीरे खत्म करने के मकसद से एक संयुक्त प्रस्ताव जमा करने को कहा गया है। बेंच ने आदेश दिया, प्रस्ताव में सबसे पहले इंडस्ट्रीज की पहचान की जाएगी और यह तय किया जाएगा कि उनके लिए कौन से वैकल्पिक ईंधन स्रोत दिए जा सकते हैं। बेंच ने दिल्ली सरकार को सीएक्यूएम द्वारा सुझाए गए इन लॉन्ग-टर्म सॉल्यूशन को लागू करने के लिए एक खास एक्शन प्लान जमा करने का निर्देश दिया।बेंच ने कहा कि कमीशन ने उन संबंधित एजेंसियों की पहचान की है, जिनसे एक्शन लेने की उम्मीद है। इसलिए हम दिल्ली सरकार को इन उपायों को लागू करने के लिए एक प्रपोज्ड एक्शन प्लान जमा करने का निर्देश देते हैं। इस दौरान दिल्ली- एनसीआर में वाहनों के चलने से प्रदूषण बढ़ने का सवाल भी उठा। बेंच ने कहा कि इसका परीक्षण किए जाने की जरूरत है। अदालत ने अब इस मामले की सुनवाई के लिए 12 मार्च की तारीख तय की है।

### मेरे कोर्ट में बदतमीजी नहीं चलेगी, अंबानी का जिक्र करने पर वकील पर भड़के सीजेआई

**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील की बात पर इतना गुस्सा हो गए कि उन्होंने वकील को लगभग डांटते हुए चेतावनी दे डाली कि उनकी कोर्ट में ये बदतमीजी नहीं चलेगी। दरअसल वरिष्ठ वकील मैथ्यूज नेदुम्पारा ने सीजेआई की पीठ के समक्ष कहा कि एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें न्यायपालिका के कॉलेजियम सिस्टम को चुनौती दी गई और जजों की नियुक्ति के लिए नेशनल ज्यूडिशियल अपाइंटमेंट कमीशन को लागू करने की मांग की गई। जिस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसी कोई याचिका रजिस्टर नहीं है। इस पर वकील नेदुम्पारा ने नाराजगी जाहिर की और कहा कि अदानी और अंबानी के लिए सांविधानिक पीठ गठित की जाती हैं।



### शीर्ष अदालत ने तिरुपति लड्डू मामले में जांच समिति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तिरुपति मंदिर के लड्डुओं के घी में मिलावट की जांच के लिए एक-सदस्यीय जांच समिति बनाने के आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने डा. सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिका में कहा गया था कि अगर राज्य समानांतर रूप से जांच करता है, तो शीर्ष अदालत द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की आपराधिक जांच में खलल पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दोनों ही प्रक्रियाएं कानून के हिसाब से चलती रहनी चाहिए।

# योगी के सिंगापुर दौरे के पहले दिन 6650 करोड़ का निवेश

- निवेश ग्रुप हाउसिंग लॉजिस्टिक्स पार्क और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में प्रस्तावित, तीन समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सिंगापुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के पहले ही दिन प्रदेश को बड़ी निवेश उपलब्धि हासिल हुई है।

सिंगापुर स्थित यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप के साथ कुल 6,650 करोड़ रुपये के तीन समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अधिकारियों के अनुसार ये निवेश ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स पार्क और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में प्रस्तावित हैं। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार, इन परियोजनाओं के माध्यम से 20 हजार से अधिक युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को राज्य सरकार की नीतिगत स्थिरता, बेहतर कनेक्टिविटी और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक बुनियादी ढांचे की जानकारी दी तथा हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन -शेष पृष्ठ दो पर

### तेजस विमान में तकनीकी खराबी आई थी, दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ: एचएएल

**नई दिल्ली।** रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने वायुसेना के एक स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान के इस महीने के शुरू में दुर्घटनाग्रस्त होने की रिपोर्टों का खंडन करते हुए कहा है कि इस विमान को तकनीकी गड़बड़ी का सामना करना पड़ा था और उसे किसी भी तेजस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना नहीं है। वायुसेना के लिए तेजस बनाने वाले उपक्रम एचएएल ने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने तथा तेजस विमानों की उड़ान रोके जाने की मीडिया में आई रिपोर्टों पर सोमवार को स्पष्टीकरण दिया।

# घाटी में 326 दिनों तक चले हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में 7 आतंकी ढेर

- सेना ने मुश्किल इलाकों में ठंडे, गीले और बर्फीले मौसम के बीच आतंकियों को किया ट्रैक

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 326 दिनों तक चले हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में सात खतरनाक आतंकवादी मारे गए हैं। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर (16 कोर) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

व्हाइट नाइट कोर ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, किश्तवाड़ इलाके में 326 दिनों तक लगातार हाई- एल्टीट्यूड अभियान चलाए गए। सेना ने मुश्किल इलाकों में ठंडे, गीले और बर्फीले मौसम के बीच आतंकवादियों को ट्रैक किया। इस दौरान कई बार मुठभेड़ हुई। व्हाइट नाइट कोर की टुकड़ियों, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने खुफिया एजेंसियों के मजबूत खुफिया तंत्र के आधार पर आखिरकार किश्तवाड़ के चटरू क्षेत्र में सभी सात कुख्यात आतंकवादियों को मार गिराया। इनमें से एक 10 लाख का इनामी आतंकी कमांडर सैफुल्लाह के होने का संदेह है। अगर जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर सैफुल्ला है, तो सुरक्षाबलों की ये सफलता जैश के नेटवर्क की कमर तोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। पोस्ट में आगे कहा गया कि ऑपरेशन में मदद के लिए एफपीवी ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी, आरपीए/यूएवी और संचार साधनों के रूप में टेक्नोलॉजी का लगातार इस्तेमाल किया गया। हमारी सेनाओं की लगातार कोशिश और दृढ़ संकल्प, जिसका नतीजा सैफुल्लाह और उसके साथियों का खत्म होना था, यह साबित करता है कि हमारे जवानों और इंटेलिजेंस एजेंसियों के संकल्प, साहस और वीरता के सामने कुछ भी नहीं टिक सकता। भारतीय सेना ने कहा कि यह आतंकी नेटवर्क पर एक बड़ा प्रहार है। हम सेवा और सुरक्षा करते हैं। व्हाइट नाइट कोर ने मारे गए आतंकदियों की तस्वीर भी शेयर की है, जिसके ऊपर लाल रंग में क्रॉस लगे हुए हैं।



मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स

एक अनमोल रिश्ता

- ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
- LIFE TIME FREE SERVICE

KAJ

सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता



68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

### भारत मंडपम प्रदर्शन मामले में दो और प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के मामले में दिल्ली पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई प्रदर्शन से जुड़े प्रकरण में की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान 36 वर्षीय अजय कुमार विमल और 24 वर्षीय राजा गुर्जर के रूप में हुई है। बता दें इस मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा इससे पहले चार प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी की गई है। साथ ही पटियाला हाउस कोर्ट ने इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) के चार कार्यकर्ताओं को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पहले गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं में बिहार से यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्ण हरि, बिहार के आईवाईसी प्रदेश सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश के आईवाईसी प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना के नरसिम्हा यादव शामिल हैं। दिल्ली पुलिस का आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर देश विरोधी नारे लगाए।

# 'मोहम्मद दीपक' को राहुल गांधी ने गले लगाया

## कहा: कोटद्वार जाकर लेंगे दीपक के जिम की सदस्यता



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के कोटद्वार में रहने वाले 'मोहम्मद दीपक' ने सोमवार को यहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और बताया कि श्री गांधी ने उनसे कोटद्वार आकर उनके जिम की सदस्यता लेने का वादा किया है।

दीपक पिछले दिनों तब चर्चा में आए जब कोटद्वार में एक मुस्लिम बुजुर्ग की दुकान के नाम से 'बाबा' शब्द हटाने को लेकर हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया था उस दौरान दीपक ने इसका विरोध किया। इस पर हिंदू संगठनों के लोगों ने उनसे उनका नाम पूछा तो दीपक ने अपना नाम 'मोहम्मद दीपक' बताया था। श्री दीपक ने बताया कि राहुल गांधी ने उन्हें मिलने के लिए बुलाया था और समझाया कि उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। श्री गांधी से 10 जनपथ में मुलाकात के बाद दीपक ने पत्रकारों से कहा कि राहुल गांधी जी ने मुझे मिलने के लिए बुलाया था। उन्होंने मेरे परिवार से बात की और मुझे समझाया कि डरने की कोई जरूरत नहीं, आपने -शेष पृष्ठ दो पर

### एनएसयूआई के नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल से मिले

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के नव नियुक्त अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने सोमवार को यहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार श्री गांधी ने उन्हें सुबह मिलने का समय दिया था। श्री जाखड़ की एनएसयूआई अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद राहुल गांधी से यह पहली मुलाकात है। उनका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा अन्य नेताओं से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। श्री जाखड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले राजस्थान प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष थे। पार्टी ने हाल में ही उन्हें अपनी छात्र ईकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### पाल हत्याकांड के फरार शूटरों पर एक और मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड के फरार शूटरों के विरुद्ध सोमवार को एक और मुकदमा दर्ज किया गया। पांच-पांच लाख रुपये के इनामी शूटर गुड्डू मुस्लिम उर्फ गुड्डू बमबाज, अरमान और साबिर के खिलाफ एयरपोर्ट थाने में अदालत की अवमानना से संबंधित मामला दर्ज किया गया है। एयरपोर्ट थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने स्वयं वादी बनकर प्राथमिकी दर्ज कराई। उनके अनुसार न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी होने और उद्घोषणा की कार्रवाई के बावजूद आरोपित न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है।

### युवाओं को हिरासत में लेना निंदनीय : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एआई शिखर सम्मेलन के दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें तत्काल रिहा करने की मांग की है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- दिल्ली पुलिस द्वारा युवा कांग्रेस अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की हम कड़ी निंदा करते हैं। यह सरकार भूल गई है कि विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र की आत्मा है, अपराध नहीं। उन्होंने प्रदर्शन करने वाले युवाओं की पीठ थपथपाई और कहा ष्हमारे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की मिलीभगत को बहादुरी से उजागर किया। यह शांतिपूर्ण तरीके से किया गया प्रदर्शन था जिसमें किसी भी तरह से कहीं कोई हिंसा नहीं थी। यह हिरासत पूरी तरह से अवैध है। हम मांग करते हैं कि उन्हें तुरंत रिहा किया जाए और सभी आरा.प वापस लिए जाएं।

### मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों के नाम लिखी चिट्ठी

# सरकार कर रही विकास, महिलाएं आत्मनिर्भर बनीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम चिट्ठी लिखकर सरकार की उपलब्धियों, युवाओं- महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को प्रमुखता से रखा है।



■ नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बीते वर्षों में नवनिर्माण का स्वर्णिम अध्याय रच चुका, देश के शीर्ष राज्यों में शामिल

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बीते वर्षों में नव-निर्माण का स्वर्णिम अध्याय रच चुका है और सुशासन व समावेशी नीति के बल पर प्रदेश देश के शीर्ष राज्यों में स्थान प्राप्त कर रहा है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और अन्नदाताओं को प्रदेश की बदलती तस्वीर का आधार बताया। पत्र में युवाओं के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट्स, एक्सीलेंस सेंटर, टेक युवा-समर्थ युवा योजना और एआई मिशन जैसी पहलों का उल्लेख किया गया है। साथ ही स्टार्टअप और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले बुनियादी सुविधाओं के अभाव में छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब बेटियों को यूनिफॉर्म, बैग, जूते, स्वेटर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना और महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजनाओं के जरिए माताओं-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया है। श्रमजीवी महिला छात्रावासों की स्थापना से छात्राओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का भी उल्लेख किया गया है। इसके अलावा वृद्धावस्था, दिव्यांगजन और निराश्रित महिला पेंशन के तहत बड़ी संख्या में लाभार्थियों को सहायता राशि बढ़ाने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बिजली कटौती की समस्या व्यापक थी, लेकिन अब लाखों किसानों को नि:शुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने की व्यवस्था को भी सरकार की प्राथमिकता बताया गया है। पत्र में बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास और महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमाओं व स्मारकों के विकास के लिए बजट प्रावधान का उल्लेख किया गया है।

### सिंगापुर में जल की व्यवस्था भी देख कर आएं मुख्यमंत्री: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विदेश दौरे को लेकर तंज कसा है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब मुख्यमंत्री 'माधुर्य-प्रवास' पर सिंगापुर जा रहे हैं, तो वहां की जल व्यवस्था भी देखकर आएं। सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि सिंगापुर में जल की धाराएं कितनी आकर्षक और सुव्यवस्थित होती हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में पानी अक्सर फटी टंकियों और टूटे पाइपों से बहता नजर आता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को यह देखकर आश्चर्य होगा कि बेहतर योजना और प्रबंधन से जल संसाधनों को किस तरह दर्शनीय बनाया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# बेरोजगार पत्नी बेकार नहीं उसका काम मूल्यवान श्रम

नई दिल्ली, वार्ता



■ उसकी मेहनत को नजरअंदाज करना गलत: दिल्ली हाईकोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है कि गृहिणी का काम बेकार नहीं है, बल्कि मूल्यवान श्रम है, जिसे मेंटेनेंस तय करते समय महत्व दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि पढ़ी-लिखी पत्नी भी भरण-पोषण की हकदार है, क्योंकि पति उसके त्याग का फायदा नहीं उठा सकता। उसकी मेहनत को नजरअंदाज करना गलत है।

कोर्ट ने कहा कि घर चलाना बच्चों की देखभाल करना और परिवार को सपोर्ट करना, ये सभी मेहनत के काम हैं। भले ही उन्हें पैसे न मिलते हों और अक्सर उन्हें माना भी न जाता हो, घर पर पत्नी का काम करने से कमाने वाला पति अपने करियर में अच्छे से काम कर पाता है और मेंटेनेंस तय करते समय इस काम को नजरअंदाज करना असलियत से परे और गलत होगा। कोर्ट ने इस बात को भी खारिज कर दिया कि सिर्फ इसलिए मेंटेनेंस देने से मना किया जा सकता है, क्योंकि एक महिला पढ़ी-लिखी है और कमाने में काबिल है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि कमाने की काबिलियत और असल कमाई कानून के तहत अलग-अलग बातें हैं। यह फैसला एक ऐसे मामले में आया, जहां एक कपल ने 2012 में शादी की थी और पति ने कथित तौर पर 2020 में अपनी पत्नी और नाबालिग बेटे को छोड़ दिया था। निचली अदालतों ने महिला को इस आधार पर अंतरिम मेंटेनेंस देने से मना कर दिया था कि वह ठीक-ठाक और पढ़ी-लिखी है, लेकिन उसने काम न करने का फैसला किया था।

हाई कोर्ट ने इन ऑर्डर को रद्द कर दिया और घरेलू हिंसा से महिलाओं के प्रोटेक्शन एक्ट के तहत उसे 50000 दिए। कोर्ट ने आगे कहा कि भारतीय समाज में शादी के बाद महिलाएं अक्सर अपने करियर को छोड़ देती हैं और पति बाद में इस त्याग को अपनी पत्नियों को जानबूझकर बेरोजगार कहकर गुजारा भत्ता देने से बचने के हथियार के तौर पर इस्तेमाल नहीं कर सकते। कोर्ट ने कहा कि एक होममेकर बेकार नहीं बैठती, वह ऐसा काम करती है जिससे कमाने वाला पति/पत्नी अच्छे से काम कर सके।

# चोले की आड़ में सनातन धर्म को नष्ट कर रहे कुछ लोग

वाराणसी, वार्ता

ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ प्रयागराज में मुकदमा दर्ज होने के बाद सोमवार को उनका बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को नष्ट करने के लिए कुछ लोग चोला पहनकर आ गए हैं।



■ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने लगाया आरोप

समाज में भ्रम फैलाया जा रहा है, जो कहानी गढ़ी गई है, वह पूरी तरह झूठ है। पुलिस की जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा। ढोंग और पाखंड का अंत एक दिन अवश्य होगा। शंकराचार्य ने आगे कहा कि मेरी ओर से पुलिस को पूरा सहयोग रहेगा। यदि फिर भी गिरफ्तारी होती है, तो इसका मतलब है कि कालनेमी-शंकराचार्य का अपमान करना चाह रहा है। मेरे लिए तीन कोर्ट हैं। पहली निचली कोर्ट जनता है, जो सब देख और जान रही है। दूसरा मिडिल कोर्ट यानी हाई कोर्ट है, जो मेरा हृदय है, मैं जानता हूं सत्य क्या है।

उन्होंने स्पष्ट किया, हम उनके सारे प्रश्नों का उत्तर देने के लिए तैयार बैठे हैं। वे चाहें तो मठ आकर प्रश्नोत्तर कर सकते हैं, नहीं तो कहीं ले जाकर करना चाहें, तो वह भी कर सकते हैं, जो हिस्ट्रीशीटर हैं, वे खुलेआम घूम रहे हैं। गो माता की रक्षा को लेकर जो संकल्प लिया गया था, उसमें बाधा डालने के लिए कुछ राक्षसी प्रवृत्ति के लोग सामने आ गए हैं।

### कफ सिरप की खरीद- बिक्री के मामले में एक पकड़ा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले की सारनाथ पुलिस ने कोडीनयुक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार के मामले में लिप्त राजा मेडिकल एंड सर्जिकल एजेंसी के संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि प्रयागराज जिले के मुठीगंज निवासी सत्येंद्र कुमार साहू को रविवार रात पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद उसे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार कोडीनयुक्त कफ सिरप के मुख्य सरगना शुभम जायसवाल और शैली ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर भोला जायसवाल के साथ मिलकर सत्येंद्र कुमार साहू यह काला कारोबार चला रहा था। उसने शैली ट्रेडर्स से लगभग 65 लाख रुपये मूल्य की कोडीनयुक्त कफ सिरप की खरीद-फरोख्त की। पीडी फार्मा के माध्यम से उसने इस सिरप की खरीद-बिक्री की।

# दरोगा व सिपाही ने वायुसैनिक को पीटा

कानपुर, वार्ता

■ कानपुर में हवालात में बंद किया, कान परदा फटा

उत्तर प्रदेश में कानपुर के घाटमपुर क्षेत्र में छुट्टी पर घर आए वायु सैनिक के साथ पुलिस द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है।

पुलिसकर्मियों ने वायुसैनिक को हवालात में बंद कर इस कदर पीटा कि उसके कान का पर्दा फट गया जिसका इलाज एयरफोर्स हास्पिटल में चल रहा है। पीड़ित कारपोरल नितिश सचान ने पुलिस उपायुक्त दक्षिण को दिए गए प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया है कि वह जामनगर वायुसेना स्टेशन पर तैनात है और छुट्टी में घाटमपुर जिले में स्थित अपने गांव देवमनपुर आया है। पिछली 19 फरवरी को वह अपने धीरेन्द्र साहू के साथ एक विवाह समारोह से पैदल ही लौट रहा था कि रास्ते में घाटमपुर क्रासिग के पास थाने में तैनात दरोगा रविन्द्र बुंदेला और हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने उन्हे रोका और देर रात सड़क पर होने की वजह पूछी। पीड़ित के अनुसार उसने अपना परिचय दिया और शादी से लौटने की बात की जिस पर दरोगा ने उससे कहा कि फौजी तो चोर होते हैं। विरोध करने और घटना का वीडियो बनाने पर दरोगा भड़क गया और कालर पकड़ कर उसकी पिटाई शुरू कर दी। वायुसैनिक ने बताया कि पुलिसकर्मी उसे पकड़ कर थाने ले आए और हवालात में बंद कर एक के बाद एक 70-75 थप्पड़ मारे, जिससे उसके कान का पर्दा फट गया। अगले दिन 20 फरवरी की शाम हालत बिगड़ने पर उसे छोड़ दिया गया।

### देसी नस्ल की गाय खरीदने पर मिलेंगे 40 हजार रुपये: धर्मपाल

**लखनऊ ।** यूपी के पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्म पाल सिंह ने पशुपालकों के लिए सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित गोधन समागम कार्यक्रम में बड़ी घोषणा की और कहा कि उत्तर प्रदेश में देसी नस्ल की एक गाय खरीदने पर सरकार की तरफ से 40000 और दो गाय खरीदने पर 80000 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे यूपी में दूध का उत्पादन बढ़ेगा और पशुपालक भी आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगे। गोधन समागम-2026 में लगभग 1000 किसान और प्रदेश के सभी जनपदों में मुख्य विकास अधिकारी सभागार में वेब कॉस्टिंग के माध्यम से लाखों किसान व आम लोग यूट्यूब के माध्यम से जुड़े।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 83294.66
निफ्टी 25713



सोना 158428
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 265550
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता

अमेरिका में आयात शुल्क में कमी से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। बीएसई का सेंसेक्स 47995 अंक (0.58 अंक) की बढ़त में 83,294.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 141.75 अंक यानी 0.55 प्रतिशत ऊपर 25,713 अंक पर बंद हुआ।

सार्वजनिक बैंकों, वित्तीय कंपनियों और एफएमसीजी सेक्टर की कंपनियों में ज्यादा लिवाली रही। आईटी, रसायन, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलटी समूहों के सूचकांक टूट गए। मझौली कंपनियों में बिकवाली और छोटी कंपनियों में लिवाली ज्यादा रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.83 प्रतिशत फिसल गया जबकि



स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.29 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पिछले साल विभिन्न देशों पर लगाए गए आयात शुल्क की ऊंची दरों को अवैध बताते हुए उसे रद्द कर दिया था। इसके बाद श्री ट्रम्प ने 20 फरवरी को 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत का समान आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जिसके बारे में व्हाइट हाउस ने आदेश भी जारी कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि नई दर 24 फरवरी से लागू होनी है। हालांकि राष्ट्रपति ने 21 फरवरी को आयात शुल्क 15 प्रतिशत करने की घोषणा की थी, लेकिन इसके बारे में अबतक कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। अमेरिका में आयात शुल्क में कमी की घोषणा से भारतीय शेयर बाजारों में भी निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर लगभग तीन प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.25 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में एक से दो प्रतिशत के बीच बढ़त रही। भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एलएंडटी, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सनफार्मा और मारुति सुजुकी के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंफोसिस में दो प्रतिशत के करीब गिरावट रही। टेक महिंद्रा का शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गया।

### सोना 1.58 लाख पर पहुंचा चांदी 15 हजार महंगी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में सोमवार को तेजी देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 3,362 रुपए बढ़कर 1,58,428 रुपए पहुंच गया है। इससे पहले यह 1,55,066 रुपए पर था। एक किलो चांदी की कीमत भी 15,236 रुपए बढ़कर 2,65,550 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,50,314 रुपए किलो थी। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में सोने-चांदी कीमतें और बढ़ सकती हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 25,000 रुपए और चांदी 35,000 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था। इन्वेस्टमेंट बैंकिंग कंपनी (यूबीएस) के अनुसार सोने की मांग में तेजी बनी हुई है। 2025 में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने 863 टन सोना खरीदा था। अब अनुमान है कि 2026 में यह खरीदारी बढ़कर 950 टन तक पहुंच सकती है। इसके साथ ही गोल्ड ईटीएफ में निवेश भी बढ़कर 825 टन होने की उम्मीद है। यूबीएस को पूरा भरोसा है कि 2026 में सोने की कीमतें और ऊपर जाएंगी।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। वहीं गेहूं के दाम में गिरावट देखी गई। दालों और चीनी की कीमत बढ़ गई जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 81 रुपये बढ़कर 3,846 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं का भाव 32 रुपये घटकर 2,847 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। आटा भी 38 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। चना दाल औसतन 141 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल की कीमत 120 रुपये और मसूर दाल की 116 रुपये बढ़ गई। मूंग दाल 59 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। उड़द दाल की कीमत लगभग स्थिर रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा आठ रिंगिट टूटकर 4,084 रिंगिट प्रति क्विंटल पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.40 प्रतिशत की गिरावट में 59.54 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 148 रुपये और सोया तेल की 115 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। सूरजमुखी तेल में 25 रुपये और सरसों तेल में 17 रुपये की गिरावट रही। मूंगफली तेल 38 रुपये और वनस्पति 29 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 82 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 15 रुपये महंगी हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7770.63 रुपये, मसूर काली 8090.12 रुपये, मूंग दाल 10125.42 रुपये, उड़द दाल 10686.38 रुपये, तुअर दाल 11125.75 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2846.62 रुपये और चावल 3845.72 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3303.78 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4290.57 रुपये और गुड़ 4959.57 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योगी के...**

दिया। पहले एमओयू के तहत यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट निकट 100 एकड़ भूमि पर अंतर्राष्ट्रीय थीम आधारित ग्रुप हाउसिंग टाउनशिप विकसित की जाएगी। इस परियोजना में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है और लगभग 12,000 रोजगार सृजित होने का अनुमान है। परियोजना को वर्ष 2027 में शुरू करने की योजना है।

दूसरे समझौते के अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर 50 एकड़ क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किया जाएगा। 650 करोड़ रुपये के निवेश से प्रस्तावित इस परियोजना से करीब 7,500 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसे भी वर्ष 2027 तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे प्रदेश की औद्योगिक और निर्यात गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है। तीसरे एमओयू के तहत नोएडा/ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 10 एकड़ भूमि पर 40 मेगावाट आईटी पावर क्षमता वाला हाइपरस्केल डेटा सेंटर पार्क स्थापित किया जाएगा। 2,500 करोड़ रुपये के निवेश वाली इस परियोजना से लगभग 1,500 रोजगार सृजित होंगे। इसे वर्ष 2028 में शुरू किए जाने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश को देश के अग्रणी डेटा सेंटर हब तथा औद्योगिक निवेश के प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। सिंगापुर दौरे के पहले दिन हुए ये समझौते प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, शहरी विकास को नई दिशा देने और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माने जा रहे हैं।

**'मोहम्मद दीपक'....**


कोई गलत काम नहीं किया है। राहुल जी ने ये भी कहा कि वे कोटद्वार आकर मुझसे मिलेंगे और मेरे जिम की मेंबरशिप लेंगे। श्री दीपक ने बताया कि श्री गांधी ने उन्हें 10 जनपथ मिलने के लिए बुलाया गले लगाकर उनके साहस की जमकर तारीफ की। कांग्रेस ने भी अपने आधिकारिक एक्स पेज पर उनके गले मिलने की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा दो भाई-मोहब्बत के सिपाही। मोहम्मद दीपक ने एकता, भाईचारे और हिम्मत की वो मिसाल पेश की है, जो देश के हर युवा को अन्याय और नफरत के खिलाफ लड़ने का हौसला देगी। दीपक 'मोहब्बत की दुकान' के योद्धा हैं-पूरे देश को इन पर गर्व है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सोशल मीडिया एक्स पर दीपक से मुलाकात के बाद लिखा कि हर इंसान, एक समान, यही है भारतीयता, यही है मोहब्बत की दुकान। उत्तराखंड के भाई 'मोहम्मद दीपक' से मुलाकात-एकता और साहस की ऐसी ही लौ हर भारतीय युवा में जलनी चाहिए।

# इंडिया गठबंधन में नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं: उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि इंडिया गठबंधन के भीतर नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी के प्रदर्शन की सराहना भी की। अब्दुल्ला वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की उस टिप्पणी पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें सुझाव दिया गया था कि गांधी के बजाय पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में खेलो इंडिया विटर गेम्स के छठे आयोजन की शुरूआत के बाद पत्रकारों से कहा कि इंडिया गठबंधन में अब तक ऐसी कोई बैठक नहीं हुई है, इसलिए मुझे नहीं पता कि इस प्रस्ताव पर कहां चर्चा हो रही है। अय्यर ने अपनी निजी राय दी है। उन्हें अपनी राय देने का अधिकार है। अब्दुल्ला ने कहा कि राय व्यक्त करना लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा है, लेकिन कोई भी अंतिम निर्णय सामूहिक होगा। उन्होंने कहाकि कोई यह नहीं कह सकता कि अय्यर को बोलने का



अधिकार नहीं है। लेकिन अंत में, जब कोई निर्णय लिया जाएगा, तो वह इंडिया गठबंधन का होगा। सभी साथ मिलकर इस पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि गठबंधन की बैठकों के एजेंडे में नेतृत्व कभी शामिल नहीं था। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह बदलाव का समर्थन करते हैं, तो उन्होंने कहा कि अब तक इंडिया गठबंधन की किसी भी बैठक में नेतृत्व के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है। विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी के प्रदर्शन का समर्थन करते हुए अब्दुल्ला ने ऐसी मांगों के आधार पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने में राहुल गांधी में क्या कमी थी? वह ऐसे व्यक्ति हैं जो हमेशा भाजपा को निशाना बनाते हैं। वह हमेशा भाजपा का विरोध करते हैं और हर बात पर सरकार से सवाल पूछते हैं। अब्दुल्ला ने इसे विपक्ष की मौलिक जिम्मेदारी बताते और कहा कि विपक्ष के नेता का यही काम है। आप गांधी से इससे ज्यादा और क्या चाहते हैं? कभी-कभी कांग्रेस चुनावों में सफल नहीं होती है, लेकिन इंडिया गठबंधन का काम सरकार को जवाबदेह ठहराना और भाजपा का विरोध करना है। गांधी इसमें कहां पीछे रहे? मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि शीतकालीन खेलों के लिए देश में गुलमर्ग का कोई मुकाबला नहीं है, लेकिन बदलते मौसम के मिजाज शीतकालीन खेलों और पर्यटन के भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छठी बार गुलमर्ग में खेलो इंडिया विटर गेम्स आयोजित किए जा रहे हैं। यह जानने का एकमात्र तरीका है कि आपको शीतकालीन खेलों के लिए इस देश में इससे बेहतर जगह नहीं मिलेगी, लेकिन यह भी सच है कि मौसम की स्थिति बदल रही है। फरवरी में हम गुलमर्ग में इतनी गर्मी की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। लेकिन यह हकीकत है और हमें इसे स्वीकार करना होगा। अब्दुल्ला ने कहा कि भविष्य की योजना बनाते समय जलवायु की वास्तविकताओं को ध्यान में रखना चाहिए।

### यूपी चुनाव 2027 से पहले 'राम' पार्टी का ऐलान

**वृंदावन।** यूपी के चर्चित अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने वृंदावन से अपनी नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा कर दी है। हुंकार भरते हुए अलंकार अग्निहोत्री ने अपनी पार्टी का नाम राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (आर.ए.एम) का ऐलान किया है। इस दौरान पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह का पोस्टर भी जारी किया गया है। समर्थकों की मौजूदगी में की गई इस घोषणा को आगामी चुनावी समीकरणों से जोड़कर देखा जा रहा है। बता दें कि अलंकार अग्निहोत्री ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और यूजीसी के नए नियम से जुड़े विवाद को लेकर अपने सिटी मजिस्ट्रेट के पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने पूर्व में ही पत्रकारों से चर्चा के दौरान इस बात की घोषणा की थी कि सोमवार को वृंदावन की पावन धरा से नई राजनीतिक पार्टी के नाम का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

## सीएम पुष्कर धामी के मुख्य सचिव को निर्देश

# सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा के लिए बनेगी एसओपी

■ उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारियों ने सीएम आवास में मुख्यमंत्री से की मुलाकात कर्मचारी नेताओं की बातों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से सुना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकारी कार्यालयों और कार्यस्थलों पर अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए मुख्य सचिव को एसओपी बनाने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री धामी से भेंट कर, 21 फरवरी को प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में हुई घटना के साथ ही हाल के समय में अन्य स्थानों पर सरकारी अधिकारी- कर्मचारियों के साथ हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए, ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की।

मुख्यमंत्री ने कर्मचारी नेताओं की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि सरकार कार्मिकों के मान - सम्मान और सुरक्षा को लेकर हमेशा गंभीर रही है।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को फोन कर, अधिकारी, कर्मचारियों और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने डीजीपी को भी निर्देश दिए हैं कि सरकारी कार्यालयों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, साथ ही इस तरह की घटनाओं पर त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाए, उन्होंने एसएसपी देहरादून को भी शिक्षा निदेशालय में हुई घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस मौके पर राज्य औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह पंवार, उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के अध्यक्ष राम सिंह चौहान, महामंत्री मुकेश बहुगुणा एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिले सीएम धामी

■ हरिद्वार महाकुंभ की तैयारियों और नमामि गंगे को लेकर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से शिष्टाचार भेंट कर वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले महाकुंभ की तैयारियों तथा नमामि गंगे से संबंधित परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार कुंभ 2027 के सफल, सुव्यवस्थित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से सतत आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत 408.82 करोड़ की परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जनवरी से अप्रैल 2027 तक आयोजित होने वाले इस महाआयोजन में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है, जिसके दृष्टिगत गंगा की निर्मलता, स्वच्छता एवं अविरलता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए 253 करोड़ के प्रस्तावों की स्वीकृति, जल जीवन मिशन के अंतर्गत अतिरिक्त राशि जारी करने करने के साथ ही इकबालपुर नहर प्रणाली, कनखल एवं जगजीतपुर नहर की क्षमता विस्तार का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे असिंचित भूमि की सिंचाई के लिए 665 क्यूसेक पानी उपलब्ध हो सकेगा। जिससे हरिद्वार जिले के भगवानपुर और लक्सर क्षेत्र को लाभ मिलेगा। परियोजना से लगभग 13 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलने का अनुमान है। साथ ही क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से हरिद्वार कुंभ 2027 को दिव्य, भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया जाएगा तथा गंगा संरक्षण के लक्ष्य को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

## कुंभ मेले की तैयारी को केंद्र ने दिया 500 करोड़ का बजट

■ सीएम ने जताया पीएम मोदी का आभार
■ कहा-मेला 2027 को दिव्य, भव्य और सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी यह धनराशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में प्रस्तावित कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के लिए भारत सरकार द्वारा 500 करोड़ रुपये की धनराशि जारी किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत और सामाजिक समरसता का विश्वविख्यात महापर्व है। केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत यह धनराशि कुंभ मेला 2027 को दिव्य, भव्य और सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, यातायात प्रबंधन, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री ने पूर्व में प्रधानमंत्री से कुंभ में सहायता के लिए अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार निरंतर उत्तराखंड के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। चारधाम परियोजना, ऑल वेदर रोड, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार सहित विभिन्न विकास कार्यों में केंद्र का सहयोग राज्य के लिए संबल सिद्ध हुआ है। कुंभ मेला 2027 के सफल आयोजन के लिए यह सहयोग राज्य सरकार के संकल्प को और मजबूती प्रदान करेगा। धामी ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से कुंभ मेला 2027 ऐतिहासिक, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन के रूप में स्थापित होगा तथा देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित करते हुए दिव्य और भव्य कुंभ मेला 2027 आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# रोपवे परियोजनाओं को गति देने की कवायद तेज

■ प्रदेश की अर्थव्यवस्था व मोबिलिटी के लिए रोपवे परियोजनाएं अहम: सीएस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में उत्तराखंड में रोपवे परियोजनाओं के विकास, क्रियान्वयन, संचालन एवं रखरखाव से संबंधित विभागों, हितधारकों तथा पीपीपी कंपनियों के साथ प्रथम बोर्ड बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न जनपदों में गतिमान एवं प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित जिलाधिकारियों से भी परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। मुख्य सचिव ने रोपवे परियोजनाओं को प्रदेश की अर्थव्यवस्था, पर्यटन, मोबिलिटी एवं समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इनके कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि विजिबिलिटी स्टडी जैसी प्रक्रियाओं को प्रारंभिक चरण में ही हाई पावर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए, जिससे परियोजनाओं के सभी पक्षों पर समय रहते विस्तृत विचार-विमर्श संभव हो सके। साथ ही, रोपवे से संबंधित प्रस्तावों की गहन व त्वरित स्क्रूटनी कर सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि अनावश्यक विलंब से बचा जा सके।इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज पांडेय, धीरज सिंह गर्ब्याल, अपर सचिव अभिषेक रूहेला, एनएच एलएमएल से प्रशांत जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### समन्वय, समयबद्धता और पीपीपी परियोजनाओं पर विशेष जोर

मुख्य सचिव ने पीपीपी मोड पर बनने वाली रोपवे परियोजनाओं के तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुमोदनों सहित सभी औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करने तथा निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। देहरादून-मसूरी रोपवे परियोजना में हो रही देरी पर संज्ञान लेते हुए इसकी प्रगति में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। उन्होंने जिला प्रशासन, सरकारी निर्माण एजेंसियों, लोक निर्माण विभाग, सुरक्षा एजेंसियों (पुलिस) के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर स्थानीय स्तर पर आने वाली चुनौतियों का समाधान करने को कहा। साथ ही, जिन मुद्दों को हाई पावर कमेटी अथवा बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है, उन्हें समय से प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।

## अवैध तमंचे के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

**देहरादून।** राजधानी में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत क्लेमेंटाउन थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पिपलेश्वर मंदिर के पास से एक युवक को अवैध देशी तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त का नाम आकाश सुबा जो क्लेमेंटाउन का ही निवासी है। स्थानीय लोगों ने शिकायत की थी कि अभियुक्त क्षेत्र में तमंचा लहराकर दहशत फैला रहा था और हाल ही में एक झगड़े के दौरान उसने फायर भी किया था। संदिग्ध अवस्था में घूमते समय जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।पुलिस जांच में सामने आया है कि आकाश एक शातिर अपराधी है। वह पहले भी स्नेचिंग (झपटमारी) के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# शिक्षा निदेशालय में हुए बवाल में हिस्ट्रीशीटर समेत 4 गिरफ्तार

■ भाजपा विधायक सहित दोनों पक्षों के कई लोगों के विरुद्ध हुई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी के रायपुर क्षेत्र स्थित प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में हुई तोड़फोड़ और मारपीट के मामले में दून पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक हिस्ट्रीशीटर सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।बीती 21 फरवरी को ननूरखेड़ा स्थित शिक्षा निदेशालय में क्षेत्रीय विधायक उमेश शर्मा काऊ और उनके साथ आए कुछ लोग एक प्रकरण के संबंध में निदेशक से वार्ता कर रहे थे। वार्ता के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि विधायक के साथ आए कुछ व्यक्तियों ने कार्यालय में अराजकता फैला दी। इस दौरान कार्यालय की कुर्सियां और अन्य सामान तोड़ दिया गया, जिसमें कुछ कर्मचारियों को चोटें भी आईं। पुलिस में इस मामले में आरोपी अरविन्द पुण्डीर उर्फ कल्ली निवासीनूनरखेड़ा, रायपुर पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार यह हिस्ट्रीशीटर है सहित लक्ष्मण नवानी निवासी शिवलोक कॉलोनी लाडपुर ,राकेश थपलियाल निवासी तपोवन रोड, लाडपुर व अक्षय राणा निवासी सौंधोवाली, रायपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### दोनों पक्षों की ओर से दर्ज हुए मुकदमे

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। प्रथम पक्ष के निदेशक अजय कुमार नौडियाल की तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इसमें बीएनएस की विभिन्न धाराओं (लोक सेवक के कार्य में बाधा, बलवा, संपत्ति को नुकसान और धमकी) के तहत केस दर्ज हुआ। वही द्वितीय पक्ष विधायक की सुरक्षा में तैनात कांस्टेबल सुशील रमोला की तहरीर पर मारपीट और हमले का मुकदमा दर्ज किया गया है।रायपुर थाना पुलिस ने घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल मुख्य आरोपियों को चिन्हित किया और दबिश देकर चार लोगों को दबोच लिया।

# यूकेडी ने किया पुलिस मुख्यालय का घेराव

■ भाजपा विधायक उमेश शर्मा की तत्काल गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) ने सोमवार को देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय का घेराव कर रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। दल के केंद्रीय महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने 21 फरवरी को प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में हुई मारपीट और तोड़फोड़ की घटना को राज्य में भाजपा सरकार के 'जंगलराज' का प्रमाण बताया। उक्रांद ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर विधायक को गिरफ्तार नहीं किया गया तो पूरे प्रदेश में आंदोलन उग्र रूप धारण करेगा।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विधायक उमेश शर्मा काऊ और उनके समर्थकों ने निदेशक अजय कुमार नौडियाल के कार्यालय में घुसकर दरवाजा बंद कर जानलेवा हमला किया, कुर्सियां फेंकीं, तोड़फोड़ की और कर्मचारियों को चोट पहुंचाई। केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय प्रकाश उपाध्याय ने कहा, यूकेडी हमेशा से राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ खड़ा रहा है। महानगर अध्यक्ष (देहरादून) परवीन चंद रमोला ने वीडियो फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि हमलावर पहले भी अपराधिक घटनाओं में शामिल रहे हैं। उक्रांद ने अपने ज्ञापन में कहा कि विधायक उमेश शर्मा काऊ की तत्काल गिरफ्तारी हो।

# दीपक के जिम की सदस्यता लेंगे राहुल गांधी

■ घबराना नहीं, आपने कोई गलत काम नहीं किया: राहुल ■ सोनिया गांधी की मौजूदगी में कोटद्वार के दीपक से हुई आत्मीय मुलाकात



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**नई दिल्ली/देहरादून।** राजनीति के शोर-शराबे के बीच कभी-कभी कुछ ऐसे क्षण जन्म लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं की गरिमा को पुन: स्थापित कर देते हैं। ऐसा ही एक मार्मिक और प्रेरणादायक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड के कोटद्वार निवासी दीपक कुमार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर आमंत्रित कर आत्मीय मुलाकात की, इस दौरान सोनिया गांधी भी मौजूद रही। यह मुलाकात केवल औपचारिकता नहीं थी, बल्कि संवेदना, विश्वास और साहस का संदेश थी।

उल्लेखनीय है कि विगत 26 जनवरी के दिन बाबा नाम की दुकान पर हुई घटना के बाद दीपक कुमार दुनिया भर में मानवीयता और इंसानियत के प्रतीक रूप में विख्यात हो गये। दीपक कुमार, जिन्हें उनके 'मोहब्बत के दीपक' कहा जाने लगा है, हाल के दिनों में चर्चा में रहे। दीपक कुमार ने बताया कि उनसे मिलते हुए राहुल गांधी ने स्नेहपूर्ण शब्दों में कहा, मैं कोटद्वार आकर आपके जिम की सदस्यता लूंगा। घबराना नहीं है, आपने कोई गलत काम नहीं किया। उन्होने बताया कि राहुल गांधी ने मुझे बुलाया था, घर वालों से भी बात की है। एक सवाल के जवाब में दीपक ने कहा कि अब कोई धमकी नहीं मिल रही। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संचार विभाग के सचिव वैभव वालिया के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल राहुल गांधी से मिला। इस अवसर पर वैभव वालिया ने कहा कि भारतीय राजनीति में संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों का यह दृश्य प्रेरणादायक है। दीपक जैसे युवाओं को सम्मानित करना दरअसल समाज में करुणा और सेवा-भाव का सम्मान करना है। मुलाकात के दौरान विजय रावत, अमित राज, संजय मित्तल, नीरज बहुगुणा और वसीम अहमद भी उपस्थित रहे। साथ ही कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी से भी दीपक ने भेंट की। इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा,

"उत्तराखंड के कोटद्वार के 'मोहब्बत के दीपक' का सम्मान होना चाहिए। नफरत के खिलाफ खड़े होने वाले दीपक जैसे नौजवान ही भारत का उज्ज्वल भविष्य हैं।"

## राहुल-दीपक मुलाकात देवभूमि में कांग्रेस की तुष्टिकरण की रणनीति: चमोली

■ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने मुलाकात के महिमा मंडन पर कसा तंज

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने तथाकथित मोहम्मद दीपक व राहुल गांधी मुलाकात के महिमामंडन पर कटाक्ष करते हुए इसे कांग्रेस के तुष्टिकरण की रणनीति बताया है।

भाजपा के वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता विनोद चमोली ने तंज कसते हुए कहा की जो दीपक से मुहम्मद दीपक बन जाएगा वो कांग्रेस के लिए पूजनीय है। प्रदेश की जनता ऐसी कालनेमि प्रवृति और उसे बढ़ावा देने वालों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने ऐसी प्रवृत्ति को देवभूमि की डेमोग्राफी और शांति व्यवस्था के लिए खतरनाक बताया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जिन राहुल गांधी को मिलने के लिए कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता लाइन में लगे रहते हैं। सालों साल इंतजार करते हैं और कुछ तो पार्टी भी छोड़ जाते हैं। ऐसे में उन्हीं राहुल गांधी का अल्पकाल की चर्चा के बाद ही आज मोहम्मद दीपक से गले मिलना और उसे बढ़ाचढ़ा कर पेश किया जाना, कहीं ना कहीं उत्तराखंड में तुष्टिकरण को बढ़ावा देने वाला काम है। क्योंकि उनका संदेश स्पष्ट है, जो दीपक से मुहम्मद बनेगा वो उनके लिए हीरो है। पहले ही जिस तरीके से यहां डेमोक्रेसी बदल रही है, वह प्रदेश की चिंता का विषय बना हुआ है। कांग्रेस के दिल्ली में बैठे बड़े बड़े नेताओं का कोटद्वार के प्रकरण में जिस तरह गैरजरूरी टिप्पणियां और सक्रियता दिखाई गई है वह साफ इशारा है कि कांग्रेस यहां की डेमोग्राफी बिगड़ने के प्रयास में लगी है।

## सौंग और जमरानी बांध परियोजनाओं पर तेजी से हो रहा कार्य

# 11 लाख लोगों को मिलेगा रोज 150 एमएलडी पानी

■ यह परियोजना राजधानी की पेयजल समस्या के समाधान के लिये महत्वपूर्ण कदम



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार की महत्वाकांक्षी सिंचाई एवं पेयजल परियोजनाओं को लेकर प्रदेश के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने बड़ा अपडेट दिया है। विभागीय समीक्षा बैठक के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में मंत्री ने कहा कि राज्य में जल प्रबंधन को मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है और कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रगति पर हैं। मंत्री ने बताया कि देहरादून स्थित सौंग बांध परियोजना, जिसकी कुल लागत 2069.64 करोड़ रुपये है, पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। अब तक निर्माण कार्य के लिए 274.20 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर देहरादून शहर की लगभग 11 लाख आबादी को प्रतिदिन 150 एमएलडी पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राजधानी की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने कहा कि सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए स्प्रिंकलर, ड्रिप और रेन गन जैसी आधुनिक तकनीकों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे कम पानी में अधिक सिंचाई संभव हो सके।**जमरानी बांध पर 989 करोड़ के कार्य पूरे:** मंत्री ने बताया कि 3678.23 करोड़ रुपये की लागत से बन रही जमरानी बांध परियोजना का कार्य भी प्रगति पर है। अब तक 989.96 करोड़ रुपये के कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। यह परियोजना सिंचाई और पेयजल दोनों दृष्टि से प्रदेश के लिए बेहद अहम मानी जा रही है। सतपाल महाराज ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सिंचाई विभाग को 242 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

### लघु सिंचाई और पीएम कुसुम योजना को बढ़ावा

लघु सिंचाई के तहत राज्य में छोटे चेक डैम, तालाब और रिचार्ज शाफ्ट बनाए जा रहे हैं। पीएम कुसुम योजना के तहत डीजल पंपों को सोलर पंप में परिवर्तित करने का कार्य तेजी से जारी है। अब तक 2139 डीजल पंप सेट को सोलर पंप सेट में बदला जा चुका है, जबकि 40 और पंपों को सोलर में परिवर्तित किया जा रहा है। वहीं, नाबार्ड वित्त पोषित योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 89.47 करोड़ रुपये की नई योजनाओं को स्वीकृति मिली है। इस राशि से 415 चेक डैम, 43 सोलर पंप सेट, 1,49,103 पाइप, 59 हौज और 9.32 किमी गूल निर्माण का प्रस्ताव है।

**449 करोड़ से नहरां-नलकूपों का जीर्णोद्धार:** मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 449.25 करोड़ रुपये की लागत से नहरों और नलकूपों के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। साथ ही जल संचयन, संवर्धन और जलाशयों के निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके।

### जोशी ने किया निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को पुरूकुल गांव में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के अवस्थापना मद से स्वीकृत लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के अंतिम चरण के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने भवन की संरचना, गुणवत्ता, विद्युत व्यवस्था, पेयजल सुविधा, शौचालय निर्माण, पार्किंग स्थल तथा आंतरिक साज-सज्जा के कार्यों की विस्तार से जानकारी ली।



# डीएम ने सुनी जनता की फरियाद, निस्तारण के निर्देश

■ जमीन पर कब्जे, राशन बिल भुगतान व बिजली बिल के मामले छाए, एसएसपी को कार्रवाई के निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिला मुख्यालय स्थित जिला सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जन सुनवाई कार्यक्रम में दूर-दराज के क्षेत्रों से आए जनपदवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पेयजल, ग्राम पंचायत, विद्युत, और वन विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित कुल 50 शिकायतें और आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन और जन समर्पण पोर्टल पर दर्ज लंबित शिकायतों की भी विभागवार गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का एक निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और जिन प्रकरणों का समाधान हो चुका है, उन्हें बिना किसी देरी के तत्काल प्रभाव से पोर्टल पर अपडेट किया जाए।जनता दरबार में कई अहम और गंभीर मामले भी सामने आए। तहसील टिहरी के ग्राम सौड़, जड़ीपानी (ठांगधार) निवासी राजपाल चन्द रमोला और विजयपाल चन्द रमोला ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि उनके स्वर्गीय पिता द्वारा 10 अक्टूबर 2018 से 31 जनवरी 2026 तक अपनी भूमि प्रतीक कालिया (द्वितीय पक्ष) को कैंपिंग एवं कॉटेज व्यवसाय के लिए किराए के इकरारनामे पर दी गई थी। अब इकरारनामे की अवधि पूर्ण होने के बावजूद द्वितीय पक्ष द्वारा उनकी भूमि खाली नहीं की जा रही है। इस गंभीर प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए। वहीं, जौनपुर के पूर्व मंडल महामंत्री जयपाल सिंह कैरवाण ने ग्राम पंचायत कांडाजाख स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय (हाई स्कूल) के जंगल के समीप होने के कारण वहां जंगली जानवरों के खतरे का मुद्दा उठाया। उन्होंने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए अनटाइड फंड से बाउंड्री वॉल निर्माण की स्वीकृति मांगी, जिस पर डीएम ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।सुरेन्द्र दत्त सूरी ने अगस्त 2025 में वितरित किए गए 50 राशन पैकेटों की धनराशि के लंबित भुगतान की मांग उठाई, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। वहीं, गम्भीर सिंह पंवार ने पुनर्वास स्थल पथरी भाग-3 पश्चिम, हरिद्वार में आवंटित कृषि भूखंड के कृषि योग्य न होने की शिकायत करते हुए उसे पथरी भाग-3 पूर्व में परिवर्तित करने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। सज्जन सिंह की शिकायत कि उनके घरेलू विद्युत कनेक्शन को विभाग द्वारा व्यावसायिक दर्शाकर अत्यधिक बिजली का बिल भेजा जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को तत्काल मामले की जांच कर राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, उपजिलाधिकारी टिहरी स्नेहिल कुंवर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम विजय और जिला विकास अधिकारी मो. असलम सहित जिले के तमाम आला अधिकारी उपस्थित रहे।

# टिहरी में खिलाड़ियों के साथ हुई मारपीट पर फूटा गुस्सा

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के टिहरी बादशाहीथौल में आयोजित हुई अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में खिलाड़ी के साथ टिहरी में मारपीट किए जाने का आरोप सामने आया है। इसकी खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने टिहरी गए खिलाड़ियों ने छात्र नेताओं को अपनी आप बीती सुनाई। खिलाड़ियों का आरोप है कि उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की गई है।



जिससे आक्रोशित छात्रों ने कुल. पति सचिवालय पहुंचकर हगांमा काटा। इस दौरान छात्र संघ अध्यक्ष महिपाल बिष्ट, उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल, सचिव अनुरोध पुरोहित, छात्र नेता वीरेंद्र बिष्ट, हिमांशु भंडारी ने कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इस तरह की घटनाएं बर्दाशत नहीं की जाएंगी। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो छात्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर उन्होने कुलपति से कुलपति से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कहा कि यदि जल्द से आरो. पियों पर कार्यवाही नहीं होती है तो वह आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने प्रकरण की पूरी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। जिसपर छात्र का आक्रोश शांत हुआ। वहीं गढ़वाल विवि के खेल निदेशक डॉ. जेपी मेहता ने पूरी मामले में कमेटी गठित कर दी है। कमेटी जल्द ही पूरी मामले की रिपोर्ट पेश करेंगी। इस मौके पर मुख्य नियंता प्रो. दीपक कुमार, खेल निदेशक डॉ. जेपी मेहता, उप खेल निदेशक डॉ. मोहित बिष्ट सहित आदि मौजूद थे।

# जल जीवन मिशन वन भूमि हस्तांतरण में लाएं तेजी: डीएम



**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जल जीवन मिशन की बैठक में आवश्यक वन भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया है।

सोमवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत पेयजल योजनाओं के लिए आवश्यक वन भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन भूमि हस्तांतरण के सभी लंबित प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए और पेयजल योजनाओं का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे आपसी समन्वय स्थापित कर वन भूमि हस्तांतरण से संबंधित सभी औपचारिकताएं शीघ्रता से पूर्ण करें अगर वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो उसे जिलाधिकारी को अवगत कराए जिससे उसके समाधान के लिए आवश्यक कारवाही की जा सके और जल जीवन मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके तथा प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।बैठक में डीएफओ डीपी बलूनी,रवींद्र पुंडीर, एसई लोनिवि विजय कुमार उपस्थित रहे तथा अन्य संबंधित अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

# नशे के खिलाफ उत्तरकाशी पुलिस की कार्रवाई जारी

**उत्तरकाशी:** कोतवाली पुलिस बड़कोट में अवैध नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुये एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली बडकोट पुलिस टीम ने एक सटीक जानकारी जुटाते हुये कल रविवार देर सांय को चौकिंग के दौरान यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग, पालीगाड के समीप एक महिला उमा देवी(56 वर्ष) को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया, अभियुक्ता के कब्जे से 709 ग्राम चरस बरामद की गयी है। महिला चरस को आटे के कट्टे में छिपाकर ला रही थी।गिरफ्तारी तथा बरामदगी के आधार पर अभियुक्ता के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुक. दमा दर्ज किया गया है की।इधर बरामदगी करने वाली पुलिस टीम की सराहना करते हुये पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती कमलेश उपाध्याय ने टीम को 2500 रु0 का नकद पारितोषिक देने की घोषणा की गयी है।

# उत्तरकाशी में शिक्षक और कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार



शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी:** उत्तराँचल एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोशियेशन उत्तराखण्ड् देहरादून के आह्वान पर जिले में शिक्षक कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठे रहे ।सोमवार को उत्तरकशी में उत्तरांचल एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफीसर एसोशिएशन उत्तरकशी शाखा ने भी प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौडियाल पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में मुख्य शिक्षा कार्यालय में धरना देकर कार्य बहिष्कार किया है।

बता दें कि रविवार को नानूरखेड़ा शिक्षा निदेशालय में शिक्षक संगठनों की संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 एवं 24 फरवरी दो दिन सभी सभी शिक्षक और कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में हस्ताक्षर के पश्चात कार्य बहिष्कार निर्णय लिया गया था। उत्तरकाशी जिले के सभी खंड शिक्षा कार्यालयों में भी कार्य बहिष्कार किया गया है।

इस अवसर पर अमित कोटियाल ,मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तरकाशी, डायट बड़कोट प्राचार्य संजीव जोशी, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी समग्र शिक्षा ,जय प्रकाश गौड़,अध्यक्ष उ०ए०मि०ऑ०एसो० उत्तरकाशी, सचिव यशपाल सिंह बिष्ट,गंगेश्वर परमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन, खंड शिक्षा अधिकारी हर्षा रावत, अखलेशा नंद भट्ट समेत भारी संख्या में धरने पर बैठे थे।

## एक नजर .......

### योजना के विरोध में कांग्रेसियों ने की बैठक

**उत्तरकाशी:** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उत्तराखण्ड के आह्वान पर अग्निवीर योजना के विरोध में कांग्रेस कार्यालय, उत्तरकाशी गहन चर्चा कर चिंता व्यक्त की गई है। बैठक में अग्निवीर योजना के संभावित नुकसान, केंद्र सरकार द्वारा रक्षा में कटौती तथा सेना में प्रतिवर्ष लगभग 33,000 सिपाहियों की कमी जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह भी कहा गया कि आने वाले समय में कांग्रेस सरकार बनने पर पूर्व की भांति नियमित भर्ती प्रक्रिया पुन: प्रारंभ की जाएगी तथा अग्निवीर जैसी योजना को समाप्त किया जाएगा। साथ ही पूर्व सैनिकों को मिलने वाली सुविधाएँ भी पूर्ववत सुचारू रूप से जारी रखी जाएँगी।
इस दौरान प्रदेश के वरिष्ठ नेता कर्नल राम रतन नेगी (अ.प्र.) के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी, उत्तरकाशी के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह रावत, कमल सिंह रावत जी संयोजक सेवादल उत्तरकाशी), विजय सेमवाल सूर्यबल्लभ नौटियाल जी, सुधीश पवाँर विजेंद्र नौटियाल, अनवीर पंवार, श्रीमती पवित्रा राणा , श्रीमती कविता जोगेला (पूर्व सभासद), श्रीमती मधु रावत, भगवान चंद्र शाह, मनोज राही आदि युवा साथी उपस्थित रहे।

### अभद्रता मामले में कीर्तिनगर में कर्मचारी ने किया कार्यबहिष्कार

**श्रीनगर।** एजुकेशनल मिनिस्टर ऑफिसर एसोसिएशन उत्तराखंड के आह्वान पर देहरादून में माध्यमिक शिक्षा निदेशक के साथ हुई अभरता पर कीर्तिनगर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी सोमवार को कार्यबहिष्कार पर रहे। इस अवसर पर कर्मचारियों ने अपनी बाहों में काली पट्टी पहनकर विरोध दर्ज किया गया एवं सरकार एवं शासन के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। शिक्षा निदेशक अजय नौडियाल के ऊपर हुए हमले को देखते हुए पुरे प्रदेश के संगठनों ने निर्णय लिया कि 23 और 24 फरवरी को कार्यालय में कार्य बहिष्कार किया जाएगा। मौके पर कर्मचारियों ने कहा कि यदि जल्द दोषियों पर कार्यवाही नहीं की जाती है तो शिक्षक बोर्ड परीक्षाओं का बहिष्कार कर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल टिहरी के उपाध्यक्ष राजीव उनियाल ने कहा जब विभाग के शीर्ष पद के अधिकारी सुरक्षित नहीं है तो छोटा कर्मचारी कहां सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर संरक्षक सतीश बलूनी ने कहा कि इस प्रकार की तानाशाही जो सरकार कर रही है, इसके परिणाम उनको भुगतने होंगे। मौके पर संगठन के संरक्षक सुन्दर लाल आर्य, अनिल रतूड़ी, अंकित रावत, कमलेश थपलियाल, संजय पाण्डेय, नीमा पूरी, रोशनी देवी, दिनेश मंन्द्रवाल, चंद्रशेखर मेवाड़, चंद्र मोहन मेवाड़, विजय रावत, बिजेंद्र, सुरेंद्र मियां, आदित्य बंगारी सहित आदि मौजूद थें।

### दुनाव में बहुउद्देश्यीय शिविर सम्पन्न

**कोटद्वार ।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को विकासखंड बीरोंखाल की न्याय पंचायत दुनाव के अंतर्गत पंचायत भवन तैली पखोली में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी बीरोंखाल कृष्णा त्रिपाठी ने की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन पर जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत आयोजित शिविर में ग्रामीणों ने 33 शिकायतें दर्ज कीं, जिनमें से 07 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से 226 लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया जबकि 01 ग्रामीणों का प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु आवेदन पत्र भरवाया गया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि शिविरों के माध्यम से विभाग जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं तथा विभागीय स्टॉलों के जरिए लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया जा रहा है।

# पुलिसिंग को और बेहतर बनाने पर रहेगा जोर:एसपी

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोपेश्वर।** चमोली के पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने कोतवाली गोपेश्वर का निरीक्षण करते हुए जवानों की शस्त्र दक्षता को जांचा। इस दौरान पुलिसिंग को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने कोतवाली परिसर, थाना कार्यालय, मालखाना, बैरक, भोजनालय तथा हवालात की साफ सफाई और रख रखाव पर बल देते हुए पुलिसिंग को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों और रिजस्टरों का अवलोकन करते हुए उन्होंने जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच चुके पुराने रजिस्टरों के संरक्षण और अभिलेखीकरण को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। त्योहार रजिस्टर समेत अन्य महत्वपूर्ण पत्रावलियों को अपडेट करने को कहा।



इस दौरान एसपी ने कोतवाली में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को आर्मस एम्युनेशन ड्रिल करवाई। इसके तहत शस्त्रों को खोलने-जोड़ने और उनके सही रख रखाव का प्रशिक्षण दिया गया। शस्त्रों के बेहतर हैडलिंग के लिए हेड कांस्टेबल विक्रम को पुरस्कृत किया गया। सभी पुलिस कर्मियों को शस्त्रों की बेसिक जानकारी रखने का पाठ भी पढ़ाया गया।एसपी पंवार ने चमोली जिले की संवेदनशीलता को देखते हुए आपदा उपकरणों के निरीक्षण पर विशेष ध्यान दिया। कहा कि प्रत्येक पुलिस कर्मी को आपदा उपकरणों के संच. ालन की व्यवहारिक जानकारी होनी जरूरी है। इससे आपात स्थिति में पुलिस फर्स्ट रिस्पॉन्डर की भूमिका प्रभावी ढंग से निभा सकेगी। ऑनलाइन पोर्टलों पर आने वाली शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर भी बल दिया गया। महिला हेल्प डेस्क और बाल थाने की पत्रावलियों का अवलोकन करते हुए एसपी ने महिलाओं और बच्चों से संबंधित शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए।इस मौके पर चमोली पुलिस उपाधीक्षक मदन सिंह बिष्ट, प्रभारी निरीक्षक नरेश राठौड आदि मौजूद रहे।

# केदारनाथ हाईवे के तिलवाड़ा में डीएम का सख्त एक्शन

शाह टाइम्स संवददाता

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ धाम यात्रा 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने अब पूरी तरह एक्शन मोड अपना लिया है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने तिलवाड़ा बाजार में राष्ट्रीय राजमार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर साफ संदेश दे दिया कि "अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा।"



निरीक्षण के दौरान डीएम ने एनएच पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य, अधिग्रहित भूमि की स्थिति और सड़क पर पड़े मलवे का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन भू-स्वामियों को मुआवजा दिया जा चुका है, वे तत्काल प्रभाव से अधिग्रहित भूमि खाली करें। ध्वस्त भवनों का मलवा सड़क किनारे पड़ा मिला तो संबंधितों को कड़ी चेतावनी देते हुए उसे तुरंत हटाने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने दो टूक कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान तिलवाड़ा बाजार में जाम की पुनरावृत्ति नहीं होने दी जाएगी। सड़क पर पड़ा मलवा और अवैध कब्जे ही जाम की मुख्य वजह हैं। यदि समय रहते इन्हें नहीं हटाया गया तो प्रशासन सख्त कानूनी कार्रवाई करेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सड़क की चौड़ाई बढ़ाने और पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए तेजी से काम पूरा किया जाए। खाली कराई गई भूमि का उपयोग यात्रियों के लिए पार्किंग, विश्राम बेंच और अन्य जनसुविधाओं के विकास में किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार अपनी दुकान की निर्धारित सीमा से बाहर एनएच की भूमि पर सामान रखता पाया गया, तो नगर पंचायत के माध्यम से तुरंत चालानी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि व्यापारिक गतिविधियों के नाम पर सड़क घेरने की प्रवृत्ति अब नहीं चलेगी।

# दुर्मीताल शिव कुपानी फाइनल मैच गाड़ी एलेवन ने जीता

**निजमुला/चमोली।** दुर्मीताल खेल मैदान में ग्राम सभा दुर्मी के तत्वाधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 का रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मैच में गाड़ी एलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्ले बाजी करने का निर्णय लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए 133 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुई दुर्मी टीम ने 127 रन बनाकर गाड़ी एलेवन ने 17 ओवर में दुर्मी की टीम को आल आउट कर खिताब अपने नाम किया। गाड़ी एलेवन टीम के अमन गाड़िया मैन ऑफ द मैच रहे।जबकि दुर्मी टीम के लक्ष्मण खाती में मेन ऑफ द सीरीज रहे।
क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का फाइनल मुकाबला बड़े उत्साह और जोश के साथ सम्पन्न हुआ। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गाड़ी एलेवन और दुर्मी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया, टूर्नामेंट का आयोजन शिव कुपानी क्लब द्वारा भव्य स्तर पर किया गया।

# राहुल गांधी से मिले कोटद्वार निवासी मौहम्मद दीपक उर्फ दीपक कुमार

■ राहुल गांधी ने दीपक का बताया था देश का हीरो

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार ।** कोटद्वार में बाबा ड्रेस विवाद से सुर्खियों में आये जिम संचालक दीपक कुमार उर्फ मोहम्मद दीपक से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मुलाकात की है। हाल में वायरल हुए एक वीडियो के बाद सोशल मीडिया पर राहुल गांधी ने मोहम्मद दीपक को भारत का हीरो बताया था।

उन्होंने एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि उत्तराखण्ड के दीपक भारत के हीरो हैं। दीपक संविधान और इंसा. नियत के लिए लड़ रहे हैं। अब राहुल गांधी ने दीपक से मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए लिखा है कि उत्तराखण्ड के भाई 'मोहम्मद दीपक' से मुलाकात एकता और



साहस की ऐसी ही लौ हर भारतीय युवा में जलनी चाहिए। हर इंसान, एक समान। यही है भारतीयता, यही है मोहब्बत की दुकान।

बता दें, 26 जनवरी को कोटद्वार के एक बाजार क्षेत्र में हुई बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। एक बुजुर्ग मुस्लिम दुकानदार पर दुकान के नाम से 'बाबा' शब्द हटाने का दबाव बनाया जा रहा था। इसी दौरान दीपक ने कथित तौर पर विरोध दर्ज कराया।

बहस के बीच जब उनसे नाम पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरा नाम मोहम्मद दीपक है। वीडियो सामने आने के बाद यह बयान तेजी से फैल गया। कुछ लोगों ने इसे सामा. जिक सौहार्द का संदेश बताया, जबकि कुछ संगठनों ने आपत्ति जताई। देखते ही देखते दीपक स्थानीय स्तर से राष्ट्रीय चर्चा का हिस्सा बन गए।

# विराट हिन्दू सम्मेलन' में गूंजा सनातन का उद्घोष

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** पुराने राजकीय जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में आयोजित 'विराट हिन्दू सम्मेलन' ने क्षेत्र में नई सांस्कृतिक अलख जगा दी है। कलश यात्रा और देवी-देवताओं के जयकारों के साथ शुरू हुए इस महाकुंभ में हजारों की संख्या में पहुंचे स्थानीय निवासियों ने सनातन धर्म और अपनी परंपराओं के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। सम्मेलन में मुख्य रूप से 'रोटी, बेटी और चोटी' की रक्षा को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया गया।



नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रसिद्ध कथावाचक राधिका जोशी ने 'पंच परिवर्तन' का आह्वान किया। उन्होंने स्वदेशी अपनाने, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों पर जोर देते हुए कहा कि "यदि मातृशक्ति जागृत हो जाए, तो संस्कृति को कोई आंच नहीं आ सकती।" उन्होंने महिलाओं से अपनी विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुचाने की अपील की।

कोटेश्वर मंदिर के महंत शिवानंद गिरी महाराज ने हिंदू समाज को जागृत होने का कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति की चकाचौंध में हम अपने गौरवशाली 16 संस्कारों को भूलते जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदू सम्मेलनों का उद्देश्य केवल एकजुटता नहीं, बल्कि उन महापुरुषों से प्रेरणा लेना है जिन्होंने धर्म के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

आरएसएस के विभाग प्रचारक मनोज ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा और संघर्ष साझा किए। उन्होंने महाराणा प्रताप, गुरु गोविंद सिंह और वीर शिवाजी के उदाहरण देते हुए जनसमूह में जोश भर दिया। कार्यक्रम संयोजक जयवर्धन काण्डपाल ने सभी आगंतुकों और मंदिर समितियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विधायक आशा नौटियाल, भजन सिंह खत्री, तेजपाल सिंह, पंकज, ललिता पुरोहित सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शराब बंदी के लिए 'क्यूड़ी की महिलाएं सम्मानित

रुद्रप्रयाग। कार्यक्रम के दौरान सामा. जिक कुरीतियों पर प्रहार करने वाली महिला मंगल दल क्यूड़ी मलांस की महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। शराब बंदी के विरुद्ध उनके साहस को पूरे क्षेत्र के लिए एक मिसाल बताया।

# जमशेदपुर गैंग ने दून में रची थी विक्रम हत्याकांड की साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी के पॉश इलाके डालनवाला स्थित सिल्वरसिटी मॉल के बाहर हुए बहुचर्चित विक्रम शर्मा हत्याकांड की गुत्थी को एसटीएफ उत्तराखंड और देहरादून पुलिस ने सुलझा लिया है। एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अलग-अलग राज्यों में दबिश देकर साजिश में शामिल दो मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जांच में सामने आया कि झारखंड के कुख्यात अपराधी विक्रम शर्मा की हत्या के पीछे जमशेदपुर के एक संगठित गिरोह का हाथ था, जो वर्चस्व और रंगदारी के विवाद के चलते महीनों से विक्रम की जान के पीछे पड़ा था। सोमवार को एसटीएफ एवं पुलिस की संयुक्त

■ सिल्वरसिटी मॉल हत्याकांड का पर्दाफाश
■ एसटीएफ और दून पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन मे दो आरोपी गिरफ्तार

प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी अक्षत ठाकुर निवासी नोएडा ने हत्या के बाद शूटर्स को पनाह दी और गाड़ी ठिकाने लगाने में मदद की। वही राजकुमार निवासी जमशेदपुर साजिश में प्रयुक्त स्कार्पियो और फंडिंग से जुड़ा मुख्य कड़ी था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा।वहीं अन्य 6आरोपियों के



विरुद्ध पुलिस की धर पकड़ जारी है। बताया गया है कि इस हत्याकांड में फरार आरोपियों पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 25 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल (सहस्त्रधारा रोड से) और फरार होने में इस्तेमाल की गई काले रंग की स्कार्पियो (ग्रेटर नोएडा से) बरामद कर ली है। एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने बताया कि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

**हत्याकांड से पहले जिम में की गई रेकी:** पुरानी रंजिश और वर्चस्व के चलते विक्रम शर्मा का झारखंड में आपराधिक इतिहास था। जेल में हुए विवाद और रेलवे फूड कॉन्ट्रैक्ट में रंगदारी को लेकर आरोपी आशुतोष और यशराज उससे रंजिश रखते थे। मुख्य शूटरों के साथी अंकित वर्मा ने तीन महीने पहले वही जिम ज्वाइन किया जहां विक्रम जाता था। घटना के दिन अंकित ने ही फोन कर विक्रम की लोकेशन शूटर्स को दी।आरोपी पहले जमशेदपुर और नोएडा में भी विक्रम को मारना चाहते थे, लेकिन सुरक्षा और भारी भीड़ के कारण वे सफल नहीं हो पाए।हत्याकांड के बाद भागने के लिए आरोपियों ने हरिद्वार से फर्जी आईडी पर स्कूटी और बाइक किराए पर ली थी, जिसे बाद में वहीं छोड़कर स्कार्पियो से फरार हो गए।

## एसएसपी डोभाल की रणनीति आई काम

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने तत्काल विशेष टीमों का गठन किया था। उनके निर्देशों पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के जाल और सर्विलांस की मदद से आरोपियों का पीछा किया। एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने फरार 6 अभियुक्तों आशुतोष सिंह (मुख्य साजिशकर्ता), विशाल सिंह (शूटर),अंकित वर्मा (रेकी करने वाला),आकाश कुमार प्रसाद, यशराज और जितेंद्र कुमार साहु पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित करते हुए स्पष्ट किया है कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।

# काऊ के करीबी रहे हरक ने उठाई गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौडियाल के साथ कथित मारपीट का मामला अब सियासी संग्राम का रूप ले चुका है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों और वीडियो ने इस प्रकरण को और गंभीर बना दिया है, जिससे सरकार, संगठन और प्रशासन सभी पर जवाब देने का दबाव बढ़ गया है। हालांकि पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, मगर फिर भी सियासी बवाल जारी है।

घटना को लेकर आरोप भाजपा विधायक उमेश शर्मा काऊ पर लगाए जा रहे हैं। विपक्षी दल कांग्रेस ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए विधायक की तत्काल गिरफ्तारी की

■ निदेशक से मारपीट प्रकरण पर सियासत हुई तेज ■ चार की गिरफ्तारी के बाद भी गर्माया हुआ है मुद्दा

बात कही है।

इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरक सिंह रावत खुलकर सामने आए हैं। कभी भाजपा में रहते हुए उमेश शर्मा काऊ के करीबी रहे हरक सिंह रावत ने न सिर्फ गिरफ्तारी की मांग की, बल्कि विधायक के पूर्व आचरण पर भी सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि जब वे भाजपा सरकार में मंत्री थे, तब भी उमेश शर्मा अधिकारियों पर नाराज होकर मर्यादा लांघ जाते थे और कई बार उन्हें स्वयं हस्तक्षेप कर स्थिति संभालनी पड़ती थी।

# पंप पर विवाद के बाद आग लगाने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी के शिमला बाईपास रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर डीजल के पैसों को लेकर हुए विवाद के बाद सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने की कोशिश की गई। आरोपियों ने न केवल पंप कर्मियों को जान से मारने की धमकी दी, बल्कि पेट्रोल पंप में आग लगाने का भी प्रयास किया।

कोतवाली पटेलनगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना में शामिल एक मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार, घटना 17 फरवरी 2026 की है। पंडितवाड़ी निवासी राजेश अग्रवाल के राजेश फ्यूल पेट्रोल पंप पर एक डम्पर में सवार तीन युवक डीजल भरवाने

■ पुलिस ने एक को दबोचा

पहुंचे थे। पैसे के भुगतान को लेकर उनका पंप कर्मियों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि उनके कुछ और साथी मोटरसाइकिल से वहां पहुंच गए। आरोप है कि इन युवकों ने पंप पर आग लगाने की कोशिश की और कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देकर दहशत फैला दी। एसएसपी के निर्देश पर गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की।पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान 22 फरवरी को मोहिनी रोड (रिस्पना नदी के पास) से अभियुक्त अनस निवासी परवल गांव को गिरफ्तार किया।

# मसूरी के खिलाड़ियों को जल्द मिलेगी स्टेडियम की सौगात: जोशी

■ भिलाड़ू स्टेडियम निर्माण को लेकर जोशी ने की समीक्षा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के भिलाड़ू में प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण को लेकर खेल विभाग, वन विभाग एवं पेयजल निगम के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि मसूरी के भिलाड़ू क्षेत्र में



स्थानीय जनता लंबे समय से स्टेडियम की मांग कर रही है। उन्होंने बताया कि स्टेडियम के लिए प्रस्तावित एक्सटेंशन मार्ग की चिह्नित भूमि वन भूमि होने के कारण वन विभाग द्वारा समय-समय पर आपत्तियां लगाई जाती रही हैं, जिससे भूमि कार्यदायी संस्था पेयजल निगम को हस्तांतरित नहीं हो पा रही थी और निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने बैठक में वन विभाग के अधिकारियों से भूमि हस्तांतरण की प्रगति की जानकारी ली गई। भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही नोडल अधिकारी स्तर तक पूर्ण हो चुकी है और अब पत्रावली शासन स्तर पर भेजी जानी है।

मंत्री जोशी ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी दो माह के भीतर भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी, जिससे स्थानीय बच्चों और खिलाड़ियों को क्षेत्र में ही स्टेडियम की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने मोटीधारखमसरना मोटर मार्ग के लिए शीघ्र वन स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही मसूरी में प्रस्तावित हैलीपैड निर्माण के संबंध में भी अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। बैठक में नगर पालिका परिषद मसूरी की अध्यक्ष मीरा सकलानी, निदेशक खेल आशीष चौहान, डीएफओ मसूरी वन प्रभाग अमित कंवर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### जुगरान ने उत्तराखंड राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की शीघ्र स्थापना को लेकर चल रहे धरने को दिया समर्थन




**देहरादून।** उत्तराखण्ड राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की शीघ्र स्थापना को लेकर देहरादून के रानीपोखरी लिस्टराबाद में विगत 06 दिन से चल रहे धरना-प्रदर्शन को समर्थन सहयोग देने के लिए भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने शिरकत की। रवीन्द्र जुगरान ने बताया कि वर्ष 2011 में उत्तराखण्ड राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का अधिनियम पारित हुआ, उसके बाद वर्ष 2018 में संशोधित अधिनियम पारित हुआ। इसके बाद मार्च 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने भूमि पूजन किया ।उस समय तत्कालीन शिक्षा मंत्री डा० धन सिंह रावत व तकनीक सांसद डा रमेश पोखरियाल निशंक भी उपस्थित थे। उत्तराखण्ड राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के लिए दस एकड़ भूमि का प्रावधान भी किया गया था। इस अवसर पर प्रधान संगठन के अध्यक्ष अनूप चौहान, ग्राम प्रधान लिस्टराबाद अनिल कुमार, पूर्व प्रधान पंकज यादव, पूर्व प्रधान बडकोट महेंद्र भट्ट, पूर्व प्रधान श्रीमती फूला देवी, कृष्णा देवी, अनिता राणा, शाकुंबरी देवी, नरेंद्र चौहान व रवीन्द्र सोलंकी उपस्थित थे।

### शिक्षकों को सशक्त बनाने के लिए भारत में व्यापक एआई पहल की शुरुआत

**देहरादून।** भारत की शिक्षा व्यवस्था में एआई को तेज गति से अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, भारती एयरटेल फाउंडेशन ने वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था, सीके-12 फाउंडेशन, के साथ साझेदारी की है, ताकि के-12 के सभी शिक्षकों के लिए 45 से अधिक एआई-सक्षम शिक्षण साधनो को द टीचर ऐप में एकीकृत किया जा सके। द टीचर ऐप एक आजीवन नि:शुल्क डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जिसका उपयोग वर्तमान में देशभर में 2 लाख से अधिक शिक्षक कर रहे हैं। इस अवसर पर भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने हमें शिक्षा परिवर्तन के लिए एक स्पष्ट दिशा दी है और हमारा ध्यान हर कदम पर शिक्षकों को सहयोग देने पर केंद्रित है। शिक्षकों को ऐसे गुणवत्तापूर्ण संसाधनों की आवश्यकता है जो प्रत्येक कक्षा स्तर पर प्रत्येक विद्यार्थी की विविध आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।भारती एंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष और भारती एयरटेल फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष, ने कहा, "शिक्षक भारत के भविष्य के निर्माता हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने उन्हें उचित रूप से हमारे राष्ट्र के शैक्षिक परिवर्तन के केंद्र में रखा है। वर्ष 2024 में लॉन्च के बाद मात्र 15 महीनों में द टीचर ऐप ने 2 लाख से अधिक शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण पाठ्य सामग्री और शिक्षण अनुभवों से जोड़ा है, जो इस मांग को मजबूती से दर्शाता है।

# समय से करें नदियों का चैनेलाइजेशन: महाराज

■ सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक में सिंचाई मंत्री ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** हरिद्वार में 2027 में होने वाले अर्ध कुंभ मेले को देखते हुए नदियों का चैनेलाइजेशन, स्ट्रांम वाटर मास्टर ड्रेनेज सिस्टम का कार्य समयबद्ध ढंग से किया जाये। विभागीय कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए खाली पड़े पदों को भी शीघ्रता से भरा जाये।

यह बात प्रदेश के सिंचाई, पर्यटन, लोक निर्माण, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने सोमवार को यमुना कॉलोनी स्थित सिंचाई भवन में सिंचाई विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कही।



उन्होंने कहा कि कुंभ मेला के तहत निक्षेप मद के तहत राज्य संपत्ति, शिक्षा, उद्यान आदि विभागों के निर्माण कार्यों के साथ-साथ स्थाई प्रकृति के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए और हरिद्वार स्थित पंत द्वीप जमीन पर यदि कहीं कोई अतिक्रमण है तो उसे तुरंत हटवाया जाए। समीक्षा बैठक में सिंचाई समिति के उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल, सिंचाई सचिव युगल किशोर पंत, सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता सुभाष पाण्डे, लघु सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता बी.के. तिवारी सहित सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग के अनेक अधिकारी मौजूद थे।

# खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम : राज्यपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/पंतनगर।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में 04 दिवसीय उत्तराखण्ड राज्य विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो युवा खेल के मैदान में पसीना बहाता है, वह जीवन में कभी गलत दिशा की ओर नहीं जाता। आज समाज के समक्ष एक बड़ी चुनौती नशे की प्रवृत्ति है। युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम खेल है। खेल ऊर्जा देता है, आत्मविश्वास देता है और जीवन को उद्देश्यपूर्ण




बनाता है। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त साधन हैं। मैदान में जो अनुशासन, समर्पण और टीम भावना विकसित होती है, वही आगे चलकर राष्ट्र प्रथम की चेतना को सुदृढ़ करती है। जब कोई खिलाड़ी मैदान में उतरता है, तो वह केवल स्वयं का नहीं, बल्कि अपने राज्य और अपने राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है।

विश्वविद्यालयी जीवन केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए। शिक्षा और खेल-दोनों का संतुलित विकास ही संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण का आधार है।

### सुआखोली में लगेगा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**देहरादून।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के तहत जनपद में सामान्य, एससी, एसटी और माइनोरिटी वर्ग के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु ग्राम पंचायत सुआखोली, रायपुर में 25 फरवरी को परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी के माध्यम से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। परियोजना निदेशक विक्रम सिंह ने ग्रामीण युवक-युवतियों से अपील की है कि वे इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

# नगर निगम ने अतिक्रमण एवं गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाया अभियान

■ 172 चालान किए व 88,600 का अर्थदंड लगाया गया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर आयुक्त नमामि बंसल के निर्देशों के क्रम मेंअपर नगर आयुक्त प्रवीण कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण एवं गंदगी के विरुद्ध एक संयुक्त प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया।

अभियान के अंतर्गत कारगी चौक से बंगाली कोठी होते हुए मोथरोवाला तक अतिक्रमण करने वाले एवं सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा की गई कार्रवाई करते हुए 172 चालान किए व 88,600 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। साथ ही सार्वजनिक स्थलों एवं मार्गों पर पाए



गए निर्माण मलबे को हटवाकर संबंधित व्यक्तियों को नियमानुसार निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। भूमि अनुभाग ने 111 चालान किए व 51,800 की धनराशि नगद वसूल की गई। इसके साथ ही 80 अवैध बैनर/पोस्टर हटाए गए। अभियान के दौरान आमजन को सार्वजनिक स्थलों एवं फुटपाथों पर अतिक्रमण न करने तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने हेतु जागरूक किया गया। अपर नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि मुख्य मार्गों पर सी एंड डी वेस्ट डालने, अवैध होर्डिंग लगाने, अतिक्रमण करने अथवा गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध निरंतर चिन्हीकरण कर नोटिस एवं चालान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा।

नगर निगम देहरादून ने नागरिकों से अपील करते हुए है कि निर्माण संबंधी मलबा केवल निर्धारित स्थलों पर ही डालें, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएं एवं अतिक्रमण से बचें। स्वच्छ एवं व्यवस्थित शहर निर्माण में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

## महापौर ने दिए जल्द डॉग शेल्टर बनाए जाने के निर्देश

उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में नगर निगम द्वारा केदारपुरम पार्क के निकट डॉग शेल्टर निर्माण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई हैं। नगर निगम द्वारा उपयुक्त भूमि चयन करते हुए डॉग शेल्टर के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है। महापौर ने स्थल का निरीक्षण कर निर्देश दिये गये कि डॉग शेल्टर का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारम्भ किया जाए, ताकि निराश्रित श्वान पशुओं की समुचित व्यवस्था एवं देखभाल सुनिश्चित की जा सकें।

## धामी सरकार के विज़न और मिशन को धरातल पर उतार रहा आवास विकास

# नीलकंठ महादेव में आधुनिक पार्किंग और 2 बेड का आकस्मिक स्वास्थ्य केंद्र होगा स्थापित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों में राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पौड़ी गढ़वाल स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल नीलकंठ महादेव मंदिर में बहुप्रतीक्षित बहुमंजिला पार्किंग निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। आज राज्य सचिवालय में आवास सचिव डॉ आर राजेश कुमार की अध्यक्षता में नीलकंठ में बन रही

■ बहुमंजिला पार्किंग में 500 से अधिक वाहनों की क्षमता

बहुमंजिला पार्किंग की प्रगति को लेकर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में धीरेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव आवास, डीपी सिंह, अपर आयुक्त हुडा, बीरेन्द्र प्रसाद भट्ट, प्रोजेक्ट मैनेजर, पेयजल, सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

सचिव आवास ने जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार बढ़ती



वाहन संख्या और तीर्थयात्रियों की भीड़ को देखते हुए इस परियोजना को स्वीकृति की प्रक्रिया में आगे बढ़ाया गया है। प्रस्तावित पार्किंग में 300 से अधिक चारपहिया तथा 200 से अधिक दोपहिया वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था की जाएगी। इससे न केवल यातायात दबाव कम होगा, बल्कि तीर्थ सीजन के दौरान अव्यवस्था और जाम की समस्या से भी राहत मिलेगी। प्रस्ताव के अनुसार पार्किंग भवन में भूतल (स्टिल्ट) सहित कुल चार स्तर होंगे, जिनमें तीन फ्लोर ऊपर निर्मित किए जाएंगे। संपूर्ण ढांचा आधुनिक इंजीनियरिंग मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा, ताकि भारी भीड़ के समय भी वाहनों का सुचारु संचालन संभव हो सके। लंबे समय से अव्यवस्थित पार्किंग नीलकंठ क्षेत्र की बड़ी समस्या रही है, जिससे स्थानीय व्यापार और श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से इस बहुमंजिला पार्किंग परिसर में दो बेड का आकस्मिक स्वास्थ्य सहायता केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर बुजुर्गों के लिए आपात चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। साथ ही अधिकारियों एवं राजकीय कार्मिकों के लिए प्रतीक्षालय और विश्राम कक्ष की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। इस निर्माण कार्य हेतु गठित आयोजन का नियोजन विभाग की डीपीसी के माध्यम से परीक्षण किया जा चुका है। प्रशासनोपरांत स्वीकृत लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने के लिए 29 जनवरी 2026 को विभागीय व्यय समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इसके क्रम में 23 फरवरी 2026 को सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में परियोजना से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763808, फैक्स: 0135-2763508 वेबसाइट: www.ujvnl.com

सं0 155 दिनांक: 23.02.2026

**निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण-डाकपत्थर, यूजेवीएन लि०, डाकपत्थर (देहरादून) द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवतहैः-

**निविदा सं0:** 12/EE/PCM-DKP/TN/2025-26, 13/EE/PCM-DKP/TN/2025-26, 14/EE/PCM-DKP/TN/2025-26, &15/EE/PCM-DKP/TN/2025-26

**कार्य का नाम:**-क्रमशः 1)-'खोदरी स्थित खोदरी किलोड रोड के समीप खोदरी विद्युत गृह के सर्ज टैंक के प्रवेश मार्ग पर एक गार्ड रूम एवं गेट निर्माण का कार्य', 2)-'डाकपत्थर स्थित नई यमुना कालोनी में झाड़ू लगाने एवं सफाई कराने का कार्य। 3)-'डाकपत्थर बैराज एवं तत्संबंधित संरचनाओं की फेंसिंग की मरम्मत कार्य तथा विभिन्न जनपदीय कार्य।'एवं 4)-छिबरो के पास सराड़ीगाड में छिबरो पावर हाउस के शाफ्ट ग्लैंड को स्वच्छ जल की आपूर्ति हेतु डायवर्जन और फीडर वॉटर चैनल की मरम्मत का कार्य।'

**अनुमानित लागतः** क्रमशः 1)-₹9,70,877.00 (जीएसटी अतिरिक्त), 2)-₹15,32,638.00 (जीएसटी अतिरिक्त), 3)-₹ 20,55,144.00 (जीएसटी अतिरिक्त), एवं 4)-₹16,00,989.00 (जीएसटी अतिरिक्त)।

**वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 24.02.2026 के 17:00 बजे से

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 18.03.2026 के 15.00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"https://ujvnl.uk.gov.in"** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

अधिशासी अभियन्ता
परियोजना जानपद अनुरक्षण-डाकपत्थर

" बिजली का बरबादीपूर्ण उपयोग न करें "

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 521/वि०वि०ख०ब०/टी-7 दिनाँक 06.02.2026 में निविदा संख्या 23/2025-26 में अंकित धरोहर धनराशि रू० 18,000.00 के स्थान पर रू० 40,000.00 पढ़ी जाए। अन्य नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगे।

पत्रांक : 709/वि०वि०ख०ब०/टी-7 दिनांक : 23.02.2026 **अधिशासी अभियंता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं0 -1912"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय 'उज्ज्वल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-157 दिनांक- 23/02/2026

**निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/या0) एसएचपी, यूजेवीएन लि0, मध्यमहेश्वर गुप्तकाशी, इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः

**निविदा सं0:13/अ0अ0(वि0/या0-एसएचपी)/मध्यमहेश्वर/2025-26-** मध्यमहेश्वर एसएचपी, तहसील उखीमठ जिला रूद्रप्रयाग में 10 KVA रिन्डिडेंट यूपीएस की आपूर्ति, इंस्टालेशन परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य।

**अनुमानित लागत:** रू0 21,15,000.00 जीएसटी अतिरिक्त।

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 23.02.2026 18:00 बजे

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 19.03.2026, 15:00 बजे तक

**निविदा खोलने की तिथि:** 23.03.2026, 15:00 बजे

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट **www.ujvnl.com** देखें

अधिशासी अभियन्ता
(वि0/या0-एसएचपी) मध्यमहेश्वर

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# मेलाधिकारी ने कुंभ नगरी के विभिन्न क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

## भीड़ प्रबंधन, पार्किंग, ट्रैफिक व मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा, सभी विभागों को समन्वित कार्य के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कुंभ मेला-2027 की तैयारियों को व्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मेलाधिकारी सोनिका ने सोमवार को कुंभ नगरी के विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। मेलाधिकारी ने भीड़ प्रबंधन, पार्किंग एवं ट्रैफिक नियंत्रण से संबंधित प्रस्तावित योजनाओं की मौके पर समीक्षा करते हुए कहा कि कुंभ जैसे विराट आयोजन के लिए सुविचारित योजना, समन्वित कार्यप्रणाली तथा निरंतर निगरानी अत्यंत आवश्यक है। अधिकारियों के साथ विस्तृत



विचार-विमर्श कर व्यवस्थाओं की व्यवहारिकता, संभावित चुनौतियों तथा समाधान पर चर्चा की गई।

निरीक्षण के दौरान मेला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैरागी कैंप, दक्ष क्षेत्र, जगजीतपुर, गौरीशंकर क्षेत्र तथा नजीबाबाद मार्ग स्थित प्रवेश स्थल प्वाइंट 4.2 का भ्रमण किया गया। मेलाधिकारी ने इन क्षेत्रों में पार्किंग स्थलों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी सेक्टरों में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति की निरंतर व्यवस्था, पर्याप्त शौचालय, नियमित साफ-सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, समुचित प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। प्रत्येक सेक्टर में चिकित्सा सहायता केंद्र एवं आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी ताकि आकस्मिक स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। मेलाधिकारी ने अस्थायी पार्किंग स्थलों के समयबद्ध समतलीकरण, जल निकासी व्यवस्था तथा संपर्क मार्गों को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाहरी क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु नगर के आंतरिक हिस्सों में प्रवेश किए बिना ही निर्धारित स्नानघाटों तक पहुंच सकें, इसके लिए प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू किया जाए। इस दौरान एसपी (सिटी) अभय सिंह ने भीड़ एवं यातायात प्रबंधन की जानकारी दी, जबकि उप मेलाधिकारी मनजीत सिंह ने व्यवस्थाओं की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की।

# जनसुनवाई में 78 शिकायतें दर्ज, 42 का निस्तारण

## दोबारा शिकायत आने पर संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपदवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित 78 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 42 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतें कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित कर दी गईं। जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, राशन, अतिक्रमण, पेयजल, पंचायतीराज तथा शिक्षा सहित अनेक विषयों से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। शिकायतकर्ता प्रवीण शर्मा (सैनिक कॉलोनी पथरी) ने रेलवे स्टेशन के पास एक कंपनी द्वारा भारी वाहनों के संचालन से सड़कों के क्षतिग्रस्त होने व धूल प्रदूषण की समस्या उठाते हुए गड्ढे भरवाने और पानी का छिड़काव कराने की मांग की।

जगदीश नगर ज्वालापुर निवासी सतीश कुमार अरोड़ा ने हरिलोक आवासीय योजना के अंतर्गत खरीदे गए भूखंड के आंशिक अधिग्रहण के बावजूद वर्ष 2014 से लंबित मुआवजे के भुगतान की मांग रखी। वहीं शिव गंगा विहार कॉलोनी (धनौरी सिडकुल लिंक मार्ग) के निवासियों ने क्षतिग्रस्त पुल एवं जल निकासी व्यवस्था न होने से जलभराव की समस्या बताई। ग्राम गाढ़मीरपुर निवासी तेजपाल सिंह ने अन्नेकी हेतमपुर स्थित अपनी कृषि भूमि तक जाने वाले चकरोड पर अवरोध हटवाने की मांग की, जबकि हजलारा इब्राहिमपुर निवासी सचिन सिंह ने घर के बाहर कूड़ा डाले जाने से फैल रही गंदगी व बीमारी के खतरे पर कार्रवाई की मांग की। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा जिन मामलों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, उनमें समन्वय बनाकर शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि एक ही समस्या लेकर शिकायतकर्ता को पुनः जनसुनवाई में न आना पड़े; अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने 36 दिन से अधिक लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। समीक्षा में एल-1 स्तर पर 461 तथा एल-2 स्तर पर 95 शिकायतें लंबित पाई गईं, जिन पर त्वरित कार्रवाई और शिकायतकर्ताओं से फोन पर संवाद करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीडीओ ललित नारायण मिश्रा, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं फरियादी उपस्थित रहे।

# मेयर किरण जैसल ने हरी झंडी दिखाकर कूड़ा वाहनों को किया रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगाए गए तेरह अतिरिक्त कूड़ा वाहनों को मेयर किरण जैसल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेयर कार्यालय से वाहनों को रवाना करने के दौरान उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, सेनेटरी इंस्पेक्टर संजय शर्मा, अतिक्रमण हटाओ दस्ते के प्रभारी आदित्य, आशु वर्मा, प्रदीप त्यागी, मेयर प्रतिनिधि सुभाषचंद सहित समस्त चालक परिचालक मौजूद रहे। मेयर किरण जैसल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में निरंतर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शहर को गंदगी मुक्त और स्वच्छ सुन्दर रखना नगर निगम की नैतिक जिम्मेदारी है। इसी क्रम में शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने




के लिए अतिरिक्त कूड़ा वाहन लगाए गए हैं। जिससे वार्डो में कूड़ा उठाने के कार्य में तेजी आएगी और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने लोगों से सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि घरों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाला कूड़ा इधर उधर ना फेंके और नियत स्थान पर ही डालें। जिससे वाहनों द्वारा आसानी से कूड़ा उठाया जा सके। हरिद्वार धर्म नगरी है और देश-विदेश से श्रद्धालु यहां आते हैं। ऐसे में शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सभी की सहभागिता जरूरी है। जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक हरिद्वार की सुन्दर छवि लेकर वापस जाएं।

# देवपुरा चौक से रेलवे स्टेशन तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**80 अस्थायी दुकानों एवं रेहड़ी-ठेलियों को हटाया**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद में अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशों के अनुपालन में नगर मजिस्ट्रेट कुशुम चौहान के नेतृत्व में शहर के प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासनिक टीम ने देवपुरा चौक से लेकर रेलवे स्टेशन हरिद्वार तक बाई ओर फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए मार्ग को पूर्ण रूप से खाली कराया। अभियान के दौरान बस स्टैंड के सामने रेलवे स्टेशन की दीवार से सटी लगभग 80 अस्थायी दुकानों एवं रेहड़ी-ठेलियों



को हटाया गया। नगर मजिस्ट्रेट कुशुम चौहान ने स्पष्ट किया कि शहर के सभी फुटपाथों को चरणबद्ध तरीके से अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा, ताकि आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने व्यापारियों एवं नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं ही फुटपाथों पर रखा सामान, रेहड़ी-ठेली आदि हटा लें, अन्यथा नगर निगम की टीम द्वारा सामान जब्त कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के बाद जिन स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया, वहां तत्काल साफ-सफाई के निर्देश नगर निगम हरिद्वार को दिए गए हैं। साथ ही क्षतिग्रस्त फुटपाथों की मरम्मत के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है। सड़कों और नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों से यातायात बाधित होने की शिकायतों पर नगर मजिस्ट्रेट ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस एक्ट के तहत अभियान चलाकर अवैध पार्किंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। फुटपाथ से सटी रेलवे भूमि पर झोपड़ियां डाले जाने के मामले में रेलवे अधिकारियों को मौके पर बुलाकर तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। नगर मजिस्ट्रेट कुशुम चौहान ने दोहराया कि जिन स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया है, वहां पुनः कब्जा न हो यह सुनिश्चित किया जाएगा। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई के साथ भारी जुर्माना लगाया जाएगा। अभियान के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर शिशुपाल सिंह नेगी, सहायक नगर आयुक्त श्याम सुन्दर तथा नगर निगम की टीम मौजूद रही।

# ऑटो चालक पर छेड़छाड़ व चाकू दिखाकर धमकाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र में ऑटो चालक द्वारा महिला यात्री से छेड़छाड़ और विरोध करने पर चाकू दिखाकर डराने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में महिला ने बताया कि 22 फरवरी की सुबह करीब 10:45 बजे वह जगजीतपुर क्षेत्र से ऑटो रिक्शा में सवार होकर धीरवाली, ज्वालापुर जा रही थी। उस समय ऑटो में वह अकेली यात्री थी। आरोप है कि सीतापुर फाटक के समीप पहुंचते ही चालक ने पीछे लगे दर्पण के जरिए आपत्तिजनक इशारे करने शुरू कर दिए। महिला के विरोध करने और चालक से सवाल पूछने पर उसने कथित रूप से छेड़छाड़ की तथा होटल चलने का दबाव बनाया। सख्ती दिखाने पर आरोपी ने चाकू निकालकर खुद को 'अर्जुन' बताते हुए धमकी दी कि वह पहले भी जेल जा चुका है और किसी से नहीं डरता।घटना से घबराई महिला ने पुलिस कंट्रोल रूम से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। किसी तरह वह सुरक्षित स्थान पर उतरी और बाद में कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# युवक को रोककर मारपीट, ईंट से सिर फोड़ने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र में दो युवकों द्वारा एक युवक को रास्ते में रोककर मारपीट करने और ईंट से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल युवक के सिर में पांच टांके आए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोधामंडी निवासी संजीदा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका बेटा जुबैर घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गनी और राजा नामक युवकों ने उसे रोक लिया और बिना किसी उकसावे के अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने जुबैर के साथ मारपीट शुरू कर दी।

झगड़े के दौरान एक आरोपी ने ईंट उठाकर जुबैर के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी बीच उसका भाई खुर्शीद उर्फ सोनू मौके पर पहुंचा और हस्तक्षेप कर किसी तरह जुबैर को बचाया। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसके सिर में पांच टांके लगाए। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में बन रहे फर्जी दस्तावेज, आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल क्षेत्र में चलाए जा रहे सघन सत्यापन एवं चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान की आड़ में फर्जी आधार कार्ड, फर्जी मार्कशीट और अन्य कूटरचित दस्तावेज तैयार करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। हरिद्वार एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशों एवं पर्यवेक्षण में जनपद में चल रहे अभियान के तहत 22 फरवरी को थाना सिडकुल पुलिस ने पिपलेश्वर मंदिर के पास रावली महदूद स्थित एक मोबाइल रिपेयरिंग दुकान पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एक युवक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मदद से फर्जी दस्तावेज तैयार करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पुनीत कुमार पुत्र वेदपाल सिंह (उम्र 28 वर्ष) निवासी ग्राम कासमाबाद, पोस्ट बुढनपुर, थाना स्योहरा, जिला बिजनौर (उ0प्र0) हाल निवासी पिपलेश्वर मंदिर रावली महदूद, थाना सिडकुल, हरिद्वार बताया। सिडकुल थानअध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि आरोपी ने स्वीकार किया कि वह बाहरी राज्यों से सिडकुल में नौकरी करने आने वाले लोगों के आधार कार्ड में नाम, पता व उम्र में बदलाव कर फर्जी प्रिंट निकालकर उन्हें उपलब्ध कराता था। पुलिस ने दुकान की तलाशी के दौरान 4 आधार कार्ड (जिनमें 2 कूटरचित), 9 हाईस्कूल अंकतालिकाओं की कूटरचित छायाप्रतियां, एक लैपटॉप,




लैपटॉप चार्जर, कलर प्रिंटर-स्कैनर और की-बोर्ड बरामद किए।पुलिस ने को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नितेश शर्मा, एसएसआई देवेन्द्र तोमर, एसआई बबलू चौहान, अपर उपनिरीक्षक संजय चौहान, हेडकांस्टेबल जितेन्द्र मलिक, देशराज, कांस्टेबल गजेन्द्र प्रसाद व मुकेश शामिल रहे।

# दो वर्षीय बालिका के अपहरणकर्ता को किया गिरफ्तार

## भीख मंगवाने के इरादे से बालिका का किया था अपहरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली नगर पुलिस ने तुलसी चौक पर फुटपाथ पर मां के साथ सो रही दो वर्षीय बालिका के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नशे का आदी है और भीख मंगवाने के इरादे से बालिका का अपहरण किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो सहित संबंधित धाराओं में मुकद्मा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी ने 19 फरवरी की रात बालिका का अपहरण कर लिया था। बालिका की मां सोनी की सूचना पर तत्काल पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस की सक्रियता से घबराकर आरोपी बालिका को ऋषिकुल तिराहे के पास लावारिस अवस्था में छोड़कर फरार हो गया था। बालिका को कुछ ही घंटों में सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था। बालिका की सकुशल बरामदगी के बाद आरोपी की तलाश शुरू की गयी। विवेचना के दौरान नाबालिग के अपहरणकर्ता की पहचान रवि कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी निकट राधाकृष्ण आश्रम सोनी ज्वैलर्स के पास ज्वालापुर के रूप में हुई। जिसे रविवार की रात श्रीराम घाट के सामने पार्क के पास नहर पटरी मायापुर से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह नशे का आदी है



और किसी दूसरे शहर में ले जाकर भीख मंगवाने के इरादे से उसने बालिका को उठाया था। लेकिन पुलिस चेकिंग देखकर वह डर गया और बालिका को ऋषिकुल तिराहे पर छोड़कर फरार हो गया था।

# घर से बिना बताए हरिद्वार आए तीन नाबालिगों को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने घर से बिना बताए हरिद्वार आए तीन नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार गुरूग्राम हरियाणा के रहने वाले कक्षा 6 के छात्र तीनों नाबालिग घर से स्कूल जाने के लिए निकले थे। लेकिन स्कूल जाने के बजाए घूमने के इरादे से ट्रेन में बैठकर हरिद्वार पहुंच गए। 21 फरवरी को एचटीयू टीम को 11 और 12 वर्ष के तीनों बालक रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर-1 पर लावारिस अवस्था में मिले थे। टीम द्वारा तीनों को रेस्क्यू कर बाल गृह ज्वालापुर में दाखिल कराया गया। कांउसलिंग के दौरान बच्चों से मिली जानकारी के आधार उनके परिजनों से संपर्क किया गया तो पता चला कि बच्चों की तलाश करने पर भी नहीं मिलने पर पुलिस में बच्चों की गुमशुदगी दर्ज करायी गयी है। सोमवार को परिजनों के हरिद्वार एएचटीयू टीम ने बालकों को उनके सुपुर्द कर दिया। बच्चों के सकशुल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। एएचटीयू टीम में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र रमोला, एसआई देवेंद्र यादव, हेडकांस्टेबल राकेश, कांस्टेबल दीपक, महिला कांस्टेबल शशि बाला, गीता, बीना गोदियाल, दीपक डबराल शामिल रहे।

# जोमैटो कर्मचारियों ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

**भूख हड़ताल की चेतावनी दी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जोमैटो कर्मचारियों ने कंपनी की नई नीतियों और सुपर मेडल जैसे कड़े नियमों का विरोध करते हुए भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी उनका शोषण कर रही है, और विरोध में आवाज उठाने पर काम से निकालने की धमकी दी जाती है। जोमैटो कर्मचारी नेमचंद, सिरंजीत, रवि कुमार, रवि पाल, हरचरण सिंह, चेतन, विकास, आकाश, अंकित ने कहा कि कंपनी ने हाल ही में सुपर मेडल नाम से एक नया नियम लागू किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि 10 किलोमीटर की दूरी के लिए कंपनी मात्र 23 मिनट का समय देती है। यदि रास्ते में रेलवे फाटक बंद हो या जाम लगा हो, तो 7-8 मिनट की देरी होने पर भी कर्मचारी के 10 पॉइंट काट दिए जाते हैं। पॉइंट कम होने पर कर्मचारी की रेटिंग गिर जाती है, जिससे उन्हें पूरे दिन में केवल 3-4 घंटे ही ड्यूटी मिल पाती है। इससे उनकी मासिक आय पर गहरा असर पड़ा है। कैश ऑर्डर के मामले में यदि ग्राहक स्वयं ऑर्डर रद्द करने का मैसेज करता है, तब भी कंपनी कर्मचारी के खाते से पैसे काट लेती है। नेमचंद ने कहा कि बाइक हमारी है, पेट्रोल हमारा है और मेहनत भी हमारी है। लेकिन कंपनी हमें आज भी 5-6 साल पुराने रेट 7-8 रुपये प्रति किलोमीटर पर काम करवा रही है। इस महंगाई के दौर में बच्चों का भविष्य अंधकार में है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दुर्घटना की स्थिति में बीमा का लाभ लेने के लिए भी कर्मचारियों को लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ती है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें आवाज उठाने पर आईडी टर्मिनेट करने की धमकियां दी जा रही हैं। नेमचंद ने सीधे तौर पर कंपनी के अधिकारियों और टीम लीडर पर आरोप लगाया कि उन्हें मीडिया के सामने आने पर ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी गई है। नेमचंद ने कहा कि वे आज से अनशन शुरू कर रहे हैं। यदि इस दौरान उन्हें कुछ भी होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी कंपनी और संबंधित अधिकारियों की होगी। प्रैसवार्ता के दौरान मौजूद जागृति परमार्थ न्यास की राष्ट्रीय अध्यक्ष वंदना गुप्ता ने कंपनी नियमों के अनुसार कर्मचारियों को सुविधा दे। कर्मचारियों का उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा। यदि उत्पीड़न पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन किया जाएगा।

# सौभाग्य से प्राप्त होता है गंगा तट पर संतों का सानिध्य : हरिचेतनानंद

**गुरु ही परमात्मा का दूसरा स्वरूप : स्वामी संतोषानंद**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारत माता पुरम स्थित एकादश रूद्र पीठ में वार्षिक महोत्सव के अवसर पर संत समागम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर राजगुरू स्वामी संतोषानंद सरस्वती के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए म.मं. स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि गंगा तट पर संतों का सानिध्य सौभाग्य से प्राप्त होता है। मोक्षदायिनी मां गंगा के दर्शन और गंगा जल से आचमन करने मात्र से ही जीवन बदल जाता है। स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि म.मं. राजगुरू स्वामी संतोषानंद सरस्वती महाराज भक्ति और ज्ञान प्रदान कर भक्तों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने के साथ सनातन के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभा रहे हैं। महामंडलेश्वर राजगुरू स्वामी संतोषानंद सरस्वती ने सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरू ही परमात्मा का दूसरा स्वरूप हैं। गुरू के दिखाए मार्ग पर चलने वाले शिष्य का कल्याण अवश्य होता है। उन्होंने कहा कि आश्रम की सेवा परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाते हुए मानव कल्याण



कल्याण करना ही उनका उद्देश्य है। स्वामी रविदेव शास्त्री एवं स्वामी हरिहरानंद ने कहा कि निर्मल जल के समान जीवन व्यतीत करने वाले स्वामी संतोषानंद का त्याग और तपस्या से परिपूर्ण सभी भक्तों के लिए प्रेरणादायी है। स्वामी संतोषानंद महाराज की प्रेरणा से उनके भक्त जिस प्रकार समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा में योगदान कर रहे हैं। वह अत्यन्त सराहनीय है। स्वामी हरिचेतनानंद, महंत राघवेंद्र दास, स्वामी जगतेश्वरानंद, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, महंत सूर्याश मुनि, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी कमलेशानन्द, महंत जमनादास सहित सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूष एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान राज्यमंत्री डा.जयपाल सिंह चौहान एवं रामलखन शर्मा, अंकित, प्रीतपाल सिंह, राजावत, सीता भिंड, धीरेंद्र भटाना, जगमोहन श्रीवास्तव, अनिल राही, माला श्रीवास्तव, राजीव मिश्रा आदि कवियों को सम्मानित किया गया।

# कांग्रेसियों ने मुंशी हरिप्रसाद टम्टा को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की पुण्यतिथि पर जिला महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा देवपुरा स्थित पं गोविंद वल्लभ पंत पार्क में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि मुंशी हरिप्रसाद टम्टा ने जीवनभर समाज सुधारक की भूमिका निभाई और वंचितों की आवाज बनकर समाज में काम किया। वरिष्ठ नेता महेश प्रताप राणा और एससी विभाग के जिला अध्यक्ष तीर्थपाल रवि ने कहा कि मुंशी हरिप्रसाद टम्टा का जीवन समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार कर कुरीतियों को दूर करने की प्रेरणा देता है। महानगर कांग्रेस महासचिव राजीव भार्गव और श्रमिक नेता वीरेंद्र श्रमिक ने कहा कि मुंशी हरिप्रसाद टम्टा ने



पहाड़ों में शिक्षा का प्रचार प्रसार कर समाज में वंचितों को समानता का अधिकार दिलाने का काम किया। श्रद्धांजलि देने वालों में अरूण राघव, मनीराम बागड़ी, सतेंद्र वर्मा, पार्षद सोहित सेठी, हिमांशु राजपूत, सुरेन्द्र ठाकुर, मुन्ना मास्टर, राजकुमार, सोनू शर्मा, सूरज मांझी सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# एटीएम कियोस्क का ताला तोड़ने का प्रयास, सीसीटीवी में कैद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर क्षेत्र की शिवलोक कॉलोनी स्थित एक एटीएम कियोस्क को अज्ञात व्यक्ति ने निशाना बनाने का प्रयास किया। बाहरी ताला तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की गई, हालांकि आरोपी वारदात में सफल नहीं हो सका। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। कैश लोडिंग का कार्य देखने वाले कुलदीप जोशी निवासी रावली महदूद, सिडकुल ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि रविवार सुबह एक दुकानदार ने फोन कर सूचना दी कि एटीएम का ताला टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने पर बाहरी लॉक क्षतिग्रस्त मिला। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक संदिग्ध व्यक्ति देर रात कियोस्क में प्रवेश करता दिखाई दिया। फुटेज में वह अंदर जाकर शटर गिराता नजर आता है। आशंका है कि चोरी की नीयत से वारदात को अंजाम देने की कोशिश की गई। रानीपुर कोतवाली प्रभारी आशुतोष राणा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# नशे के नेटवर्क पर धामी सरकार का कड़ा वार



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून ।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिव व आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सचिन कुर्वे की अध्यक्षता में आज राज्य सचिवालय में विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोडीन युक्त सिरप एवं अन्य मन:प्रभावी औषधियों के बढ़ते कुप्रयोग तथा इनके गैर-कानूनी व्यापार पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। सचिव सचिन कुर्वे ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर मिलीभगत, लापरवाही या नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## उधमसिंहनगर में नोटिस चस्पा

रुद्रपुर स्थित ड/ थ्नजमब चेंतउंबमनजपबंसे च्अज. स्जक. पर टीम पहुंची तो प्रतिष्ठान बंद पाया गया। टीम द्वारा औषधि अधिनियम के अंतर्गत नोटिस चस्पा कर फर्म स्वामी को दूरभाष पर अवगत कराया गया तथा निर्देशित किया गया कि दुकान टीम की उपस्थिति में खोली जाए। अग्रिम कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।

## दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा: सचिन कुर्वे

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सचिन कुर्वे ने कहा कि कोडीन युक्त सिरप एवं मन:प्रभावी औषधियों का दुरुपयोग एक गंभीर सामाजिक और कानूनी चुनौती बनता जा रहा है। राज्य सरकार इस विषय को अत्यंत संवेदनशीलता और कठोरता के साथ ले रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा निगरानी तंत्र को और सशक्त किया गया है तथा औषधि अनुज्ञप्ति धारकों की जवाबदेही तय की जा रही है। किसी भी स्तर पर अनियमितता, अवैध भंडारण, बिना प्रिस्क्रिप्शन बिक्री या रिकॉर्ड में हेरफेर पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## क्रॉस-जांच व्यवस्था से पारदर्शिता

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा सचिव व आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सचिन कुर्वे के निर्देशों के क्रम में अपर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा औषधि निरीक्षकों के तीन विशेष दल गठित किए गए। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्रॉस-डिस्ट्रिक्ट निरीक्षण व्यवस्था लागू की गई है। जनपद देहरादून में तैनात औषधि निरीक्षकों को हरिद्वार का दायित्व, हरिद्वार के अधिकारियों को देहरादून तथा नैनीताल में तैनात निरीक्षकों को उधमसिंहनगर का दायित्व सौंपा गया है।

## देहरादून में दो प्रतिष्ठान सील

प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं के आधार पर विभागीय टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में औचक छापेमारी की। जनपद देहरादून के हर्रावाला क्षेत्र में ड/ डलेजपब चेंतउं भ्मंसजीबंतम एवं ज्तनेज ॅल चेंतउंबमनजपबंस पर सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर दोनों प्रतिष्ठानों को सील कर उनकी चाबियां संबंधित थाने को सौंप दी गईं। आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## हरिद्वार में स्टॉक रोका गया

जनपद हरिद्वार स्थित ड/ ।दपउमजे स्पमि ैबपमदबमे च्अज. स्जक., सलेमपुर, बहादराबाद में निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाया गया। उपलब्ध औषधियों के स्टॉक को फॉर्म-15 के अंतर्गत रोक दिया गया है तथा अभिलेखों की विस्तृत जांच जारी है

## क्रॉस-जांच प्रणाली लागू: ताजबर सिंह जग्गी

अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि अवैध दवा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष निरीक्षण दल गठित किए गए हैं और क्रॉस-डिस्ट्रिक्ट जांच व्यवस्था लागू की गई है, जिससे निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

# हिन्दू सम्मेलन समाज को एक सूत्रमें बांधने का करते हैं कार्य: विधायक

■ सभावाला में आयोजित सम्मेलन में हजारों श्रद्धालुओं ने आयोजन को भव्य रूप प्रदान किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर के अंतर्गत सेलाकुई, सभावाला एवं धर्मावाला में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर समेत क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य रूप प्रदान किया।रविवार को आयोजित सम्मेलन पर सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि सनातन धर्म हमारी सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकता का मूल आधार है। ऐसे आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने, परंपराओं के संरक्षण और युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव को सुदृढ़ करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

विराट हिन्दू सम्मेलन में विभिन्न वक्ताओं ने भी धर्म, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर अपने विचार रखे। आयोजन समिति द्वारा किए गए सुव्यवस्थित प्रबंध एवं प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। विशिष्ठ अतिथि सुनीता भट्ट ने पंच परिवर्तन व संस्कारों व कुटुम्भ प्रबोधन पर प्रकाश डाला। आयोजन के मुख्य वक्ता संदीप महावर ने आरएसएस के इतिहास व योगदान एवं संघ के मुख्य मनिषियों के प्रमुख विचारो को रखा। कार्यक्रम में कला कौशल, हिन्दू नाई, वेल्डर, बढ़ई, मंदिर के पुजारियों व पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य डा. अनुज जोशी ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक मंगल सिंह, खंड कार्यवाह सचिव घपोला, रविंद्र तोमर, मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला, शुभम कंडवाल, रवि कश्यप, सुनील कश्यप, सुरेश चौहान, अंकित चौहान, जगपाल चौधरी, विनोद तोमर, जगपाल सैनी, फूलचंद आदि मौजूद रहे।

# पीएम श्री रा.इ.का भटाड़ के विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण




शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज भटाड़, चकराता के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने राजकीय उद्यान विभाग, जरमोला (उत्तरकाशी) में शैक्षिक भ्रमण कर कृषि, वागवानी एवं वानिकी से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और व्यवहारिक ज्ञान की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान पौधशाला विकास अधिकारी डॉ. ज्योति बजेली तथा वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक चन्द्रपाल ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों और शिक्षकों को कृषि क्षेत्र की नवीनतम जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने सेब की विभिन्न उन्नत प्रजातियों, जैसे एम-9 (एम9) रूट स्टॉक और एमएम-111 (एम एम111) रूट स्टॉक सहित कई विदेशी किस्मों के बारे में विस्तार से बताया। अधिकारियों ने आधुनिक तकनीक आधारित खेती, पौध प्रबंधन, उत्पादन बढ़ाने के उपाय तथा कम लागत में अधिक आय अर्जित करने के तरीकों पर भी प्रकाश डाला।

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य विवेक शर्मा ने उद्यान विभाग, जरमोला के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि आधारित विषयों के विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार का व्यवहारिक ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी विद्यार्थियों के लिए अमूल्य सिद्ध होगी तथा इससे वे भविष्य में स्वरोजगार की दिशा में भी प्रेरित होंगे।

शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के दर्शन भी कराए गए। उन्होंने शिरगुल महाराज मंदिर, पुरटाड़ तथा हनोल स्थित प्रसिद्ध महासू महाराज मंदिर में दर्शन किए। इसके अतिरिक्त मैंद्रथ में ज्येष्ठ महासू महाराज के भी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस शैक्षिक भ्रमण में प्रभारी प्रधानाचार्य विवेक शर्मा, देवेंद्र चौहान, यात्रा प्रभारी मोहित खंतवाल एवं नीरज प्रसाद, एसएमसी सदस्या उकिला शर्मा, राधा देवी तथा मुन्नी देवी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## संघ के 100 वर्ष राष्ट्र निर्माण और संस्कृति संरक्षण का प्रतीक:शिवानंद

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कीर्तिनगर के रोडधार में विराट हिंदु सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। हिंदू एकता, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और स्वाभिमान को सुदृढ़ के उद्देश्य से हिंदु सम्मेलन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि स्वामी शिवानंद गिरि महाराज ने कहा कि संघ के 100 वर्ष समाज संगठन, राष्ट्र निर्माण और संस्कृति संरक्षण के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि जब हिंदू समाज संगठित और जागरूक रहता है, तभी राष्ट्र सशक्त और समृद्ध बनता है। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आत्मसात कर राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मौके पर मुख्य वक्ता संघ के सह-विभाग कार्यवाहक संजीव भट्ट ने कहा कि शताब्दी वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और नवसंकल्प का अवसर है।

# क्वांसी के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में तोड़फोड़

■ बोर्ड परीक्षा के बीच चोरी से सनसनी



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज क्वांसी में अज्ञात चोरों द्वारा तोड़फोड़ और चोरी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना बोर्ड परीक्षाओं के दौरान सामने आने से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में गहरी चिंता व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, बदमाशों ने विद्यालय की वोकेशनल लैब का ताला तोड़कर भीतर रखी शैक्षणिक सामग्री को नुकसान पहुंचाया। साथ ही अन्य कक्षों के ताले तोड़ने का प्रयास किया गया और खिड़कियों के शीशे भी क्षतिग्रस्त कर दिए गए। सुबह जब विद्यालय स्टाफ पहुंचा तो परिसर की स्थिति देखकर सभी स्तब्ध रह गए। प्रधानाचार्य यशपाल राणा ने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए तत्काल उच्च अधिकारियों को लिखित सूचना प्रेषित की है। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा जैसे संवेदनशील समय में हुई इस घटना से विद्यार्थियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से कोतवाली प्रभारी चकराता को भी पत्र भेजकर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की गई है।

जौनसार बावर जैसे शांत और शैक्षणिक वातावरण वाले क्षेत्र में इस प्रकार की घटना ने स्थानीय लोगों को चिंतित कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह विद्यालय सैकड़ों बच्चों के भविष्य की नींव है, ऐसे में शिक्षा संस्थान को निशाना बनाया जाना अत्यंत चिंताजनक है। प्रधानाचार्य ने खंड शिक्षा अधिकारी चकराता एवं मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी देहरादून को भी घटना की विस्तृत जानकारी दी है और विद्यालय में अतिरिक्त सुरक्षा की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।

स्थानीय ग्रामीण पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह, अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष चंदन सिंह,चमन सिंह ने भी विद्यालय परिसर में नियमित गश्त और सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। सम्पर्क करने पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चकराता बी.एल. भारती ने कहा कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# माया देवी यूनिवर्सिटी में बौद्धिक संपदा अधिकार एवं पारंपरिक ज्ञान पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेलाकुई।** माया देवी यूनिवर्सिटी में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट एवं ट्रेडिशनल नॉलेज' विषय पर एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया है इस व्याख्यान माला का उद्देश्य विद्यार्थियों ,शोधार्थियों, फैकल्टी, छात्रों तथा इनोवेशन से जुड़े प्रतिभागियों को बौद्धिक संपदा अधिकार की मूलभूत अवधारणाओं ,कानूनी प्रावधानों तथा पारंपरिक ज्ञान की सुरक्षा के महत्व से अवगत कराना था।

'कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. आशीष सेमवाल, वाइस प्रेसिडेंट प्रोफेसर डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल, हिमांशु गोयल प्रोजेक्ट साइंटिस्ट यूकास्ट एवं विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया'। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर डॉ. आशीष सेमवाल ने कहा कि वर्तमान ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में नवाचार और बौद्धिक संपदा का संरक्षण अत्यंत अध्ययन है, उन्होंने विद्यार्थियों को शोध ,नवाचार और स्टार्टअप को अपनाने तथा अपने बौद्धिक कार्यों को विधिसम्मत संरक्षण दिलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कीनोट स्पीकर हिमांशु गोयल प्रोजेक्ट साइंटिस्ट यूकास्ट ने आईपीआर की संकल्पना को विस्तृत रुप से समझाया उन्होंने बताया कि बौद्धिक संपदा अधिकार के अंतर्गत पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क औद्योगिक डिजाइन, भौगोलिक संकेत जैसे अधिकार आते हैं।

पेटेंट किसी नए आविष्कार को कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है जबकि कॉपीराइट साहित्य, कलात्मक की रक्षा करता है। ट्रेडमार्क किसी उत्पाद सेवा की विशिष्ट पहचान को सुरक्षित करता है, इन अधिकारों के माध्यम से ही आविष्कारों और रचनाकारों को उनके कार्यों का आर्थिक एवं नैतिक लाभ प्राप्त होता है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार अमित जुयाल, प्रो वाइस चांसलर, प्रोफेसर डॉ. संदीप विजय, पूर्व संगठन सचिव प्रो. डा. देवेंद्र सिंह रावत सहित सभी स्कूलों के डीन एवं छात्र उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने उत्तराखंड के अंबेडकर हरिप्रसाद टम्टा को किया याद

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** उत्तराखंड के अंबेडकर हरिप्रसाद टम्टा की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विकासनगर द्वारा ऐतिहासिक तिलक भवन में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर ने कहा हरिप्रसाद टम्टा उत्तराखंड के प्रमुख समाज सुधारक पत्रकार और दलित शिल्पकार समाज के नेता थे।

अल्मोड़ा में जन्मे हरिप्रसाद टम्टा हमेशा से जातिवाद छुआछूत और और शिक्षा के लिए लड़ाई लड़ते रहे। उन्होंने समता पत्र निकालकर शिल्पकारों के लिए शिक्षा व सेना मैं उनका हक दिलवाया और सशक्त बनाया।

इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय किशोर ने कहा उन्होंने विभिन्न आंदोलन चलाए जिसमें से शिल्पकार आंदोलन शिक्षा के प्रति जागरूकता पत्रकारिता और अल्मोड़ा शहर के लिए विभिन्न योजनाओं को लाकर अल्मोड़ा को सौगात दिलाई उत्तराखंड के अंबेडकर के रूप में पहचान और और अछूतों के उत्थान और सामाजिक समानता के लिए जीवन समर्पित किया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद विकासनगर के पूर्व उपाध्यक्ष अनुपम कपिल, पूर्व सभासद शमी प्रकाश, प्रदेश सचिव प्रेम प्रकाश अग्रवाल, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष डिंपल सिंह, डाकपत्थर अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, डीके बनजम, हर्षुल शर्मा, अभिषेक चौहान, राहुल वर्मा, जिला महामंत्री राजीव शर्मा राजेंद्र आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रामीण निर्माण विभाग, विकास भवन कुण्ड रोड, प्रखण्ड-चमोली ( गोपेश्वर )**
E-mail-eeresdivisionchamoli@gmail.com

पत्रांक-3921/दो-लेखा-एस०पी०ए०/निविदा सूचना/ग्रा०नि०वि०/2025-26/ दिनांक-23.02.2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्तक्षरी द्वारा निम्न सिविल निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 17.03.2026 के अपराहन् 2.00 बजे तक कॉलम 8 पर कार्य योजना के सम्मुख अंकित उपखण्ड कार्यालय में आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे अधिकृत कमेटी की उपस्थिति में सभी ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष उपखण्ड कार्यालय में खोली जायेंगी। निर्माण कार्यों से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र, निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 16.03.2026 तक कॉलम 8 पर कार्ययोजना के सम्मुख अंकित उपखण्ड कार्यालयों में 5.00 बजे सायं तक विक्रय किये जायेगे।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत ( लाख में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य/ ( जी.एस.टी. ) अतिरिक्त | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकरण श्रेणी | निविदा बिक्री का स्थान | निविदा की वैद्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | दैवीय आपदा मद के अन्तर्गत थराली बाजार से थाना थराली सड़क मार्ग में भूस्खलन से क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों का पुनर्निमाण कार्य (वि०ख० थराली) | 7.62 | निविदा मूल्य-1000.00 एवं +18% GST-180.00 | 22860.00 | 9 माह | "ई" एंव उच्चतर | उपखण्ड थराली | 90 दिन |
| 2 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थराली के मुख्य भवन में रंगरोगन एवं मरम्मत कार्य (वि०स० थराली) | 11.74 | निविदा मूल्य-1500.00 एवं +18% GST-270.00 | 35220.00 | 9 माह | "ई" एंव उच्चतर | उपखण्ड थराली | 90 दिन |

**नोट**- निर्माण कार्यों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी / प्राक्कलन / रेखाचित्र एवं निविदा की शर्तें आदि किसी भी कार्य दिवस को इस कार्यालय एवं सम्बन्धित उपखण्ड कार्यालय से ली जा सकती है, तथा निविदा मूल्य ई-चालान का हैड-0515008000100, निविदा ई-चालान मूल्य जी०एस०टी० नं0-05AAAGR2838C1ZL में लगाया जायेगा।

( इं. अल्लादिया )
अधिशासी अभियन्ता

# अनुसूचित जनजाति आयोग की अध्यक्ष ने ग्राम दुकान का किया उद्घाटन

■ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिला सशक्त बाजार मंच महिलाओं को व्यवसाय से जुड़ने के होंगे अच्छे अवसर प्राप्त: लीलावती



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** नावार्ड एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विकासखंड चकराता के फेडिज ग्राम पोस्ट ऑफिस अटप्ल में ग्राम दुकान की स्थापना की गई है। ग्राम दुकान का उद्घाटन अध्यक्ष लीलावती राना अनुसूचित जनजाति आयोग ने किया।

अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि महिलाओं को आजीविका के लिए ग्राम दुकान एक बहुत अच्छा प्लेटफार्म है, इससे महिलाओं की आजीविका तो सुधरेगी ही, इसके साथ-साथ महिलाओं को घर से बाहर निकलने व व्यवसाय से जुड़ने के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के विकास के लिए प्रतिबंध है तथा महिलाओं को आगे कौशल विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, चकराता एनआरएलएम की ब्लॉक मिशन प्रबंधक डॉ. पूजा गौड़ ने बताया कि अब महिलाओं द्वारा निर्मित सभी वस्तुओं को उपभोक्ता तक पहुंचाने के लिए ग्राम दुकान बहुत अच्छा माध्यम है तथा सभी महिलाओं के विभिन्न प्रकार की वस्तुएं निर्मित की जा रही हैं, उनको ग्राम दुकान के माध्यम से अह उनको मार्केट तक पहुंचाने का एक अच्छा प्लेटफार्म साबित होगा।

एनआरएलएम चकराता की संपूर्ण टीम अपने हर संभव प्रयास से दूर दराज के गांव के समूह को जोड़कर महिलाओं को संपूर्ण विकास में जुटी हुई है।

इस अवसर पे पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक मयंक सिंह ने बताया कि विभिन्न बैंक लिंकेज के माध्यम से महिलाओं को सस्ती ब्याज दर पर ब्ब्स् उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा महिलाओं के अपनी आजीविका के माध्यम से कई व्यवसाय भी प्रारंभ कर रही हैं। इस मौके पे समाजसेवी व भाजपा नेता दुल्हाराम शर्मा, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष आयोग के सदस्य सुरेंद्र राणा, सुरवीर सिंह धोबाल व समूह की बहुत सारी महिलाएं उपस्थित रही।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0069578 का प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जो ढुंढने पर भी नहीं मिल रहा है। मैने अपनी हाईस्कूल की परीक्षा उत्तराखंड बोर्ड से उत्तीर्ण की है।

**प्रशांत बंगवाल पुत्र राजेंद्र प्रसाद बंगवाल, जयालगढ़, पो. ओ. मलेथा कीर्तिनगर, टिहरी गढ़वाल।**

# कार्यालय जिला पंचायत रूद्रप्रयाग

पंत्राक: 2027/कर/ला0उपविधि/2026 दिनांक: 23/02/202

उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम 2016( अधिनियम संख्या 11 वर्ष 20216) के भाग -4 अध्याय-19 की धारा 106 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये उत्तराखण्ड गजट नोटिफिकेशन दिनांक 02 जून 2012 में प्रकाशित जिला पंचायत रुद्रप्रयाग के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के व्यसायकर्ताओं से सम्बन्धित है, में आंशिक संशोधन तथा कुछ नये व्यवसाय जोड़ते हुए निम्न उपविधि पारित करती है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त उपविधि पर आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्तर्गत जिला पंचायत रुद्रप्रयाग के कार्यालय में अपनी लिखित आपत्तियों की कारणों सहित कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। 30 दिन के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा, एवं 30 दिन के पश्चात उपविधि को सरकारी गजट में प्रकाशनार्थ विहित अधिकारी को प्रेषित कर दिया जायेगा।

## उपविधियां

1. यह उपविधियां जिला पंचायत रूद्रप्रयाग की जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के व्यवसायियों/दुकानों/ठेकेदारों की संशोधित उपविधियां सन-2026 कहलायेगी।
2. यह उपविधियां उत्तराखण्ड के राजकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगी।
3. इन उपविधियों के प्रभावी होने पर वर्तमान समय में प्रचलित उपविधियों स्वत: ही निरस्त हो जायेगी परन्तु उनके अन्तर्गत की गई कोई कार्यवाही जारी किया गया कोई लाईसेन्स तथा वसूली की गयी कोई राशि निर्धारित अवधि तक वैध रहेगी।
4. कोई भी व्यक्ति जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी प्रकार का व्यवसाय/दुकान/फेरी लगाकर/दुकान/ठेकेदारी व्यवयाय नही करेगा अथवा कोई भी आटा चक्की/तेल/मशीन/धान मशीन/रूई मशीन/आरा मशीन/खराद मशीन एवं अन्य प्रकार की लघु औद्योगिक इकाई नही लगायेगा/स्थापित नही करेगा जब तक कि इस प्रयोजन हेतु जिला पंचायत से लाईसेन्स न प्राप्त कर लिया हो ।
5. इन उपविधियों के प्रयोजन हेतु लाइसेन्सिग अधिकारी/अपर मुख्य अधिकारी/कार्य अधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत जिला पंचायत का कोई अधिकारी/कर्मचारी होगा।
6. लाईसेन्स की अवधि एक वर्ष के लिए होगी जो 01 अप्रैल से प्रारम्भ होकर आगमी वर्ष 31 मार्च तक होगी।
7. लाइसेन्सिग अधिकारी द्वारा उपविधि क्रमांक संख्या-18 में निर्धारित शुल्क जमा करवाने एवं उपविधियों में निर्धारित अन्य/औपचारिकतायें पूर्ण करवाने के उपरान्त ही लाइसेन्स निर्गत किया जा सकेगा।
8. लाईसेन्स अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह समुचित कारणों से किसी व्यक्ति को लाइसेन्स देने से इन्कार कर दें अथवा जारी किसी लाईसेन्स को निरस्त कर दें। लाईसेन्स निरस्त किये जाने की दशा मे सम्बन्धित व्यक्ति को तत्काल अपना व्यवसाय बन्द कर देना होगा अन्यथा वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
9. लाईसेन्सिग अधिकारी के आदेश के विरुद्व पारित के दिनांक से 30 दिन के अन्दर अध्यक्ष, जिला पंचायत रुद्रप्रयाग को अपील की जा सकेगी, तथा इस सम्बन्ध में अध्यक्ष का आदेश अन्तिम तथा बंधनकारी होगा।
10. प्रत्येक व्यवसायकर्ता का यह व्यक्तिगत दायित्व होगा कि वह अपने व्यवसाय हेतु प्रत्येक वर्ष 30 जून तक जिला पंचायत से लाइसेन्स प्राप्त कर लें। बिना जिला पंचायत रुद्रप्रयाग के लाइसेन्स के व्यवसाय करने पर अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित व्यवसायी का होगा, साथ ही सम्बन्धित व्यवसाय के लाइसेन्स का प्रतिवर्ष नवीनीकरण किया जाना प्रत्येक व्यवसायी का दायित्व होगा।
11. राज्य के बाहरी व्यक्तियों यथा फेरी व्यवसायकर्ता, राजमिस्त्री, श्रमिक आदि के द्वारा जिला पंचायत रुद्रप्रयाग से लाइसेन्स प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित व्यक्ति को मूल जनपद का पहचान पत्र एवं पुलिस द्वारा सत्यापन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
12. प्रत्येक व्यवासायी को अपने दुकान के सुदृष्य स्थान पर सूचना पट्ट लगाना होगा जिस पर दुकान/फर्म/लाईसेन्सधारी का नाम, पता तथा भावसूची हिन्दी देवनागरी लिपि में सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए अंकित करना अनिवार्य होगा।
13. किसी भी व्यक्ति को किसी सार्वजनिक सड़क/सार्वजनिक स्थान की सीमा के अन्दर अपना व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होगी, तथा उनके द्वारा किसी सार्वजनिक सड़क/स्थान का ना तो अतिक्रमण किया जायेगा, तथा ना ही इन पर कूड़ा/करकट अथवा ठोस अपशिष्ट पदार्थ छोडा जायेगा।

**ठेकेदारी व्यवसाय**

14. जनपद के किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों अथवा स्थानीय इकाइयों/निगमों/संस्थाओं मे कोई भी व्यक्ति तब तक ठेके पर कार्य करने के लिए अधिकृत नही होगा जब तक कि उसके इस प्रयोजन हेतु जिला पंचायत से लाइसेन्स न प्राप्त कर लिया हों। प्रति ठेकेदार हेतु लाइसेन्स शुल्क की धनराशि रूपयें 1500( एक हजार पॉच सौं) प्रति वर्ष होगी तथा प्रत्येक फर्म/संस्था हेतु लाइसेन्स शुल्क की धनराशि रूपयें-2500( दो हजार पॉच सौं) प्रति वर्ष होगी। प्रत्येक वर्ष के लिए लाईसेन्स 30 जून तक निर्धारित शुल्क जमा करने पर जारी किया जा सकेगा, इसके उपरान्त निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त रूपयें 30( तीस) प्रतिमाह की दर से बिलम्ब शुल्क जमा करने पर लाईसेन्स निर्गत किया जा सकेगा।

| वर्तमान उपविधि | संशोधित उपविधि |
|---|---|
| 1. जिले के ग्रामीण क्षेत्र के किसी भी विभाग मे कार्य करने हेतु जिला पंचायत को लाईसेन्स शुल्क रूपये 1000 देय होगा।<br>2 .जिला पंचायत में ठेका करने हेतु पंजीयन शुल्क रूपये 1000 ( एक हजार) लाईसेन्स शुल्क केअतिरिक्त जमा करना होगा। | 1.जिले के ग्रामीण क्षेत्र मे किसी भी विभाग में कार्य करने हेतु ठेकेदार द्वारा रुपये-1500( एक हजार पॉच सौं) तथा फर्म/संस्था द्वारा रूपये-2500( दो हजार पॉच सौं) लाईसेन्स शुल्क जिला पंचायत रुद्रपयाग कार्यालय में जमा करने पर ठेकेदारी लाईसेन्स निर्गत किया जायेगा।<br>2.जिला पंचायत मे ठेका करने हेतु पंजीयन शुल्क रूपये 2000( दो हजार मात्र) प्रतिवर्ष लाईसेन्स शुल्क के अतिरिक्त जमा करना होगा। |

15.यदि कोई व्यक्ति जिला पंचायत में भी ठेके पर कार्य करना चाहता है तो उपरोक्त लाईसेन्स शुल्क के अतिरिक्त रूपये 2000( दो हजार मात्र) प्रतिवर्ष की दर से पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा और जिला पंचायत में ठेकेदारी पंजीकरण की अवधि एक वित्तीय वर्ष के लिए होगी जो 01 अप्रैल से प्रारम्भ होकर आगामी वर्ष-31 मार्च तक होगी। इसके साथ-साथ निम्नलिखित विवरण के अनुसार सामान्य प्रतिभूति राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा डाकघर/बैक सावधि जमा के रूप में जमा करना होगा। ठेकेदारों कों निम्न श्रेणी में अभियंता, जिला पंचायत की संस्तुति पर पंजीकृत किया जायेगा।

**वर्तमान उपविधि**

| श्रेणी | सामान्य जमानत | हैसियत | कार्य की लागत |
|---|---|---|---|
| ए( प्रथम) | 20,000 | 10,00,000 | सभी लागत के कार्य |
| बी( द्वितीय) | 15,000 | 5,00,000 | पॉच लाख तक के कार्य |
| सी( तृतीय) | 5,000 | 2,00,000 | दो लाख तक के कार्य |

**संशोधित उपविधि**

| श्रेणी | सामान्य जमानत | हैसियत | कार्य की लागत |
|---|---|---|---|
| ए( प्रथम) | 20,000 | 10,00,000 | सभी लागत के कार्य |
| बी( द्वितीय) | 15,000 | 5,00,000 | पांच लाख तक के कार्य |
| सी( तृतीय) | 5,000 | 2,50,000 | दो लाख पचास हजार तक के कार्य |

**नोट**-1 श्रेणी ए के लिए अनुमोदित ठेकेदारों को भवन, पुल, सडक आदि निर्माण/अनुरक्षण कार्यो के विभागों 20 लाख का अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
2. बी श्रेणी के लिए विगत वर्ष में 05 लाख तक के निर्माण कार्यो के निस्पादन का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. जिला पंचायत हेतु ठेकेदारी पंजीयन अभियंता, जिला पंचायत की संस्तुति पर ही होगा।
4. विभिन्न श्रेणी में निर्धारित जमानत धनराशि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत रूद्रप्रयाग के पद नाम बन्धक प्रस्तुत करनी होगी।

16. किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभाग/स्थानीय निकायों/निगमों/संस्थाओं के मुख्य कार्यपाल अधिकारी का दायित्व होगा कि वह किसी भी व्यक्ति को अपने विभाग में तब तक न तो कोई ठेका स्वीकृत करें और न ही पंजीकृत करें जब तक कि सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा जिला पंचायत से लाईसेन्स प्राप्त न कर लिया हो। यदि कोई विभाग इन उपविधियों के अन्तर्गत जिला पंचायत रुद्रप्रयाग का लाइसेन्स प्राप्त न करने वाले व्यक्ति को ठेका स्वीकृत करता है तो ठेका स्वीकृत करने वाले अधिकारी के विरुद्व उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम 2016 के प्राविधानों के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

17. ठेकेदारी का लाईसेन्स प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित व्यक्ति को निर्धारित प्रपत्र पर प्रार्थना पत्र जो कि रुपये-100.00 मूल्य पर जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है, प्रस्तुत करना होगा। प्रार्थना पत्र के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, जी0एस0टी0 तथा जिला पंचायत के कर आदि का अदेयता प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। इसके उपरान्त ही लाईसेन्स निर्गत किया जा सकेगा।

18. इन उपविधियों के अधीन निम्न लाईसेन्स शुल्क प्रतिवर्ष( 1अप्रैल से 31 मार्च तक)अदा करने पर ही लाईसेन्स निर्गत किया जायेगा।

| क्र. स. | व्यवसाय/दुकान का प्रकार | वर्तमान लाईसेन्स शुल्क रू. | संशोधित दर रू. |
|---|---|---|---|
| 1. | कपडा कपड़ा परचून की संयुक्त दुकान पर | 200.00 | 400.00 |
| 2. | केवल कपड़ा अथवा परचून की दुकान पर | 150.00 | 300.00 |
| 3. | रेडीमेंट कपड़ा/होजरी की दुकान पर | 150.00 | 300.00 |
| 4. | राशन की दुकान ( गल्ला अडत) थोक व्यापार | 400.00 | 500.00 |
| 5. | राशन की दुकान खुदरा व्यापार | 200.00 | 400.00 |
| 6. | हलवाई चाय नमकीन की संयुक्त दुकान पर | 200.00 | 300.00 |
| 7. | केवल हलवाई ( मिठाई) की दुकान पर | 150.00 | 300.00 |
| 8 | चाय बिस्कुट नमकीन की दुकान पर | 100.00 | 200.00 |
| 9. | बेकर्स/कन्फैक्शनर्स ( बैकरी की दुकान) | 200.00 | 400.00 |
| 10. | सब्जी, फल की दुकान | 150.00 | 300.00 |
| 11. | केवल सब्जी अथवा फलों की दुकान | 100.00 | 200.00 |
| 12. | पान, बीडी, सिगरेट की दुकान | 100.00 | 300.00 |
| 13. | बिसातखाने की दुकान पर | 100.00 | 200.00 |
| 14. | जनरल स्टोर/श्रृंगार सामग्री की दुकान | 200.00 | 400.00 |
| 15. | प्लास्टिक सामान, चंमडे, फोम, रेक्सीन की दुकान | 200.00 | 300.00 |
| 16. | शीतल पेय पदार्थो की दुकान | 150.00 | 300.00 |
| 17. | पुस्तक विक्रेता, बुक सेलर एण्ड स्टेशनर्स की दुकान | 200.00 | 300.00 |
| 18. | पीतल, तांबा, स्टील, एल्यूमिनियम के बर्तन की दुकान | 200.00 | 400.00 |
| 19. | फोटो स्टूडियों एवं विडियों कवरेज की दुकान | 400.00 | 500.00 |
| 20 | केवल फोटो स्टूडियो की दुकान | 200.00 | 400.00 |
| 21 | फोटो स्टेट/इलेक्ट्रोस्टेट की दुकान | 150.00 | 200.00 |
| 22 | टेलीविजन, रेडियों, ऑडियों, विडियों कैसेट एवं अन्य इलेक्ट्रानिक की बिक्री की दुकान | 400.00 | 600.00 |
| 23 | केवल रेडियों एवं ऑडियों उपकरणों एवं घडियों की बिक्री की दुकान | 200.00 | 300.00 |
| 24 | टेलीविजन,रेडियों घडी तथा अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण की मरम्मत की दुकान | 200.00 | 500.00 |
| 25 | इलेक्ट्रॉनिक ( बिजली) सामान/उपकरण की दुकान | 200.00 | 400.00 |
| 26 | ड्राईक्लीनर्स एण्ड डायर्स की दुकान | 200.00 | 300.00 |
| 27 | धोबी,नाई एवं मोची की दुकान पर | 100.00 | 200.00 |
| 28 | पेंटस सामग्री विक्रेता | 150.00 | 500.00 |
| 29 | जूते चप्पलों की दुकान | 200.00 | 400.00 |
| 30 | सोने, चांदी के आभूषणों की दुकान | 400.00 | 700.00 |
| 31 | सोने, चांदी के आभूषण मरम्मत की दुकान | 200.00 | 400.00 |
| 32 | सरिया, सीमेन्ट हार्डवेयर एवं अन्य भवन निर्माण सामग्री की दुकान | 700.00 | 1000.00 |
| 33 | केवल लोहे का सामान, औजार की दुकान | 500.00 | 700.00 |
| 34 | इबारती लकडी, लकडी के चौखट, खिडकी आदि की दुकान | 400.00 | 600.00 |
| 35 | ईधन हेतु लकडी( जलौनी लकडी कोयला)की दुकान | 200.00 | 300.00 |
| 36 | घरेलू/ऑफिस फर्नीचर की दुकान | 400.00 | 600.00 |
| 37 | साधारण होटल/ढाबा जहां भोजन उपलब्ध हो | 150.00 | 400.00 |
| 38 | साधारण होटल, यात्री विश्रामालय/लॉज जहां भोजन एवं यात्रियों के ठहरने की सामान्य व्यवस्था हो | - | |
| (क) | जंहा पर 05 कमरों तक की व्यवस्था हो | 200.00 | 1000.00 |
| (ख) | जहां पर 10 कमरों तक की व्यवस्था हो | 400.00 | 2500.00 |
| (ग) | जहां पर 10 से 20 कमरों तक की व्यवस्था हो | 600.00 | 4000.00 |
| (घ) | 20 से 30 कमरों तक | - | 7000.00 |
| (ड़) | 30 से 50 कमरों तक | - | 10000.00 |
| (च) | 50 से अधिक कमरों पर | - | 20000.00 |
| 39 | **रिर्जाट** | | |
| (क) | 01 से 10 कमरों तक | - | 10000.00 |
| (ख) | 10 से अधिक कमरों तक | - | 20000.00 |
| 40 | टूरिस्ट हट्स/टेंट | - | |
| (क) | 01 से 05 हट्स/टेंट | - | 2500.00 |
| (ख) | 05 से 10 हट्स/टेंट | - | 4000.00 |
| (ग) | 10 से अधिक हट्स/टेंट | - | 7000.00 |
| 41 | गिफ्ट शॉप | - | 400.00 |
| 42 | प्राइवेट नर्सिग होम/क्लीनिक जहां मरीजों की भर्ती करने की व्यवस्था हों | 1000.00 | 2500.00 |
| 43 | मेडिकल प्रैक्टिशनर/जहां एक्सरे की व्यवस्था हो | 500.00 | 1000.00 |
| 44 | मेडिकल प्रैक्टिशनर/मेडिकल स्टोर हो | 300.00 | 500.00 |
| 45 | टेलरिंग शॉप जहां तीन व्यक्ति तक कार्यरत हों | 100.00 | 200.00 |
| 46 | टेलरिंग शॉप जहां तीन से अधिक व्यक्ति कार्यरत हों | 200.00 | 400.00 |
| 47 | पैट्रोल/डीजल पम्प पर | 1000.00 | 3000.00 |
| 48 | मिटटी तेल की दुकान पर | 200.00 | 500.00 |
| 49 | मोटर वर्कशॉप जहां पर चौपाया वाहनों की मरम्मत की जाती हों | 400.00 | 1000.00 |
| 50 | **मोटर वर्कशॉप जहां पर स्कूटर मोटर साईकिल मरम्मत की जाती हों** | 200.00 | 500.00 |
| 51 | **लघु उद्योग व्यवसाय-** | | |
| (क) | बैकरी उद्योग साबुन उद्योग मोमबत्ती उद्योग धूप अगरबत्ती उद्योग प्रत्येक उद्योग पर | 500.00 | 1000.00 |
| (ख) | स्टील उद्योग जहां दरवाजे खिडकी ग्रिल बनते है | 500.00 | 1000.00 |
| (ग) | स्टील उद्योग जहां शटर बक्से आलमारी आदि बनते | 1000.00 | 1500.00 |
| (घ) | ईट के ब्लॉक बनाने का उद्योग | 500.00 | 1000.00 |
| (ड) | सीमेन्ट के टाईल्स/ब्लाक निर्माण उद्योग | 500.00 | 1000.00 |
| (च) | कताई बुनाई/हथकरघा उद्योग | 200.00 | 300.00 |
| 52 | **ग्रामीण बाजारों में दैनिक/साप्ताहिक/पाक्षिक उत्सवों/ मेलों में व्यवसाय करने पर** | | |
| (क) | मिठाई/चाय की दुकान पर | 50.00 | 100.00 |
| (ख) | श्रृंगार वस्तुओं की दुकान पर | 50.00 | 100.00 |
| (ग) | रेडीमेट कपडों की दुकान पर | 100.00 | 200.00 |
| (घ) | खिलौने/गुब्बारे आदि की दुकान पर | 50.00 | 100.00 |
| (ड) | छोटी चरखियों पर | 100.00 | 200.00 |
| (च) | बडी चरखियों पर | 200.00 | 500.00 |
| 53 | पशु क्रय-विक्रय पर | 200.00 | 1000.00 |
| 54 | ग्रामीण क्षेत्र में कुली, श्रमिक व्यवसाय | 100.00 | 500.00 |
| 55 | राजमिस्त्री | - | 1000.00 |
| 56 | मोटर पार्टस बिक्री की दुकान | 400.00 | 800.00 |
| 57 | मोटर टायर/हवा मशीन की दुकान पर( पंचर) | 200.00 | 300.00 |
| 58 | सिनेमा घर/मनोरजंन गृह | 1000.00 | 1500.00 |
| 59 | जूस उद्योग/फैक्ट्री | - | 1000.00 |
| 60 | प्रिटिंग प्रेस की दुकान | 500.00 | 1000.00 |
| 61 | मोबाईल दुकान/रिपेयरिंग | 300.00 | 500.00 |
| 62 | खनन | 1000.00 | 3000.00 |
| 63 | स्टोन क्रेशर | - | 5000.00 |
| 64 | बारात घर जहॉ ठहरने की व्यवस्था हो | - | 5000.00 |
| 65 | बारात घर | 1000.00 | 3000.00 |
| 66 | टेंट हाउस | 1000.00 | 2000.00 |
| 67 | डेयरी व्यवसाय | - | 500.00 |
| 68 | कम्प्यूटर ट्रेनिग इन्स्टीट्यूट/टाईपिंग | 200.00 | 500.00 |
| 69 | फेरी लगाकर सामान बेचने पर | 600.00 | 1000.00 |
| 70 | बूचड व्यवसाय | 1000.00 | 2000.00 |
| 71 | मदिरा की दुकान | 1000.00 | 5000.00 |
| 72 | आटा, मसाला, तेल, धान, रुई प्रत्येक चक्की पर | 200.00 | 500.00 |
| 73 | आरा मशीन | 400.00 | 600.00 |
| 74 | वेल्डिंग मशीन | 100.00 | 300.00 |
| 75 | सोलर प्लांट | - | 1000.00 |
| 76 | गैस एजेन्सी | - | 2000.00 |
| 77 | हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट | - | 5000.00 |
| 78 | मुर्गा/मछली फार्म | - | 2000.00 |
| 79 | मोबाईल टावर | - | 8000.00 |
| 80 | प्राइवेट स्कूल | - | 2000.00 |
| 81 | हवाई सेवाऐं | - | 10000.00 |
| 82 | अदेयता प्रमाण-पत्र शुल्क/निर्वाचन अन्य | 40.00 | 100.00 |
| 83 | प्रतिबन्धित क्षेत्र ( यात्रा मार्ग रामपुर फाटा से श्री केदारनाथ धाम तक) में मीट/मदिरा बेचने पर ( अर्थदण्ड) | - | 5000.00 |
| 84 | आवारा पशुओं/पालतू कुत्ते ग्रामीण क्षेत्र में छोड़ने पर चालान( चालान मालिक पर) | | |
| | 1-पालतु कुत्ते | - | 1000.00 |
| | 2-गाय/बछड़ा प्रति हेड | | 2000.00 |
| | 3-बैल/बछडा प्रति हेड | | 2500.00 |
| 85 | वाहन शोरुम( दो पहिया वाहन) | - | 2000.00 |
| 86 | वाहन शोरुम( चार पहिया वाहन) | - | 5000.00 |
| 87 | होम-स्टे | - | 1000.00 |
| 88 | अन्य प्रकार की कोई दुकान /व्यवसाय जिसका उल्लेख इन उपविधियों में न हो | 100.00 | 500.00 |

**नोट**-सार्वजनिक ग्रामीण बाजारों में सामान बिक्री हेतु लाने वाले वाहनों पर प्रति क्विंटल शुल्क- 3.00 रू0

**शास्ति**

उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम 2016( अधिनियम संख्या 11 वर्ष 2016) की धारा 147 से 149 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, जिला पंचायत रुद्रप्रयाग यह आदेश देती है कि कोई व्यक्ति उपरोक्त उपविधियों में किसी भी एक उपविधि का उल्लंघन करता है तो ऐसे उल्लंघनकर्ता को न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध होने पर रूपये-5000.00 ( पांच हजार) तक का अर्थदण्ड दिया जा सकता है तथा ऐसा उल्लंघन जारी रहता है तो प्रथम बार दोष सिध्द्ध होने के पश्चात प्रत्येक दिन के लिये जिसमें उल्लंघन जारी हो, रूपये-100.00 प्रतिदिन की दर से जुर्माना किया जा सकता है अथवा जैसा विहित किया जाये दण्डनीय होगा। यह अधिकार अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत रुद्रप्रयाग में निहित होगा, न्याय का क्षेत्र जनपद रुद्रप्रयाग होगा।

**( संजय कुमार )**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत रुद्रप्रयाग**

**( पूनम कठैत )**
**अध्यक्ष**
**जिला पंचायत रुद्रप्रयाग**

## टी-20 विश्व कप : सुपर आठ में जोरदार भिड़ंत के आसार

# इंग्लैंड-पाक के बीच मुकाबला आज



**● अपने पिछले सुपर-8 मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद इस मैच में मजबूत लय के साथ उतरेगा इंग्लैंड**

**● पाक की ताकत उनका स्पिन गेंदबाजी आक्रमण है, इसी में उनके गेंदबाजों ने टूर्नामेंट में अधिकतर विकेट लिए हैं**

**पल्लेकेले, श्रीलंका।** इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी की सोच और धीमी पिच पर पाकिस्तान की स्पिन गेंदबाजी ताकत के बीच मंगलवार को टी-20 विश्वकप 2026 के सुपर आठ में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होगा। पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कल इंग्लैंड अपने पिछले सुपर 8 मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद इस मुकाबले में मजबूत लय के साथ उतरेगा। उनकी बल्लेबाजी फिलिप सॉल्ट और जोस बटलर जैसे खिलाड़ियों के माध्यम से पावरप्ले में तेजी से रन बनाने पर बनी है, जबकि जैकब बेथेल पांच मैचों में 133 के स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाकर टीम के लिए सबसे लगातार रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। हैरी ब्रूक और बेथेल से बीच के ओवरों में स्थिरता की उम्मीद है, जबकि डेथ ओवरों में सैम करण और विल जैक्स पर दारोमदार होगा। इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण भी शानदार रहा है, खासकर उनके पिछले मैच में जहां स्पिनरों ने इसी मैदान पर दस में से सात विकेट लिए थे। जोफ्रा आर्चर के पेस वेरिएशन और आदिल राशिद के स्पिन कंट्रोल से पाकिस्तान की बल्लेबाजी की रफ्तार को रोकने में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है उसने अपने चार हुए ग्रुप मैचों में से तीन जीते हैं। उनकी ताकत उनका स्पिन गेंदबाजी आक्रमण है, इसी में उनके गेंदबाजों ने टूर्नामेंट में अधिकतर विकेट लिए हैं। उस्मान तारिक विशेषकर किफायती रहे हैं, उन्होंने प्रति ओवर केवल 5.82 रन दिए हैं, जिससे वह इस पिच पर गेम बदलने वाले गेंदबाज हो सकते हैं।

पाक की तकनीकी योजना मैच के दौरान 16 से 18 ओवर स्पिन गेंदबाजी करने पर फोकस करने की उम्मीद है। वहीं बल्लेबाजी की बात की जाए तो पाकिस्तान काफी हद तक साहिब. जादा फरहान पर निर्भर है, जिन्होंने चार मैचों में 164 के आक्रामक स्ट्राइक रेट से 220 रन बनाए हैं। सैम अयूब और सलमान आगा जैसे शीर्षक्रम का मकसद तेज शुरुआत देना होगा, जबकि बाबर और फखर जमान जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से दबाव के समय पारी को संभालने की उम्मीद है। पल्लेकेले में पिच की कंडीशन बैलेंस्ड रहने की उम्मीद है, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, धीरे-धीरे स्पिन गेंदबाजों को फायदा होगा। यहां पहली पारी का स्कोर आमतौर पर 150 से 170 रन के बीच होता है। ऐसा अनुमान है कि इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमें प्रतियोगिता में बने रहने के लिए 175 से 185 रन का लक्ष्य रख सकती हैं, जबकि पीछा करने वाली टीमों को उमस और बादल वाली शाम के हालात में सफल होने के लिए मजबूत मध्यमक्रम साझेदारी की जरूरत होगी। मैच की शुरुआत में स्विंग और बाद में स्पिन गेंदबाजो को मदद मिल सकती है।

# अभिषेक शर्मा 'ए' ब्लॉक से बाहर निकलने के लिए एक रन लें : गावस्कर



**● खराब फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे स्टार बल्लेबाज को दिग्गज क्रिकेटर ने दी सलाह**

**अहमदाबाद, वार्ता।** दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने सुझाव दिया कि खराब फॉर्म के कारण संघर्ष कर रहे अभिषेक शर्मा 'जीरो' ब्लॉक से बाहर निकलने के लिए एक रन लें। उन्होंने अभिषेक शर्मा को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें लाइन के पार बड़े शॉट खेलने के लिए स्वयं को मजबूर नहीं करना चाहिए। सिगल लें और शुरुआत करें। चार डॉट बॉल भी मायने नहीं रखतीं। जैसे ही उन्होंने एक रन लिया, उससे विश्वकप में उनके डक पर आउट होने का सिलसिला खत्म हुआ और उनके फॉर्म में लौटने की उम्मीदें बढ़ गईं, जिसका उन्हें बेसब्री से इंतजार था।

रविवार रात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ, उन्हें पेसरों से चुनौती मिली, जिन्होंने उन्हें बड़ा स्कोर करने से रोकने के लिए वाइड और धीमी गेंदें फेंकी। यह साफ है कि युवा ओपनर को अपना गेम बेहतर करने की जरूरत है नहीं तो विरोधी टीम उसे बाहर कर सकती है। अभिषेक की स्थिति को कैसे हैंडल किया जाए, इस पर भारतीय कोचों की राय अलग-अलग थी। असिस्टेंट कोच रायन टेन डोएशेट ने कहा कि मुझे लगता है कि विश्वकप में आने से पहले अभि की तैयारी, एक समय पर उसे फूड पॉइजनिग हुई थी, इससे साफ तौर पर उसकी प्रोग्रेस में रुकावट डाली है, जहां हम उसे इस फेज में देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आप चाहते हैं कि वह तैयार रहे और अपनी स्विंग और अपने गेम प्लान को लेकर कॉन्फिडेंट रहे और जब आप तीन जीरो स्कोर करते हैं तो यह आप पर भारी पड़ने लगता है। मैंने शुक्रवार रात नेट्स में कुछ बहुत अच्छे संकेत देखे, मुझे लगता है कि मैंने तब प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका जिक्र किया था। लेकिन वह थोड़ा कमजोर लग रहा है और कोचिग स्टाफ के तौर पर हमारा काम इसे ठीक करना है। हमारे पास ऐसा करने के लिए चार दिन हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि मुझे लगता है कि यह कोई स्ट्रगल जैसा नहीं है। आज भी, मुझे लगा कि उसे अच्छी शुरुआत मिली है। अगर आप इस समय बैट्समैन से बहुत कुछ कहते हैं, तो उससे कुछ न कहना फायदेमंद है। हर प्लेयर के पास 2-3 मैचों का ऐसा स्लैक पीरियड होता है। और यह वही समय होता है जब पांच लोग सोचते हैं।

# किदांबी श्रीकांत जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की करेंगे अगुवाई

**● पुरुषों के एकल मुख्य ड्रॉ में किदांबी के साथ उनके हमवतन किरण जॉर्ज व थारुन भी होंगे**

**मुलहेम एन डेर, वार्ता।** दुनिया के पूर्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत मंगलवार से मुलहेम एन डेर रूर के वेस्टएनर्जी स्पोर्टहॉल में शुरू होने वाले जर्मन ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती अगुवाई करेंगे। पुरुषों की एकल बैडमिटन रैंकिग में 32वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत, इस साल की शुरुआत में इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में दो क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के बाद जर्मन ओपन में उतरेंगे।

उन्हें आखिरी बार इस महीने की शुरुआत में बैडमिटन एशिया टीम चैंपियनशिप में खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने भारत के लिए अपने दोनों एकल रबर जीते थे। पुरुषों के एकल मुख्य ड्रॉ में किदांबी श्रीकांत के साथ उनके हमवतन किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली भी होंगे। ओलंपियन और दुनिया के नंबर 5 खिलाड़ी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव पुरुष एकल में टॉप सीड हैं और पहले राउंड में किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु की गैरमौजूदगी में दुनिया की नंबर 40 तन्वी शर्मा महिला सिगल्स में भारत की कमान संभालेंगी।

तन्वी शर्मा, जो पिछले साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप और यूएस ओपन में उप विजेता रही थीं, उनके साथ महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में तस्नीम मीर, मालविका बंसोड़, रक्षिता रामराज और इशारानी बरुआ होंगी।


# गोल्फ विस्तार को 830 करोड़ का निवेश होगा



**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने सोमवार को आधिकारिक तौर पर 10 शहरों की अपनी फेंचाइजी टीमों के जरिए गोल्फ के देशभर में विस्तार के लिए 100 मिलियन डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) के निवेश की घोषणा की है। यहां की गई घोषणा के अनुसार लीग ने 100 मिलियन डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ एक मजबूत ढांचा तैयार किया है। इसके अलावा 250 मिलियन डॉलर (करीब 2000 करोड़ रुपये) गोल्फ कोर्स बनाने के लिए अलग से रखे गए हैं। इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों में 8-10 एकड़ के छोटे गोल्फ कोर्स बनाए जाएंगे जिससे यह खेल बड़े और महंगे क्लबों से निकलकर स्थानीय मैदानों तक पहुंचेगा। इस खेल की पुरानी सीमाओं को तोड़ते हुए आईजीपीएल को एक बड़े और रोमांचक लीग फॉर्मेट में तैयार किया गया है ताकि प्रोफेशनल गोल्फ को आम जनता तक पहुंचाया जा सके। इसके पहले सीजन में हैदराबाद, मुंबई, कोल. काता, दिल्ली, चेन्नई, विशाखापत्तनम, गोवा, बेंगलुरु, पंजाब और गुरुग्राम की टीमें खिताब जीतने के लिए आपस में भिड़ेंगी।

आईजीपीएल ने 'गोल्फ ग्रोथ इनिशिएटिव' शुरू करने के लिए इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू), विमेंस गोल्फ एसोसिएशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूजीएआई), पीजीए ऑफ इंडिया (पीजीएआई) और द गोल्फ फाउंडेशन (टीजीएफ) के साथ साझेदारी की है। यह प्रोग्राम नए खिलाड़ियों को सीधे खेल के दिग्गजों से जोड़ता है। जीव मिल्खा सिंह, शिव कपूर, ज्योति रंधावा, गगनजीत भुल्लर, गौरव घई और एसएसपी चौरसिया जैसे महान खिलाड़ी नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करेंगे, ताकि स्कूलों से लेकर प्रोफेशनल गोल्फ तक पहुंच सके। इस घोषणा को लेकर आईजीपीएल के मुख्य कार्यकारी उत्तम सिंह मुंडी ने कहा कि यह कोई आम खेल निवेश नहीं है। यह खेलों के जरिए बिजनेस बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण का एक खास मंच है। हमारे फेंचाइजी पार्टनर फार्मा, इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट और वेंचर कैपिटल जैसे क्षेत्रों से आते हैं, और वे आईजीपीएल को एक खेल संस्कृति बनाने के एक बड़े मौके के रूप में देखते हैं। 100 मिलियन डॉलर का निवेश हमारे विजन में उनके भरोसे को दिखाता है।

# हम अगले मैच में मजबूत वापसी करेंगे : सूर्यकुमार



**● भारतीय टी-20 कप्तान ने बल्लेबाजों व गेदबाजी में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि हम सुपर आठ के अगले मैच में मजबूती के साथ वापसी करेंगे। दक्षिण अफ्रीका से 76 रनों की हार के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि उम्मीद है कि अच्छी बल्लेबाजी, अच्छी गेंदबाजी और अच्छा क्षेत्ररक्षण करेंगे।

बस इतना ही। हम इसे सरल रखने का प्रयास करेंगे। हम जैसा क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वैसा ही क्रिकेट खेलेंगे, और कुछ नहीं बदलेगा और मुझे लगता है कि हम मजबूती से वापसी करेंगे। दक्षिण अफ्रीका से भारत की 76 रन की हार ने टूर्नामेंट में उसकी 12 मैचों की जीत का सिलसिला खत्म कर दिया और डिफेंडिंग चैंपियन को सेमीफाइनल तक पहुंचने के लिए मुश्किल रास्ते पर छोड़ दिया। अब उन्हें मुकाबले में बने रहने के लिए अपने शेष सुपर आठ मैचों में जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी।

भारत का अगला मुकाबला गुरुवार को चेन्नई में जिम्बाब्वे से होगा।

### खेल विशेष

# खेलो इंडिया विंटर गेम्स का शुभारंभ गुलमर्ग बना राष्ट्रीय खेल उत्सव का केन्द्र

**श्रीनगर, वार्ता।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को गुलमर्ग में 6वें खेलो इंडिया विटर गेम्स का विधिवत उद्घाटन किया। देश के प्रमुख शीतकालीन खेल केंद्र गुलमर्ग में आयोजित चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 1,000 खिलाड़ी और अधिकारी भाग ले रहे हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि गुलमर्ग में आयोजित खेलो इंडिया विटर गेम्स एक साधारण खेल आयोजन से आगे बढ़कर राष्ट्रीय उत्सव का स्वरूप ले चुका है। यह आयोजन शांति, समानता और सौहार्द के मूल्यों को पुनर्जीवित करता है तथा विविध भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं वाले देश में एक साझा विरासत के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि विटर गेम्स जीवन की चुनौतियों का प्रतिबिब हैं, जो खिलाड़ियों में दृढ़ता और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं। गिरना, गलतियों का विश्लेषण करना और बेहतर बनकर उठना-यही खेल की असली सीख है, जिसे स्कीयर यहां आत्मसात करेंगे। उपराज्यपाल ने इस आयोजन के व्यापक उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलो इंडिया विटर गेम्स राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आपसी सम्मान साथ-साथ चल सकते हैं और आज समाज को इसी भावना की आवश्यकता है। अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और स्की माउंटेनियरिग जैसी स्पर्धाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में खिलाड़ी अपनी तकनीकी दक्षता, वर्षों की मेहनत और अदम्य साहस का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से खेल भावना के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और पूरे टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आह्वान किया। उपराज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में खेल क्षेत्र में हुए बदलावों का भी उल्लेख किया।

# 72वीं सीनियर नेशनल्स पुरुषों की कबड्डी चैंपियनशिप 24 से 27 तक

**● चैंपियनशिप में देश भर से 31 टीमें हिस्सा लेंगी और लगभग 400 खिलाड़ी शामिल होंगे**

**वडोदरा, वार्ता।** 72वीं सीनियर नेशनल्स पुरुषों की कबड्डी चैंपियनशिप 2026, 24 से 27 फरवरी तक यहां समा इनडोर कॉम्प्लेक्स में खेली जायेगी। इस चैंपियनशिप में देश भर से 31 टीमें हिस्सा लेंगी और लगभग 400 खिलाड़ी खिताब जीतने के लिए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देंगे।

अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत होने वाले इस टूर्नामेंट में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ उभरते सितारे भी भाग लेंगे। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी इस चैंपियनशिप के दौरान एक्शन में दिखेंगे। पीकेएल सीजन 12 के टॉप तीन रेडर शामिल हैं,अयान लोहचब (हरियाणा), जिन्होंने शानदार 316 रेड पॉइंट बनाए, देवांक दलाल ने 271 रेड पॉइंट बनाए, और भरत हुड्डा, जिन्होंने 230 रेड पॉइंट के साथ सीजन खत्म किया। आशु मलिक, जिन्होंने पिछले सीजन में दबंग दिल्ली को टाइटल जिताने में मदद की थी, रेलवे का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि अर्जुन देशवाल एक बार फिर कप्तानी करते दिखाई देंगे जब वह उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करेंगे। टूर्नामेंट में दीपक शंकर (तमिलनाडु) जैसे उभरती हुई प्रतिभा भी दिखेगी, जिन्होंने बेंगलुरु बुल्स के लिए 64 टैकल पॉइंट बनाए और उन्हें पीकेएल 12 में सीजन का न्यू यंग प्लेयर चुना गया। पुणेरी पल्टन के रेडर आदित्य लशदे महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिन्होंने पांच सुपर रेड समेत 159 रेड पॉइंट बनाए। हरियाणा के डिफेंडर नितेश कुमार, जिन्होंने 65 टैकल पॉइंट्स और पांच हाई-5 के साथ एक और शानदार परफॉर्मर किया है, वे भी इस चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे।

साथ ही, होनहार खिलाड़ी अनिल (हिमाचल प्रदेश) और उदय पराते (मध्य प्रदेश) भी इस चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे। डिफेंडिंग चैंपियन सर्विसेज, जिसमें देवांक दलाल, नवीन कुमार, भरत हुड्डा, अंकित जगलान और जयदीप दहिया जैसे स्टार खिलाड़ियों की लाइनअप है, अपना टाइटल बचाने के इरादे से टूर्नामेंट में उतरेगी। रेलवे, हरियाणा और महाराष्ट्र की टीमें भी उतनी ही मज़बूत हैं। इन टीमों से उन्हें कड़ी मुश्किल मिलने की उम्मीद है, जिससे एक कड़े मुकाबले वाली चैंपियनशिप का माहौल बनेगा। यह टूर्नामेंट एलीट और उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए भी एक बेहत. रीन प्लेटफॉर्म का काम करेगा।

# यह सोचकर निकलती हूं कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना है : साक्षी



**● कहा : अगर मैं क्वालिफाइंग राउंड के लिए जाती हूं तो मुझे बस जीतकर वापस आना है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम राष्ट्रीय में प्रशिक्षण ले रही मिडफील्डर साक्षी राणा का कहना है कि मैं हर दिन यह सोचकर निकलती हूं कि मूझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। यहां राष्ट्रीय शिविर में मुख्य कोच शोर्ड मारिन और साइंटिफिक एडवाइजर वेन लोम्बार्ड के दिशा निर्देश में चल रहे प्रशिक्षण शिविर को लेकर 18 वर्षीय साक्षी ने कहा कि हर दिन मैं यह सोचकर बाहर निकलती हूं कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

अगर मैं क्वालिफाइंग राउंड के लिए जाती हूं, तो मुझे बस जीतकर वापस आना है। अभी, हमें बस हर एक दिन कड़ी मेहनत करनी है और कोच ने हमारे लिए जो भी प्लान बनाया है, उसे पूरा करना है। उन्होंने कहा कि जिन चीजो में हमारी कमी है, वे हमें दिन-ब-दिन उन पर काम करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। वेन सर बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, इस बात पर ध्यान दे रहे हैं कि कितनी ताकत और फिटनेस की आवश्यकता है, और हमें रिकवरी का महत्व सिखा रहे हैं। जहां तक स्ट्रक्चर की बात है, वे सब कुछ धीरे-धीरे और साफ-साफ समझा रहे हैं। सीनियर खिलाड़ी भी हम जूनियर खिलाड़ियों को लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कि हमारी वन-ऑन-वन मीटिंग्स में, कोच ने मुझसे कहा कि मैं जो कर रही हूं, वही करती रहूं, लेकिन उन्होंने मेरी प्री-स्कैनिग और ऑन- फील्ड कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने की जरूरत पर बल दिया, क्योंकि मैं सेंटर में खेलती हूं। टीम मीटिंग्स में, हम स्ट्रक्चर पर बहुत अधिक फोकस कर रहे हैं। बॉल को कैसे पकड़ना है और चकमा देने के बजाय कब पास करना है, यह जानना, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बहुत जल्दी आ जाता है। उल्लेखनीय है कि भारत के एफआईएच हॉकी विश्वकप 2026 क्वालिफायर तेलंगाना के हैदराबाद में आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ शुरू होंगे।

# रणजी ट्रॉफी का दिलचस्प मुकाबला आज

## कर्नाटक दबदबे की विरासत जारी रखने, जे-के पहली बार चैंपियन बनने उतरेगा

कर्नाटक दबदबे की विरासत जारी रखने, जम्मू-कश्मीर पहली बार चैंपियन बनने उतरेगा-

हुबली, वार्ता। हुबली क्रिकेट मैदान पर मंगलवार को रणजी ट्रॉफी 2025-26 के फाइनल में मेजबान कर्नाटक अपने दबदबे की विरासत को जारी रखने, जबकि जम्मू-कश्मीर ऐतिहासिक प्रदर्शन कर पहली चैंपियन बनने उतरेगा। एक ओर जहां घरेलू कर्नाटक क्रिकेट टीम है। जो अनुभव, स्वभाव और बड़े मैचों की जानक. ारी के बल पर आठ बार चैंपियन बनी है। वहीं दूसरी ओर 67 साल के इतिहास में पहली बार फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर की टीम के संघर्ष और जूनून की कहानी है। कर्नाटक की बल्लेबाजी लाइनअप में जबरदस्त दम और अंतर्राष्ट्रीय पहचान है। केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों की क्लास और संयम टॉप पर स्थिरता देते हैं, जबकि मयंक अग्रवाल और करुण नायर जैसे अनुभवी घरेलू चैंपियन रेड-बॉल में अपना दबदबा साबित करते हैं। कर्नाटक के इस सीजन में घरेलू सनसनी स्मरण रविचंद्रन का भी जलवा रहा है, जिन्होंने जबरदस्त औसत से रन बनाए हैं, जिससे वह टूर्नामेंट के सबसे खतरनाक बल्लेबाजो में से एक बन गए हैं। श्रेयस गोपाल के ऑलराउंड असर के साथ, कर्नाटक का फॉर्मूला आसान है। टोटल बनाना, सेशन को कंट्रोल करना और गेम को बेरहमी से खत्म करना। लेकिन क्रिकेट, खासकर लंबे प्रारुप के फाइनल में, शायद ही कभी यह सबसे बड़े नामों से तय होता है। यह उन खिलाड़ियों से तय होता है जो जब मोमेंटम बदलने लगता है तो चुपचाप मैच को एक साथ रखते हैं। वहीं जम्मू और कश्मीर क्रिकेट टीम के लिए, यह फाइनल केवल एक चैंपियनशिप मुकाबला नहीं है, यह इतिहास है। उनका पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहु. चना पहले ही सीजन की सबसे इंस्पायरिग कहानियों में से एक बन गया है। उनका अभियान किसी एक सुपरस्टार पर निर्भर रहने के बजाय मिलकर लड़ने की भावना के आस-पास बना है। इस कहानी के शांत हीरो ऑलराउंडर आकिब नबी रहे हैं। टूर्नामेंट में 50 से अधिक विकेट और बल्ले से निचले क्रम में अहम योगदान के साथ, उन्होंने टीम के प्रेशर-ब्रेक स्पेशलिस्ट की तरह काम किया है। जब साझेदारी बढ़ने लगीं, तो उन्होंने ब्रेकथ्रू दिलाए। जब बल्लेबाजी के गिरने का खतरा था, तो उन्होंने पारी को संभाला। जम्मू और कश्मीर की बल्लेबाजी को पारस डोगरा जैसे अनुभवी कप्तान ने भी संभाला है, जिनकी दबाव वाली स्थिति में शांत मौजूदगी ने युवा खिलाड़ियों को गाइड किया है। शुभम खजूरिया और कमरन इकबाल के टॉप-ऑर्डर सपोर्ट ने शुरुआती मोमेंटम दिया है, जबकि अब्दुल समद और आबिद मुश्ताक की मध्यमक्रम स्टेबिलिटी ने दबाव बनने पर स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया है। कर्नाटक अपने पारंपरिक चैंपियनशिप ब्लूप्रिंट पर निर्भर रहेगा। प्रसिद्ध कृष्णा, विद्वाथ कवरप्पा जैसे तेज गेंदबाजी विकल्प की लीडरशिप में गेंदबा. जी आक्रमण और अनुभवी कैंपेनर्स का सपोर्ट यह पक्का करता है कि वे लहरों में अटैक कर सकें। श्रेयस गोपाल का स्पिन कंट्रोल अक्सर पिच के टूटने पर अहम हो जाता है।

**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र मनोज मेरे कहने सुनने में नहीं है इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किसी कृत्यकार्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सुभाष** पुत्र नकली,
निवासी: ग्राम बेलड़ा परगना व तहसील रुड़की हरिद्वार।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय श्रीमान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, टिहरी गढ़वाल, नई टिहरी**

मूल वाद सं०-93 सन्-2025

**पिटिशनर-** श्रीमती नीमा

**बनाम**

**रेस्पोडेण्ट-** कमल

**नोटिस बनाम-** कमल पुत्र स्व० रामलाल निवासी ग्राम व पोस्ट-तीला, जिला-पौड़ी गढ़वाल।

चूंकि पिटिशनर ने धारा-13 हिन्दु विवाह अधिनियम 1955, के तहत आपके विरूद्ध एक पिटिशन विवाह विच्छेद के बाबत इस न्यायालय में प्रस्तुत की है, जिसमें सुनवाई हेतु दिन 10 माह 03 सन्-2026 की तिथि नियत है।

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है, कि आपको यदि इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति या जवाबदावा प्रस्तुत करना हो तो आप इस पिटिशन की सुनवाई हेतु नियत तिथि दिन 10 माह 03 सन-2026 को समय 10:00 बजे दिन स्वयं या अपने अभिभाषक/न्यायमित्र के माध्यम से इस न्यायालय में हाजिर आकर प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा इस न्यायालय द्वारा पिटिशनर की पिटिशन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में कर दी जायेगी।

अतः आज दिन 07 माह 02 सन्-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**आज्ञा से**
**प्रबन्धक/रीडर**
**कुटुम्ब न्यायालय**
**टिहरी गढ़वाल**

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलक्टर टिहरी, टिहरी गढवाल।**

राजस्व वाद सं०-54 सन्-2025-26

संदीप

**बनाम**

मोन सिंह आदि

**नोटिस बनाम- 1.** मोन सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी ग्राम जौलंगी पट्टी जुवा जिला टिहरी गढवाल।

चूंकि वादीगण द्वारा उक्त वाद में अपने ग्राम जौलंगी पट्टी जुवा तहसील कण्डीसौड़ जिला टिहरी गढवाल के वर्तमान खाता सं०-85 के बंटवारे के लिये अन्तर्गत धारा 176 उ०प्र० जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम का पेश किया गया जिसमे सहखातेदार मोन सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी ग्राम जौलंगी पट्टी जुवा जिला टिहरी गढवाल पर समन की तामिली न हो पाने के कारण इस अखबार प्रकाशन से सूचना दी जाती है कि उक्त वाद में दिनांक 06-03-2026 की तिथि नियत है यदि उपरोक्त खाताधारक को कोई आपत्ति पेश करनी हो तो उक्त नियत तिथि तक स्वयं या द्वारा अधिवक्ता आपत्ति पेश करें।

एतद्द्वारा आपके द्वारा चूक करने पर वादीगण के उक्त वाद में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। अतः सूचना समझे।

आज दिनांक 06 माह 02 सन्-2026 को न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**प्रबंधक/रीडर**
**असिस्टेण्ट कलक्टर**
**टिहरी, टिहरी गढ़वाल**

### नगर पंचायत कलियर व तहसील प्रशासन ने

# सिंचाई विभाग की जमीन से हटवाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत क्षेत्र में कलियर पुल के समीप सिंचाई विभाग की भूमि पर अवैध रूप से संचालित मछली की दुकानों के खिलाफ सोमवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। अपर तहसीलदार रुड़की सुभागनी और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी कुलदीप चौहान के नेतृत्व में राजस्व विभाग, नगर पंचायत और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कलियर और प्रशासन को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थी कि पुल के पास सरकारी भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर मछली की दुकानें संचालित कर रखी हैं।



नगर पंचायत की रिपोर्ट के आधार पर संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। अपर तहसीलदार सुभागनी ने बताया कि संबंधित दुकानदारों के पास न तो भूमि पर कब्जे का कोई वैध दस्तावेज था और न ही मछली विक्रय का लाइसेंस।

वहीं कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने प्रारंभिक विरोध जताया लेकिन पुलिस की मुस्तैदी और प्रशासन की सख्ती के चलते उन्होंने स्वयं ही अपना सामान समेटते हुए दुकानें हटा लीं। ईओ कुलदीप चौहान ने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे और अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आउटसोर्स कंपनी पर निर्धारित वेतन न देने का लगाया आरोप

**❖बीआरपी-सीआरपी कर्मचारियों ने कहा, तय मानदेय के बावजूद हर महीने कटौती से कर्मचारियों में नाराजगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन) और सीआरपी (क्लस्टर रिसोर्स पर्सन) के करीब 600 कर्मचारियों को इन दिनों वेतन के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि आउटसोर्स कंपनी की ओर से न तो समय पर वेतन जारी किया जा रहा है और न ही तय मानदेय का पूरा भुगतान किया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि नियुक्ति के समय 40 हजार रुपये मासिक वेतन निर्धारित किया गया था। अब वास्तविक भुगतान 28 हजार 800 रुपये दिया जा रहा है। बिना किसी स्पष्ट कारण के हर महीने वेतन में कटौती कर दी जाती है, जिससे आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कई कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें परिवार चलाने और दैनिक खर्चों के लिए भी उधार लेना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि वे शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, स्कूलों की मॉनिटरिंग और शैक्षिक गुणवत्ता सुधार जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लगातार जिम्मेदारी निभा रहे हैं लेकिन बावजूद उन्हें समय पर पारिश्रमिक नहीं मिल रहा। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि वेतन संबंधी शिकायतें कई बार संबंधित अधिकारियों और आउटसोर्स कंपनी तक पहुंचाई गईं लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इससे कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों ने मांग की है कि लंबित वेतन का जल्द भुगतान कराया जाए और तय मानदेय के अनुसार बिना कटौती नियमित वेतन सुनिश्चित किया जाए।

## पुलिस के हत्थे चढ़े दो आरोपी तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** जनपद हरिद्वार के थाना खानपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपितों के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 22 फरवरी 2026 की सांय थाना खानपुर क्षेत्रांतर्गत गैर प्रांत उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर सीमा से सटे गोवर्धनपुर चौकी क्षेत्र में खानपुर पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के उद्देश्य से दैनिक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक संदिग्ध अवस्था में आते दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा रोककर आवश्यक पूछताछ व तलाशी ली गई तो उनके पास से एक तमंचा 315 बोर तथा दो अदद जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपितों को मौके से गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है तथा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी-सोनू कुमार पुत्र पाला सिंह, निवासी खेड़की, थाना पुरकाजी, जिला मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)। राजन पुत्र गौतम, निवासी ग्राम तल्हेड़ी, थाना देवबंद, जिला सहारनपुर हैं। पुलिस टीम-उप निरीक्षक नवीन नेगी,कांस्टेबल हरेंद्र सिंह,कांस्टेबल अरविंद सिंह,कांस्टेबल बलबीर सिंह आदि शामिल रहे।

# व्यापार मंडल का नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन

### महापौर व मुख्य नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर भवन कर में वृद्धि का जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड के पदाधिकारियों ने नगर निगम रुड़की के खिलाफ कड़ा विरोध जताते हुए मुख्य नगर आयुक्त एवं महापौर को ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल ने आरोप लगाया कि नगर निगम ने पूर्व में किए गए वादे के बावजूद भवन कर में 5 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है, जो जनहित के विपरीत है। व्यापार मंडल का कहना है कि निगम क्षेत्र के प्रत्येक मकान पर 100 रुपए प्रतिमाह यूजर चार्ज, छोटे व्यापारियों पर 200 रुपए प्रतिमाह, बड़ी दुकानों पर 500 रुपए प्रतिमाह तथा अन्य प्रतिष्ठानों पर इससे अधिक शुल्क लगाया गया है। इसके साथ ही व्यावसायिक कर/लाइसेंस शुल्क भी लागू कर दिया गया है, जिसे व्यापारी वर्ग ने अस्वीकार्य बताया है। ज्ञापन में व्यापार मंडल ने चार प्रमुख मांगें रखी जिसमें भवन कर में की गई 5% वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए, यूजर चार्ज को भवन एवं प्रतिष्ठानों से समाप्त कर उसका गजट नोटिफिकेशन निरस्त किया जाए,व्यावसायिक कर/लाइसेंस शुल्क को वापस लिया जाए और अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करते हुए रेहड़ी, पटरी व चलित विक्रेताओं के लिए वेंडिंग जोन तथा समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष अजय गुप्ता, प्रदेश महामंत्री नवीन गुलाटी, संयोजक रामगोपाल कंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, कविस मित्तल, आकाश गोयल, संदीप शर्मा , राम सतीजा, वसीम राजा, पंकज जिंदल, सौरभ सिंगल, मनोज मेहरा, बेबी खन्ना (पूर्व पार्षद), संजय कश्यप, मनीष डिंपल, संजय प्रजापति, घनश्याम वर्मा, पुलकित सिंगल, सुरेंद्र कुमार सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।



## विजिलेंस ने 14 जगहों पर पकड़ी बिजली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** विजिलेंस व विधुत विभाग की टीम ने लंढौरा क्षेत्र के दो गांवों में छापेमारी करते हुए 14 जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी है। विभागीय अधिकारी पकड़े गए बिजली चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहे है। जैनपुर झंझेड़ी व बिझौली गांव में लंबे समय से बिजली चोरी को लेकर मिल रही शिकायतों की रोकथाम को लेकर सोमवार को लंढौरा विधुत उप स्टेशन के एसडीओ गुलशन बुलानी के नेतृत्व में विजिलेंस व उर्जा निगम की टीम ने बिजली चोरों के खिलाफ बड़े स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया। एसडीओ गुलशन कुमार बुलानी ने बताया कि टीम द्वारा कई जगहों पर जांच की गई जिसमें दर्जन भर से अधिक घरों में बिजली चोरी होती पाई गई है। पकड़े गए बिजली चोरों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने की तैयारी की जा रही हैं। उन्होंने बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर आगे भी अभियान जारी रहने की बात कही। उर्जा निगम द्वारा बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी से बिजली चोरों में दिन भर हडकंप मचा रहा। टीम में उपखंड अधिकारी गुलशन बुलानी, अवर अभियंता विनोद कुमार, विजिलेंस के सहायक अभियंता धनंजय सिंह, सहायक अभियंता विकास कुमार, सहायक अभियंता विजिलेंस रॉबिन मनेरिया अवर अभियंता विजिलेंस अनिता काला अवर अभियंता विजिलेंस सपना व लाइन स्टाफ मौजूद रहे।

## हंगामा कर रहे युवक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** नगर में शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए झबरेड़ा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को कस्बा झबरेड़ा में रवि निवासी ग्राम भगतोवाली,थाना झबरेड़ा नाम का व्यक्ति सड़क पर सरेआम शोर-शराबा और हल्ला कर रहा था। युवक की हरकतों से वहां झगड़ा फसाद की स्थिति पैदा हो रही थी और आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचे पुलिसकर्मियों ने युवक को काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वह शांत होने के बजाय हंगामा करता रहा। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने गिरफ्तारी के बाद आरोपित को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## होली के रंग में रंगने लगा बाजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रंगों का त्योहार होली आने में अभी करीब दस दिन शेष हैं, लेकिन शहर के बाजारों में अभी से होली की रौनक दिखाई देने लगी है। मुख्य बाजार, सिविल लाइंस और आसपास के इलाकों में अबीर-गुलाल, रंग और तरह-तरह की पिचकारियों से दुकानें सज गई हैं। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और वे अभिभावकों के साथ अपनी पसंद की पिचकारी खरीदने पहुंच रहे हैं। इस बार बाजार में रंगों और पिचकारियों की अनेक वैरायटी उपलब्ध है। कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां, टैंक मॉडल, मशीनगन स्टाइल और प्रेशर पंप पिचकारियां बच्चों को आकर्षित कर रही हैं। वहीं युवाओं के लिए बड़े साइज की मल्टी-शॉट पिचकारियां भी आई हैं। गुलाल के रंगों में भी खास विविधता देखने को मिल रही है। खासतौर पर सिलेंडर पैक में उपलब्ध गुलाल ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# याचिकाकर्ता ने जिलाधिकारी से लगाई संयुक्त पैमाइश कराने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित भूमि की संयुक्त पैमाइश से जुड़ा मामला उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद अधर में लटका है। इस बीच मामले में याचिकाकर्ता ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर एक जनप्रतिनिधि पर प्रशासनिक कार्रवाई को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए प्रकरण में निष्पक्ष कार्रवाई कर मामला निस्तारित कराने की मांग की है। याचिकाकर्ता रामपुर रायघटी गांव के पूर्व ग्राम प्रधान ब्रह्मपाल सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम बताया कि उनकी और अन्य किसानों की उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा से लगी भूमि को वर्ष 2002 में राजस्व और नजीबाबाद वन प्रभाग उत्तर प्रदेश ने अपने अधिकार में ले लिया था। कई कोशिशों के बाद भी संयुक्त सर्वे कराने के बाद नजीबाबाद के सबलगढ़ और लक्सर तहसील के रामपुर रायघटी गांव की भूमि पिलर लगाए गए थे। इसके बाद भी नजीबाबाद वन प्रभाग उन्हें उनकी भूमि पर कृषि कार्य नहीं करने दे रहा है। याचिका दायर करने पर उच्च न्यायालय ने भूमि की संयुक्त पैमाइश कराने कर प्रकरण को निस्तारित करने के आदेश प्रशासन को दिए हैं। इसके लिए लक्सर तहसील प्रशासन की एक टीम भी गठित की जा चुकी है लेकिन तीन बार प्रयास करने के बावजूद भूमि की संयुक्त पैमाइश की कार्रवाई शुरू नहीं हो सकी है। पूर्व प्रधान ने एक जनप्रतिनिधि पर प्रशासनिक कार्रवाई को प्रभावित करने और पैमाइश नहीं होने देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से मामले में निष्पक्ष कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मनोज कुमार व उसकी पत्नी शिवानी व उसकी बेटी मिष्ठी का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने मनोज कुमार, शिवानी व मिष्ठी को अपनी तमाम चला चल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **बाबूराम पुत्र रामस्वरूप नि. खेड़ी शिकोहपुर थाना भगवानपुर, हाल नि. चोली शहाबुद्दीनपुर, भगवानपुर, हरिद्वार।**

# कांग्रेसियों ने पहाड़ के अम्बेडकर मुंशी हरि प्रसाद टम्टा को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला कांग्रेस कमेटी के कैंप कार्यालय पर पहाड़ के अंबेडकर मुंशी हरिप्रसाद टम्टा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में प्रतिभा किया।

इस अवसर पर मुंशी जी के जीवन परिचय पर बोलते हुए राजेंद्र चौधरी ने कहा कि मुंशी जी ने अपने जीवन काल को गरीबों असहाय शोषितों के प्रति समर्पित भाव से समर्पण कर दिया था वह पहाड़ में जातिवाद अंग्रेज सरकार के विरुद्ध लड़ाई लड़ते रहे तथा समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने अनेक अनेक कार्य किया वह एक महान शक्सीयत थे जिन्हें हमेशा याद रखा जाएगा,उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं डॉक्टर राकेश गॉड ने कहा कि मुंशी जी ने बहुत विकट समय में अपने समाज एवं क्षेत्र की लड़ाई लड़ी और उनके सत्कर्म ही आज पूजनीय है हम उन्हें सच्चे दिल से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता डॉ राकेश गॉड डॉ हरविंदर सिंह जसविंदर सिंह जस्सी मकसूद हसन विकास सैनी नीरज सैनी राजेश कुमार सुभाष चौधरी सलीम अल्वी उदय चौधरी एडवोकेट नीरज अग्रवाल इमरान दिलशाद आदि मौजूद रहे।



### किशनपुर जमालपुर में अवैध खनन को लेकर

# किसानों का एसपी देहात कार्यालय पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** तहसील रुड़की क्षेत्र के ग्राम किशनपुर जमालपुर (थाना भगवानपुर) में अवैध रेत खनन के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मामले को लेकर भाकियू क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल तथा नायब तहसीलदार यूसुफ अली को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले काफी समय से गांव में कुछ लोग नदी में लगभग 10 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और एक जेसीबी मशीन की मदद से दिन-रात अवैध खनन कर रहे हैं। खनन की गई रेत को ओवरलोड वाहनों में भरकर गांव के बीच से ले जाया जा रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। तेज रफ्तार और ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से आमजन, विशेषकर स्कूली बच्चों की सुरक्षा को खतरा बताया गया है।मौके पर पहुंचे हरजौली जट्ट गांव के ग्रामीणों ने भी धड़ल्ले से अवैध खनन होने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि ग्राम प्रधान और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से खनन माफिया बेखौफ होकर दिन-रात ओवरलोड वाहन दौड़ा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।शिकायत में यह भी कहा गया कि अवैध खनन से नदी का स्वरूप बदल रहा है और आसपास के खेतों की मिट्टी कटने का खतरा बढ़ गया है। बरसात के समय किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। भाकियू क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। वहीं अधिकारियों ने ज्ञापन लेकर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।इस अवसर पर कुलदीप सैनी,देशराज,प्रदीप कुमार,अनिल कुमार,अमित सतीश,भारतवीर,अंकित, बंटी,सौरभ,महेश कुमार,संदीप सैनी,रमेशचंद आदि मौजूद रह।



### आईआईटी रुड़की ने सीमापार जल सहयोग पर 4वें रुड़की वाटर कॉन्क्लेव 2026 का किया उद्घाटन

# उच्च-स्तरीय पैनल में सामुदायिक-केन्द्रित जल सहयोग मॉडल पर विशेष बल

**❖ नेक्सस-आधारित जल शासन को आगे बढ़ाने के लिए वैश्विक नेतृत्व आईआईटी रुड़की में एकत्रित**

**❖सतत विकास के लिए डेटा, जलवायु सहनशीलता और जल सुरक्षा के बीच सेतु निर्माण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) ने राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान (एनआईएच) रुड़की के सहयोग से "नेक्सस दृष्टिकोण के माध्यम से सीमापार जल सहयोग" विषय पर 4वें रुड़की वाटर कॉन्क्लेव (आरडब्ल्यूसी 2026) का उद्घाटन किया। यह द्विवार्षिक कॉन्क्लेव विश्वभर के प्रमुख नीति-निर्माताओं, शोध कर्ताओं, उद्योग जगत के नेताओं और जल विशेषज्ञों को उभरती जल चुनौतियों के एकीकृत एवं सतत समाधान पर विचार-विमर्श हेतु एक मंच प्रदान करता है। प्रमुख विषयगत क्षेत्रों में सीमापार नदी बेसिन प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन एवं सहनशीलता, हाइड्रो-मौसमीय चरम घटनाएँ, भूजल स्थिरता, जल गुणवत्ता, तथा जलखऊर्जाख खाद्य नेक्सस शामिल हैं। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो. कमल किशोर पंत, निदेशक, आईआईटी रुड़की ने की। डॉ. वाई.आर.एस. राव, निदेशक, एनआईएच रुड़की, कॉन्क्लेव के सह-अध्यक्ष हैं, जबकि प्रो. आशीष पांडे, आईआईटी रुड़की, संयोजक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

सत्र का प्रारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और कुलगीत की प्रस्तुति से हुआ, जिसके पश्चात प्रो. आशीष पांडे द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। प्रो. कमल किशोर पंत; डॉ. वाई.आर.एस. राव; तथा डॉ. मार्क स्मिथ, महानिदेशक, अंतरराष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान (आईडब्ल्यूएमआई) ने संबोधन दिए। कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मानित श्री उमाशंकर पांडे, श्री सवजीभाई धोलकिया और श्री पोपटराव पवार के विशेष उद्बोधन, कॉन्क्लेव कार्यवाही का विमोचन, तथा डॉ. विनोद के. पॉल, माननीय सदस्य, नीति आयोग, भारत सरकार का मुख्य व्याख्यान शामिल था। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। सभा को संबोधित करते हुए प्रो. कमल किशोर पंत ने कहा, "जल सुरक्षा का सीधा संबंध जलवायु सहनशीलता, खाद्य प्रणालियों और ऊर्जा स्थिरता से है, क्योंकि एआई डेटा सेंटरों के बढ़ते उपयोग के कारण जल की मांग में वृद्धि हो रही है। रुड़की वाटर कॉन्क्लेव जैसे मंच साक्ष्य-आधारित संवाद को सक्षम बनाते हैं और सहयोगात्मक तथा विज्ञान-आधारित जल शासन के लिए वैश्विक साझेदारियों को प्रोत्साहित करते हैं।

प्रो. आशीष पांडे, संयोजक, आरडब्ल्यूसी 2026 ने कहा, "जटिल सीमापार जल चुनौतियों के समाधान के लिए नेक्सस दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है। आरडब्ल्यूसी 2026 को वैज्ञानिक अनुसंधान, नीति ढाँचे और सामुदायिक सहभागिता को एकीकृत कर सतत जल प्रबंधन हेतु क्रियाशील मार्ग विकसित करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। विभिन्न देशों से कुल 42 मुख्य वक्ता अपने मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे और तकनीकी सत्रों में भाग लेंगे। ये वक्ता संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, इजराइल, नीदरलैंड, कनाडा, जापान, नॉर्वे, श्रीलंका, थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ताइवान और नेपाल सहित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के विशेषज्ञों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन विशिष्ट वक्ताओं की उपस्थिति वैश्विक दृष्टिकोण और वर्तमान जल प्रबंधन चुनौतियों तथा नवाचारी समाधानों पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करेगी। आरडब्ल्यूसी 2026 की एक प्रमुख विशेषता 'जल सहयोग में सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक-आर्थिक पहलू' विषय पर आयोजित विशिष्ट पैनल है, जिसमें पद्मश्री सम्मानित सवजीभाई धोलकिया, पोपटराव पवार, भरत भूषण त्यागी और उमाशंकर पांडे सहित वरिष्ठ नीति-निर्माता जैसे श्री राजीव रंजन मिश्रा (पूर्व महानिदेशक, एनएमसीजी), युगल जोशी (कार्यक्रम निदेशक, नीति आयोग), आर. एन. मिश्रा (पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन लिमिटेड), श्री अतुल जैन (उपाध्यक्ष, दीन दयाल शोध संस्थान), तथा प्रो. अनिल के. मिश्रा (तकनीकी विशेषज्ञ, एनआरएए, भारत सरकार) शामिल हैं। यह उच्च-स्तरीय पैनल विज्ञान, नीति और जमीनी नेतृत्व के बीच सेतु स्थापित कर समावेशी, सामुदायिक-प्रेरित और संस्थागत रूप से सुदृढ़ जल शासन ढाँचों को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कॉन्क्लेव में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख वक्ताओं, विशिष्ट पैनल सदस्यों और तकनीकी विशेषज्ञों की प्रभावशाली श्रृंखला शामिल है, जो प्रतिष्ठित संस्थानों और वैश्विक संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। पूर्ण सत्रों, तकनीकी चर्चाओं और नीति संवादों के माध्यम से आरडब्ल्यूसी 2026 अंतर्विषयी सहयोग को सुदृढ़ करने और सहनशील एवं न्यायसंगत जल संसाधन प्रबंधन ढाँचों को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखता है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# राजनीति का गिरता स्तर

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी। यूपी पुलिस ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ बाल यौन शोषण के आरोपों में रविवार को एफआईआर दर्ज की। दरअसल जगदगुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने प्रयागराज की पॉकसो कोर्ट में दो बच्चों को पेश कर अविमुक्तेश्वरानंद पर आरोप लगाए हैं। इसी को आधार बनाकर कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। इसके बाद रविवार की देर रात मुकदमा दर्ज हो गया। इसी के साथ राजनीति भी शुरू हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक प्रेस वार्ता कर जगदगुरु राम भद्राचार्य के बारे में कहा कि एक समय उन पर मुकदमे दर्ज थे, जो उन्होंने वापस लिए थे। यह मुझसे गलती हुई थी। मुझे उसे वापस नहीं लेना चाहिए था। निश्चित रूप से जिस तरह की कार्रवाई शंकराचार्य के खिलाफ देखने में आई, वह बदले की कार्रवाई ज्यादा लगती है। जिसमें एफआईआर दर्ज हुई है यह मामला बीस वर्ष पुराना बताया जा रहा है। कोई भी पूछ सकता है कि आखिर बीस वर्षों तक इस मामले पर चुप्पी क्यों साधी गई। इस तरह की कार्रवाई तभी देखने में क्यों आई जब पिछले दिनों माघ मेले में गंगा स्नान को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद को रोका गया। सरकार और शंकराचार्य के बीच जिस तरह तू-तू मैं मैं बढ़ी कि अविमुक्तेश्वरानंद बिना स्नान किए ही वापस चले गए। उम्मीद थी कि यह मामला शीघ्र शांत हो जाएगा, लेकिन समय के साथ-साथ और तूल पकड़ता जा रहा है। गंगा स्नान रोकने से शुरू हुआ विवाद अब शंकराचार्य और प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच तू-तू मैं मैं तक पहुंच गया है। हालात तो इतने विकट हो गए हैं कि अब दोनों ही एक दूसरे को अस्तित्व की चुनौती दे रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने तो यहां तक कह दिया कि शंकराचार्य अपने संबंध में सबूत दिखाएं। जहां तक बात विपक्षी नेताओं की है, उन्होंने इस मुद्दे को तुरंत लपक लिया है और वह शंकराचार्य के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। उसको सनातन धर्म से जोड़कर देख रहा है। सपा प्रमुख एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तो राजनीतिक मौका ताड़ प्रदेश के दो उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक को सीधे ऑफर दे दिया है कि अगर वह भाजपा के सौ विधायक लाते हैं तो सीएम की कुर्सी पा सकते हैं। ऐसा कहते हुए उन्होंने यह भी कह डाला कि यह ऑफर सिर्फ एक हफ्ते के लिए है। हालांकि दोनों सीएम का रुख शंकराचार्य को लेकर अपने सीएम से इतर रहा है। बहुत संभव है अखिलेश यादव उनके रुख को भांपकर यह ऑफर पेश कर रहे हैं। ये सब बातें तो राजनीति में चलती रहती हैं, लेकिन जिस तरह का तमाशा शंकराचार्य को लेकर इस समय देखने में आ रहा है उसे जरा भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता।

## छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए



ममता दीदी के बिना, इंडिया गठबंधन खत्म हो जाएगा, क्योंकि ममता बनर्जी इस गठबंधन की लीडर हैं, उनके साथ, दो-चार और लोग हैं जो यह जगह पा सकते हैं, मुझे लगता है कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व करने की बजाय छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए, फिर चाहे वह स्टालिन हों, ममता दीदी हों, अखिलेश हों, तेजस्वी हों, या कोई और राहुल गांधी को इन लोगों को जिम्मेदारी देनी चाहिए, पश्चिम बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सीएम ममता बनर्जी का समर्थन करने पर मेरा कहना है कि मैं खुद टीएमसी में ममता दी का पहला नेशनल सेक्रेटरी था, मैं दिसम्बर 1997 के आखिर में यहां पार्टी में शामिल हुआ था। लेकिन तीन हफ्ते के अंदर ही मुझे एहसास हो गया कि यह पार्टी बंगालियों की है और मैं बंगाली नहीं हूं, तो फिर मैं वहां क्या करता, इसलिए मैंने पार्टी छोड़ दी।

**-मणिशंकर अय्यर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन गलत, तो भाजपा का व्यवहार सही कैसे!






**रोहित कौशिक**

ए आई समिट में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने टीशर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन किया तो उन पर तरह-तरह के सवाल उठने लगे। इसके बाद एक प्रेस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल गांधी और कांग्रेस को देश का सबसे बड़ा गद्दार बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी देश आगे बढ़ता है, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी उस खुशहाली में रंग में भंग डालते हैं और विकास को बाधित करते हैं। संबित पात्रा ने एआई समिट में यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को राहुल गांधी की साजिश बताया और कांगेस को टॉपलेस, ब्रेनलेस और शेमलेस कहा। सवाल यह है कि अगर एआई समिट में यूथ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन गलत है तो फिर संबित पात्रा का यह बयान सही कैसे हो सकता है? क्या यूथ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन और संबित पात्रा का यह बयान अतिवाद की श्रेणी में नहीं आते हैं। अब भाजपा के लोग जगह-जगह राहुल गांधी के पुतले फूंक रहे हैं। राहुल गांधी को देश का गद्दार बताया जा रहा है।

दरअसल एक स्वस्थ लोकतंत्र में प्रदर्शन कर सरकार की किसी नीति का विरोध करना हर नागरिक का अधिकार है। सवाल यह है कि क्या एआई समिट में यूथ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जरूरी था या फिर किसी अन्य जगह भी प्रदर्शन किया जा सकता था? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों का विरोध करने वाले अनेक पत्रकार यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को सही ठहराया रहे हैं। नीतियों का विरोध करना ठीक है लेकिन क्या इस आधार पर यूथ कांग्रेस के इस व्यवहार को सही ठहराया जा सकता है? शायद कांग्रेस के अंदर भी यूथ कांग्रेस के इस प्रदर्शन को लेकर लोग एकमत नहीं हैं। शुक्रवार 20 फरवरी को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एआई समिट में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया था। कार्यकर्ताओ ने टीशर्ट उतारकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ 'पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड' के नारे लगाए। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या यूथ कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन सही था लेकिन गलत जगह पर था। ऐसी जगह जहां ज्ञान-विज्ञान का अस्थाई केन्द्र बनाया गया हो, वहां इस तरह का विरोध क्या देश हित में था? एक ऐसी जगह जहां कई देशों के प्रतिनिधि एआई पर केन्द्रित रचनात्मक योगदान दे रहे हों, वहां इस तरह का व्यवहार क्या कांग्रेस को कोई नई प्रतिष्ठा दिला पाएंगा? विरोध करने की सही जगह भी होनी चाहिए। हालांकि ऐसे लोग और पत्रकार जो हर महीने नरेन्द्र मोदी की सरकार गिरने की घोषणा करते रहते हैं, वे कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को सही ठहरा रहे हैं, लेकिन कुछ बातें कांग्रेस को अपने स्तर पर गंभीरता से सोचनी होंगी। निश्चित रूप से राहुल गांधी लगातार सवाल उठा रहे हैं और मेहनत कर रहे हैं। लेकिन क्या उनकी मेहनत सही दिशा में जा रही है? कहीं ऐसा तो नहीं कि कांग्रेस के कुछ क्रियाकलाप राहुल गांधी की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं? या फिर कभी-कभी राहुल गांधी स्वयं भी अपनी ही मेहनत पर पानी तो नहीं फेर रहे हैं? जहां कांग्रेस को लगता है कि सरकार की नीतियों का विरोध होना चाहिए वहां उसे विरोध करना चाहिए। लेकिन यदि जनता में यह संदेश जाएगा कि कांग्रेस तो हर बात का विरोध कर रही है तो वह स्वयं कांग्रेस के लिए भी शुभ नहीं होगा। सही जगह पर सही तरीके से विरोध होना चाहिए। सवाल यह है कांग्रेस के नेता उस तरह से सड़कों पर क्यों नहीं दिखाई देते हैं, जिस तरीके से उन्हें दिखाई देना चाहिए? क्या भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध करने के लिए एआई समिट उचित जगह थी? इस डील के विरोध में कांग्रेस सड़कों पर कितनी उतरी है? केवल दिखावे के लिए सड़कों पर उतरना दूसरी बात है और पूरे जज्बे साथ सड़कों पर उतरना दूसरी बात है। क्या कारण है कि वास्तविक मुद्दों पर कांग्रेस अभी भी एक जन आन्दोलन पैदा नहीं कर पाई है। कई बार ऐसा लगता है कि कांग्रेस अपनी ऊर्जा ऐसी जगहों पर लगा रही है जहां से उसे बदनामी ही ज्यादा मिल रही है। भाजपा के पूरे तंत्र से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस को अभी बहुत काम करने की जरूरत है।

इस मुद्दे पर राहुल गांधी को गद्दार कहने वाली भाजपा को भी यह विचार करना होगा कि क्या राहुल गांधी को गद्दार कह कर वह सवालों से बच जाएंगी? भाजपा को राहुल गांधी की आलोचना का पूरा हक है लेकिन उन्हें गद्दार कहना न केवल अलोकतांत्रिक है बल्कि शर्मनाक भी है। भाजपा को राहुल गांधी को गद्दार कहने की बजाय उनके सवालों के गंभीरता के साथ जवाब देने चाहिए। राहुल गांधी को नहीं बल्कि सवाल उठाने वाले हर नागरिक को भाजपा देशद्रोही सिद्ध करने की कोशिश करती है। भाजपा का यह चरित्र हमारे लोकतंत्र को कमजोर करता है। आज भाजपा कांग्रेस के विरोध करने के तरीके पर सवाल उठा रही है लेकिन यदि भाजपा विपक्ष में होती तो क्या वह भी कुछ इसी तरह का व्यवहार नहीं कर रही होती। आज भाजपा बार-बार यह सिद्ध करने का प्रयास करती है कि पूरा विपक्ष भारतीय संस्कृति और देश के खिलाफ है। लोकतंत्र में भाजपा की इस मानसिकता को उचित नहीं कहा जा सकता। सत्ता में होने के कारण भाजपा से ज्यादा गंभीरता की उम्मीद की जाती है, लेकिन कई बार भाजपा के अनेक नेताओं के बयान न्यूनतम मर्यादा को भी ताक पर रख देते हैं। बहरहाल एआई समिट में यूथ कांग्रेस का इस तरह से किया गया विरोध प्रदर्शन गलत है तो इस मुद्दे पर भाजपा द्वारा राहुल गांधी को गद्दार घोषित करने के प्रयास को उचित कैसे ठहराया जा सकता है।

**क्या भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध करने के लिए एआई समिट उचित जगह थी? इस डील के विरोध में कांग्रेस सड़कों पर कितनी उतरी है? केवल दिखावे के लिए सड़कों पर उतरना दूसरी बात है और पूरे जज्बे साथ सड़कों पर उतरना दूसरी बात है। क्या कारण है कि वास्तविक मुद्दों पर कांग्रेस अभी भी एक जन आन्दोलन पैदा नहीं कर पाई है। कई बार ऐसा लगता है कि कांग्रेस अपनी ऊर्जा ऐसी जगहों पर लगा रही है जहां से उसे बदनामी ही ज्यादा मिल रही है। भाजपा के पूरे तंत्र से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस को अभी बहुत काम करने की जरूरत है। इस मुद्दे पर राहुल गांधी को गद्दार कहने वाली भाजपा को भी यह विचार करना होगा कि क्या राहुल गांधी को गद्दार कह कर वह सवालों से बच जाएंगी? भाजपा को राहुल गांधी की आलोचना का पूरा हक है लेकिन उन्हें गद्दार कहना न केवल अलोकतांत्रिक है बल्कि शर्मनाक भी है। भाजपा को राहुल गांधी को गद्दार कहने की बजाय उनके सवालों के गंभीरता के साथ जवाब देने चाहिए।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आप नहीं आपके अंगों को खा जाएंगे ये सभी आहार

**यह काफी दिलचस्प बात है कि जब चूहों को फिर से सामान्य आहार दिया गया तो सेनेसेंट कोशिकाएं लगभग गायब हो गई थीं। उच्च वसा वाला भोजन और नियमित भोजन निश्चित अंतराल पर बारी-बारी करने से भी ऐसी कोशिकाओं का निर्माण रुक गया। इससे स्पष्ट होता है कि कीटोजेनिक आहार से नियमित अंतराल पर ब्रेक लेने से इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है। बहरहाल, अन्य विशेषज्ञ इस बात से सहमत नहीं हैं कि कीटोजेनिक आहार मनुष्यों के लिए भी हानिकारक है। उनका कहना है कि इन निष्कर्षों को पूरी तरह से समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है। सेनेसेंट कोशिकाओं के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हो सकते हैं-वे घाव भरने में मदद करती हैं।**

हाल ही में साइंस एडवांसेज में प्रकाशित एक अध्ययन ने तेजी से वजन घटाने और चयापचय लाभों के लिए जाने-माने कीटोजेनिक आहार के छिपे हुए जोखिम को उजागर किया है। शोधकर्ताओं ने उच्च वसा और अत्यधिक कम कार्बोहाइड्रेट पर आधारित इस आहार से चूहों के अंगों में सेनेसेंट (वृद्ध) कोशिकाओं का संचय होते देखा है। सेनेसेंट कोशिकाएं वे कोशिकाएं होती हैं जो विभाजन करना बंद कर देती हैं लेकिन मरती भी नहीं। आम तौर पर हमारा प्रतिरक्षा तंत्र इन्हें साफ कर देता है लेकिन उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा तंत्र अपना काम भलीभांति नहीं कर पाता और जमा होने वाली सेनेसेंट कोशिकाएं ऊतक के कार्य को बाधित कर सकती हैं और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म दे सकती हैं। वास्तव में, कीटोजेनिक आहार शरीर को कार्बोहाइड्रेट की बजाय वसा का उपयोग करने के लिए मजबूर करता है, जिससे कीटोन नामक अणु उत्पन्न होते हैं। आम तौर पर कीटो आहार लेने वाले लोग अपनी कैलोरी का 70 से 80 प्रतिशत वसा से और केवल 5 से 10 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट से प्राप्त करते हैं। इसके विपरीत, एक औसत अमेरिकी के आहार में लगभग 36 प्रतिशत वसा और 46 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट होता है। वैसे तो यह आहार मूल रूप से 1920 के दशक में बच्चों में मिर्गी के इलाज के लिए विकसित किया गया था लेकिन यह वजन तथा रक्त शर्करा के स्तर को कम करने और एथलेटिक प्रदर्शन को बढ़ाने की चाह रखने वालों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ है।

दरअसल, सैन एंटोनियो स्थित टेक्सास हेल्थ साइंस सेंटर के विकिरण कैंसर विशेषज्ञ डेविड गियस के नेतृत्व में शोधकर्ता यह जांच कर रहे थे कि कीटो आहार के कारण च53 प्रोटीन पर किस तरह के असर होते हैं। p53 प्रोटीन कैंसर से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही यह कोशिकीय सेनेसेंस का नियमन भी करता है। प्रयोगों के दौरान उन्होंने देखा कि उच्च वसा (जो कुल में से लगभग 90 प्रतिशत कैलोरी देता है) वाले कीटोजेनिक आहार से चूहों के दिल, गुर्दे, यकृत और मस्तिष्क में p53 और सेनेसेंट कोशिकाओं के अन्य संकेतकों का स्तर बढ़ा था। इसके विपरीत, आहार में वसा से केवल 17 प्रतिशत कैलोरी प्राप्त करने वाले चूहों के नियंत्रण समूह में ऐसी कोई वृद्धि नहीं देखी गई।



यह काफी दिलचस्प बात है कि जब चूहों को फिर से सामान्य आहार दिया गया तो सेनेसेंट कोशिकाएं लगभग गायब हो गई थीं। उच्च वसा वाला भोजन और नियमित भोजन निश्चित अंतराल पर बारी-बारी करने से भी ऐसी कोशिकाओं का निर्माण रुक गया। इससे स्पष्ट होता है कि कीटोजेनिक आहार से नियमित अंतराल पर ब्रेक लेने से इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है। बहरहाल, अन्य विशेषज्ञ इस बात से सहमत नहीं हैं कि कीटोजेनिक आहार मनुष्यों के लिए भी हानिकारक है। उनका कहना है कि इन निष्कर्षों को पूरी तरह से समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है। सेनेसेंट कोशिकाओं के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हो सकते हैं-वे घाव भरने में मदद करती हैं लेकिन अगर वे लंबे समय तक बनी रहती हैं तो सूजन पैदा कर सकती हैं और ऊतकों को क्षति भी पहुंचा सकती हैं। लिहाजा, आहार की सुरक्षा सम्बंधी निष्कर्ष निकालने से पहले मनुष्यों में इन कोशिकाओं के हानिकारक प्रभाव को प्रदर्शित करना जरूरी है। वैसे, अध्ययन यह भी कहता है कि सभी कीटोजेनिक आहार एक जैसे नहीं होते। वसा और प्रोटीन स्रोतों में भिन्नता से इनके परिणाम अलग-अलग भी हो सकते हैं। ऐसे में यह कहना उचित नहीं है कि चूहों में देखे गए प्रभाव सभी कीटोजेनिक आहारों पर एक समान रूप से लागू होंगे। बहरहाल, कीटोजेनिक आहार विभिन्न स्वास्थ्य लाभ तो प्रदान करता है लेकिन इस अध्ययन की मानें तो संतुलन और समय-समय पर इस आहार से ब्रेक लेकर सामान्य भोजन अपनाना समझदारी होगी। फिर भी इस संदर्भ में अधिक शोध आवश्यक है ताकि सुरक्षित और प्रभावी कीटोजेनिक आहार के लिए दिशानिर्देश तैयार किए जा सकें। तब तक, कीटोजेनिक आहार लेने वाले लोग प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए नियमित ब्रेक लेने पर विचार कर सकते हैं।

**-साभार**

# जलवायु परिवर्तन के लिए प्रभावी तरीके खोजना अहम

जैसे-जैसे जलवायु संकट गहराता जा रहा है, इस पर कार्रवाई के लिए प्रभावी तरीके खोजना उतना ही अर्जेंट होता जा रहा है। इस सम्बंध में एक आशा. जनक साधन रोल-प्लेइंग गेम द्धआरपीजीऋ हो सकता है। यह गेम खिलाड़ियों को एक आभासी वातावरण में जटिल स्थितियों से निपटने का काम देता है जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया पर खतरा पैदा किए बिना अपने उपायों के दीर्घकालिक प्रभावों को समझने में मदद मिलती है। इस सम्बंध में नेचर में सैम इलिंगवर्थ ने कुछ सुझाव प्रस्तुत किए हैं।

**यथार्थ विश्व में निर्णय**

यह बहुत ही दिलचस्प खेल है जिसमें आपको एक निर्णायक व्यक्ति की भूमिका में रखा जाता है। उदाहरण के लिए मान लीजिए कि आप एक तटीय शहर के मेयर हैं, और आपको यह तय करना है कि भविष्य में बाढ़ से बचने के लिए समुद्र की दीवार कितनी ऊंची बनाई जाए। इस निर्णय में आपको बाढ़ के जोखिम और दीवार के निर्माण की लागत के बीच संतुलन बनाना है। और वह भी यह जाने बिना कि समुद्र का स्तर कितनी तेजी से बढ़ेगा। ऐसे जटिल निर्णय लेने वाले परि.श्यों को इस तरह रोल-प्ले के माध्यम से प्रभावी ढंग से समझा जा सकता है।

**खेल-खेल में सीखना**

टेराफॉर्मिंग मार्स (यानी मंगल का पृथ्वीकरण) जैसे खेल खिलाड़ियों को नैतिक दुविधाओं से परिचित कराते हैं। मसलन संसाधन खर्च की प्राथमिकता अंतरिक्ष औपनिवेशीकरण हो या पृथ्वी पर समस्याओं को हल करना। इसके हर सत्र में इस बात पर तीखी बहस होती है कि मंगल जैसे किसी ग्रह पर हरित स्थानों का निर्माण करना और रहने योग्य शहर बनाना बेहतर होगा या यहां पृथ्वी की समस्याओं को दुरुस्त करना। इसी तरह, इलिंगवर्थ ने गेम शोधकर्ता पॉल वेक और जलवायु चौरिटी पॉसिबल के साथ मिलकर ताश का एक खेल बनाया था - कार्बन सिटी जीरो। इसमें प्रत्येक खिलाड़ी पहला शून्य कार्बन शहर बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करते थे। लेकिन इससे मिले फीड बैक से उन्हें समझ में आया कि प्रतिस्पर्धा वाला पहलू गलत संदेश देता है तो उन्होंने इसी खेल का नया संस्करण बनाया - कार्बन सिटी जीरो वर्ल्ड एडिशन। इसमें खिलाड़ी शून्य-कार्बन शहरों का निर्माण करने के लिए सहयोग करते हैं। यह खेल जलवायु संकट से निपटने में टीमवर्क की भूमिका को उजागर करता है।

**मैजिक सर्किल की शक्ति**

मैजिक सर्कल आधारित गेम्स में नियम लागू होते हैं। उदाहरण के लिए, डे-ब्रेकश नामक खेल में खिलाड़ी विश्व नेताओं की भूमिका निभाते हैं जो जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए मिलकर काम करते हैं। गेम में नियम लागू होते हैं जिनमें पर्यावरणीय लक्ष्य भी निर्धारित होते हैं और दंड का प्रावधान भी होता है। जैसे यदि उत्सर्जन कम नहीं किया जाता है तो दंड यह होता है कि वैश्विक तापमान बढ़ने लगता है और समुदायों पर संकट मंडराने लगता है, लेकिन देखा गया है कि ऐसे खेल जिनमें एक तयशुदा प्रक्रिया हो और परिदृश्य भी सीमित हों, उनमें रचनात्मक समाधानों की गुंजाइश कम होती है। इस संदर्भ में, टेबल टॉप रोल प्ले खेल कहीं ज्यादा लचीलापन और निजी अनुभव प्रदान करते हैं। खिलाड़ी गेम डिजाइनर के मार्गदर्शन में अपने पात्र और कहानी गढ़ते हैं। डंजियन एंड ड्रैगन्स जैसे गेम खिलाड़ियों को अपने-अपने पात्र की पृष्ठभूमि कथा तैयार करने का मौका देते हैं, जो खेल के दौरान विकसित होती रहती है। अध्ययनों से पता चलता है कि नियमित आरपीजी खिलाड़ी गैर-खिलाड़ियों की तुलना में अधिक समानुभूति प्रदर्शित करते हैं और अधिक समाज-हितैषी व्यवहार दर्शाते हैं। अधिक समानुभूति वाले लोग पर्यावरण-हितैषी निर्णयों पर अधिक ध्यान देते हैं, जैसे टिकाऊ उत्पादों का अधिक इस्तेमाल। हालांकि, इस बात के स्पष्ट प्रमाण तो नहीं हैं कि आरपीजी का प्रत्यक्ष संबंध विशिष्ट पर्यावरणीय कार्रवाइयों से होता हैं लेकिन ऐसा लगता है कि समानुभूति को बढ़ावा देकर वे जलवायु कार्रवाई को प्रोत्साहित कर सकते हैं। उपरोक्त संभावनाओं की प्रेरणा से रूटेड इन क्राइसिस टेबलटॉप आरपीजी उभरा है जिसे शोधकर्ताओं, शिक्षकों और गेम डिजाइनरों की एक वैश्विक टीम ने विकसित किया है। इस गेम में जलवायु सम्बंधी प्रामाणिक जानकारी को कथा में गूंथा जाता है। जैसे, एक खेल में खिलाड़ियों को एक जादुई शहर में रखकर भयानक बाढ़ के बाद आपदा राहत पर बातचीत के लिए छोड़ दिया जाता है। या वे किसी आसन्न आपदा के साए में अंतरिक्ष में किसी स्थान की खोज करने जैसी विचित्र परिस्थिति का सामना करते हैं। इस तरह के खेलों को अपनाने में कई दिक्कतें भी आती है। वैज्ञानिकों द्वारा समर्थित होने पर भी इन्हें अक्सर बचकाना माना जाता है। आलोचकों को यह भी चिंता है कि ऐसे खेल जटिल वैज्ञानिक डैटा और नीति संबंधी चर्चाओं का अतिसरलीकरण सकते हैं। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, रूटेड इन क्राइसिस में ऐसे परिदृश्य शामिल किए गए हैं जो वास्तविक दुनिया की जलवायु चुनौतियों को दर्शाते हैं। इसमें बढ़ते समुद्र स्तर पर शहर की प्रतिक्रिया का प्रबंधन करने, हितधारी समूहों का मुकाबला करने और सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी के लिए बातचीत करने जैसे विषय शामिल किए गए हैं। जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों को संबोधित करने में खेलों की शक्ति कुछ लोगों के व्यक्तिगत अनुभवों से प्रमाणित हुई है। खेल अलग-अलग व्यक्तित्वों को अपनाने और विभिन्न स्थितियों में समानुभूति और समस्या-समाधान का अभ्यास करने के अवसर प्रदान करते हैं।



**स्रोत फीचर्स**

## संक्षिप्त समाचार

### नेपालः त्रिशूली नदी में गिरी बस, 18 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के धादिग में रविवार देर रात एक बस के त्रिशूली नदी में गिर जाने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। नेपाल के राष्ट्रीय अखबार काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक, धादिग के बेनीघाट रोरंग ग्रामीण नगर पालिका के चरौंडी में हुए बस हादसे में घायल यात्रियों को इलाज के लिए काठमांडू भेजा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पोखरा से काठमांडू जा रही बस देर रात 1:15 बजे त्रिशूली नदी में गिर गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हैं। इनमें से 24 को आगे के इलाज के लिए काठमांडू भेजा गया है। एक घायल यात्री न्यूजीलैंड का नागरिक है। उसे इलाज के लिए मालेखु टीचिंग अस्पताल भेजा गया है।

### जॉर्डन ने फलस्तीन के पश्चिमी तट में भेजी राहत सामग्री

**अम्मान।** जॉर्डन ने रविवार को छह ट्रकों का एक मानवीय सहायता काफिला फलस्तीन के पश्चिमी तट स्थित नब्लूस में जॉर्डन के फील्ड हॉस्पिटल के लिए रवाना किया, जिसमें चिकित्सा, खाद्य और राहत सामग्री भेजी गई। जॉर्डन सशस्त्र बलों (जेएएफ) द्वारा भेजे गए इस काफिले में अस्पताल के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा उपभोग्य सामग्री, खाद्य वस्तुएं और पानी शामिल थे। जेएएफ के एक बयान के अनुसार, अस्पताल विशेषज्ञ चिकित्सकीय और तकनीकी टीमों के माध्यम से चिकित्सा और उपचार सेवाएं लगातार प्रदान कर रहा है, जिससे मौजूदा हालात में नागरिकों की स्वास्थ्य जरूरतें पूरी करने और उन पर पड़ रहे बोझ को कम करने में मदद मिल रही है।

### अलास्का तट के पास 6.1 तीव्रता का भूकंप

**अलास्का।** अमेरिका के अलास्का तट के पास सोमवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। यह जानकारी संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने दी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप जीएमटी 05:11 पर आया। इसका केंद्र निकोल्स्कोए से लगभग 86 किलोमीटर (53 मील) दक्षिण-पश्चिम में स्थित था और इसकी गहराई 25.4 किलोमीटर मापी गई। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप से किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है।

### नीता भूषण पोलैंड में भारत की नई राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा की वरिष्ठ अधिकारी नीता भूषण को पोलैंड में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भारतीय विदेश सेवा की 1994 बैच की अधिकारी नीता भूषण को पोलैंड में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। सुभूषण अभी न्यूजीलैंड में भारत की उच्चायुक्त हैं।



बारामूला। गुलमर्ग में आयोजित खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2026 के आरंभिक समारोह के दौरान जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

### ग्रीनलैंड के पीएम बोलेः ट्रम्प की 'हॉस्पिटल शिप' की जरूरत नहीं

**ओस्लो।** ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फेडरिक नील्सन ने रविवार को कहा कि उनके देश को अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भेजी जाने वाली 'हॉस्पिटल शिप' में कोई रुचि नहीं है। ट्रम्प ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा था कि वह लुइसियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री के साथ मिलकर एक 'हॉस्पिटल शिप' ग्रीनलैंड भेज रहे हैं ताकि देश में जो भी लोग बीमार हैं, उनका इलाज किया जा सके। नील्सन ने फेसबुक पर एक पोस्ट में लिखा कि इस प्रस्ताव का जवाब है 'नहीं, धन्यवाद।' उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली है, जहां नागरिकों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है।

# अफगान पर एयरस्ट्राइक कर 80 लड़ाके मारेः पाक

## कहाः टीटीपी को टारगेट किया, आत्मघाती हमलों का बदला लिया, अफगान बोलाः 16 नागरिक मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने सोमवार को बताया कि अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर कार्रवाई की गई। उनके मुताबिक कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी मीडिया डान ने दावा किया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 80 हो गई है। हालांकि सरकार ने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत सार्वजनिक नहीं किया।

दरअसल, पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। सेना ने कहा कि टीटीपी और इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े 7 कैंपों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। पाकिस्तान ने कहा कि हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए। वहीं अफगानिस्तान सरकार ने कहा कि हमले में मासूम नागरिकों को निशाना बनाया गया। मीडिया चौनल टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23



■ पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी

लोग मलबे के नीचे दब गए। अमेरिकी मानवा. धिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह 2020 में दोहा में अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत तालिबान पर दबाव डाले, ताकि अफगान जमीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के खिलाफ न हो। 2020 का दोहा समझौता जिसे अफगानिस्तान में शांति प्रयास भी कहा जाता है। यह अमेरिका और तालिबान के बीच 29 फरवरी 2020 को कतर की राजधानी दोहा में हस्ताक्षरित हुआ था। यह समझौता अफगानिस्तान में 2001 से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और अमेरिकी बलों की वापसी का रास्ता बनाने के लिए किया गया था। तालिबान ने प्रतिबद्धता जताई कि वह अफगानिस्तान की जमीन को अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी समूह या व्यक्ति को इस्तेमाल नहीं करने देगा। इसमें विशेष रूप से अल-कायदा और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों से संबंध तोड़ने और उन्हें अफगानिस्तान में भर्ती, प्रशिक्षण, फंडिंग या हमले की अनुमति न देने का वादा शामिल था। समझौते के बाद अमेरिका ने 2021 में अपनी सेना वापस बुला ली, जिसके बाद तालिबान ने तेजी से काबुल पर कब्जा कर लिया अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सही समय पर पाकिस्तान को जवाब देने की चेतावनी दी है। मंत्रालय ने इन हमलों को अफगानिस्तान की गोपनीयता नीति का उल्लंघन बताया। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार से मांग करता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे।

# मेक्सिको में सबसे बड़ा ड्रग माफिया मारा गया

## ट्रम्प के दबाव के बाद एक्शन, देशभर में हिंसा शुरू, समर्थकों ने एयरपोर्ट-मॉल में आग लगाई

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। इसके बाद देशभर में आग. जनी और हिंसा शुरू हो गई है। मेंचो के समर्थकों ने बदला लेने के लिए हाईवे को जाम कर दिया है और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। तलपला शहर में सेना के ऑपरेशन के दौरान वह घायल हो गया था।

उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एल मेंचो, जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) का लीडर था। जलिस्को कार्टेल मेक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है।

इस कार्टेल की मौजूदगी अमेरिका के 50 राज्यों में है। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प काफी समय से मेक्सिको पर एल मेंचो पर एक्शन लेने का दबाव बना रहे थे। मेक्सिको में पहले भी जब किसी बड़े कार्टेल नेता को पकड़ा गया या मारा गया है, तब सरकार और कार्टेल के बीच हिंसक टकराव हुआ है। कई बार गिरोह के अंदर ही सत्ता की लड़ाई छिड़ जाती है, जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि



■ सेना के ऑपरेशन में ड्रग माफिया सरगना मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं

एल मेंचो की मौत से पहले 2016 में सिनाओला कार्टेल के सरगना एल चापो की गिरफ्तारी और 2024 में अल मायो की गिरफ्तारी के वक्त भी देश में ऐसा ही हुआ था। 2019 में जब अल चापो के बेटे ओ. विदियो गुजमान को पकड़ा गया था, तब उसके गुर्गों ने कुलियाकान शहर को घंटों तक बंधक बना लिया था और सरकार को उसे छोड़ना पड़ा था। इसलिए अब भी डर है कि हालात और बिगड़ सकते हैं। अब यह इस बात पर निर्भर करेगा कि जालिस्को कार्टेल के पास नया नेता साफ तौर पर तय है या नहीं। अगर अंदरूनी लड़ाई शुरू हुई तो खून-खराबा और बढ़ सकता है। जालिस्को कार्टेल (सीजेएनजी) कार्टेल 2009 में बना था। एल मेंचो की लीडरशिप में यह मेक्सिको का सबसे बड़ा ड्रग नेटवर्क बन गया था। यह कोकीन, मेथामफेटामिन और हाल के वर्षों में फेंटानिल जैसी सिंथेटिक ड्रग्स अमेरिका भेजता था। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मेंचो की मौत से मेक्सिको और अमेरिका के रिश्तों में सुधार हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प मेक्सिको पर दबाव बना रहे थे कि वह कार्टेल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर सख्त कदम नहीं उठाए गए तो वह सैन्य कार्रवाई पर भी विचार कर सकते हैं। इसी साल फरवरी में ट्रम्प एडमिनिस्ट्रेशन ने कार्टेल को विदेशी टेररिस्ट आर्गनाइजेशन घोषित किया। मेक्सिको सरकार ने साफ कहा है कि अमे. रिकी हमले से देश की संप्रभुता का उल्लंघन होगा, लेकिन खुफिया जानकारी के स्तर पर दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ा है। मेक्सिको दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करी नेटवर्क का गढ़ माना जाता है, जहां से कोकीन, हेरोइन, मेथ और फेंटेनाइल जैसे बेहद खतरनाक ड्रग अमेरिका तक पहुंचते हैं। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक देश में ड्रग्स की सबसे बड़ी सप्लाई मेक्सिकन कार्टेल्स के जरिए होती है। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा ड्रग मार्केट है। हर साल लाखों लोग नशे की लत के शिकार होते हैं और फेंटेनाइल जैसी दवाओं से हजारों मौतें होती हैं। अमेरिकी सरकार पर लगातार दबाव रहता है कि ड्रग तस्करी पर सख्त कदम उठाए जाएं और इसी वजह से उसकी नजर मेक्सिको में मौजूद कार्टेल्स पर रहती है। दूसरी तरफ, कार्टेल्स मेक्सिको में इतने शक्तिशाली बन चुके हैं कि कई इलाकों में वे पुलिस और सरकार को चुनौती देते हैं।

### मेक्सिको में हिंसा भड़कने के बाद भारतीय दूतावास ने जारी किया परामर्श

**नई दिल्ली।** भारत ने मेक्सिको में रह रहे अपने नागरिकों को सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने और 'कानूनी गतिविधियों के आसपास के क्षेत्रों' से दूर रहने की सलाह जारी की है। यह परामर्श मेक्सिको पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक कुख्यात ड्रग माफिया के मारे जाने के बाद भड़की हिंसा के मद्देनजर दिया गया है। मारे गए ड्रग माफिया की पहचान नेमेसियो रुबेन ओसेगुएरा सर्वांटेस उर्फ 'एल मेंचो' के रूप में हुई है, जो जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल का सरगना था। वह सैनिकों के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ था। मेक्सिको सिटी ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इसके बाद कई इलाकों में हिंसक घटनाएं सामने आईं। भारतीय दूतावास द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि भारतीय नागरिक ऐसी जगहों से दूर रहें जहां विधिक एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। अपने आसपास के माहौल के प्रति सजग रहें, सुरक्षित स्थान पर शरण लें और अनावश्यक बाहर निकलने से बचें।

# ट्रम्प के रिजार्ट मे घुस रहे युवक को गोली मारी, मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिजार्ट में घुसने की कोशिश करने वाले एक युवक को सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार आधी रात 1.30 बजे हुई। राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शाटगन और फ्यूल केन लेकर आया था।

मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, वह नार्थ कैरोलीना का रहने वाला था। फिलहाल उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। घटना के वक्त राष्ट्रपति ट्रम्प वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं। अधिकारियों ने युवक से बरामद हुई शाटगन की एक तस्वीर जारी की है। इसमें एक लाल फ्यूल केन भी नजर आ रहा है। सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि रिजार्ट के नार्थ गेट से एक कार के बाहर निकल रही थी, इसी दौरान युवक ने अंदर घुसने की कोशिश की। उसके पास शाटगन और फ्यूल केन थी। सीक्रेट सर्विस के दो

■ गन और फ्यूल केन लेकर अंदर घुसने की को. शिश कर रहा था

एजेंट्स ने उसे रोका और उससे हथियार और केन गिराने को कहा गया। युवक ने केन तो रख दिया, लेकिन शाटगन को गोली चलाने की पोजिशन में उठा लिया। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने गोली चलाई और वह मारा गया। जांच में पता चला कि उसके परिवार ने कुछ दिन पहले उसे लापता होने की रिपोर्ट की थी। वह नार्थ कैरोलीना से साउथ की ओर आया था और रास्ते में शाटगन खरीदा। उसकी कार में गन का डिब्बा मिला है। ट्रम्प की सुरक्षा में पहले भी चूक हो चुकी है। 13 जुलाई 2024 में ट्रम्प को एक रैली के दौरान एक हमलावर ने गोली मार दी थी। उस वक्त वे राष्ट्रपति नहीं थे। उन पर यह हमला राष्ट्रपति चुनाव से ठीक 4 महीने पहले हुआ था। 20 साल के हमलावर ने 400 फीट की दूरी से ट्रम्प पर असाल्ट राइफल से गोली चलाई थी। यह गोली उनके कान को छूते हुए गुजरी थी। इसके बाद ट्रम्प की सुरक्षा में तैनात सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर्स ने हमलावर को तुरंत ढेर कर दिया था। ट्रम्प को गोली लगने के बाद सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने कवर कर लिया।

# ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत का तीसरा दौर गुरुवार को

**काहिरा।** अमेरिका और ईरान ने परमाणु समझौते को लेकर अलग-अलग दृष्टिकोण के बावजूद बातचीत जारी रखने का फैसला किया है मगर अमेरिका की ओर से सैन्य तैनाती में उल्लेखनीय वृद्धि ने इस प्रक्रिया की नाजुकता और टकराव के जोखिम को उजागर किया है।

ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने रविवार को कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता का अगला दौर गुरुवार को जिनेवा में होगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका-ईरान वार्ता इस गुरुवार को जिनेवा में तय हुई है, और समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में अतिरिक्त

■ ईरान अमेरिका के साथ मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाने को तैयार हैः अराघची

प्रयास किए जाएंगे। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, रविवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महा. निदेशक राफेल ग्रोसी के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें 'रचनात्मक सहभागिता और संवाद के रास्ते को अपनाने' के महत्व पर जोर दिया गया, ताकि एक टिकाऊ परमाणु समझौता हासिल किया जा सके। यह बात. चीत अराघची के उस बयान के बाद हुई।

# तारिक रहमान सरकार ने किया बांग्लादेश सेना में फेरबदल

## भारत से रक्षा सलाहकार को वापस बुलाकर प्रमोशन दिया, चीफ ऑफ जनरल स्टाफ भी बदला

**ढाका।** बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनने के कुछ दिन बाद ही तारिक रहमान ने सेना में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है। जारी आद. ेशों में ऑपरेशनल और इंटेलिजेंस पदों पर नई नियुक्तियां की गईं। भारत में तैनात रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल एमडी हाफिजुर रहमान को मेजर जनरल पद पर प्रमोट किया गया है।

उन्हें वापस बुलाकर 55वीं इन्फैंट्री डिविजन का जनरल आफिसर कमांडिंग (जीओसी) नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद मैनूर रहमान को सेना का चीफ ऑफ जनरल स्टाफ (सीजीएस) बनाया गया है। वे इससे पहले आर्मी ट्रेनिंग एंड डाक्ट्रिन कमांड के प्रमुख थे। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल मिजानुर रहमान शमीम की जगह ली है, जिन्हें रिटायरमेंट लीव पर भेज दिया गया था। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने सोमवार को आर्म्ड फोर्स डिवीजन में पदभार ग्रहण किया।



■ लेफ्टिनेंट जनरल मीर मुशफिकुर रहमान को सशस्त्र बल डिविजन का प्रिंसिपल स्टाफ आफिसर (पीएसओ) बनाया गया है


मेजर जनरल कैसर राशिद चौधरी को डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फोर्सेस इंटेलिजेंस (डीजीएफआई) का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। वे आर्मी मुख्यालय में ब्रिगेडियर जनरल के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने मेजर जनरल मोहम्मद जहांगीर आलम की जगह ली है, जिन्हें फिलहाल विदेश मंत्रालय में राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल मीर मुशफिकुर रहमान को सशस्त्रा बल डिविजन का प्रिंसिपल स्टाफ आफिसर (पीएसओ) बनाया गया है। वे इससे पहले चटगांव स्थित 24वीं इन्फैंट्री डिविजन के जनरल आफिसर कमांडिंग (जीओसी) थे। मौजूदा पीएसओ लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कामरुल हसन को विदेश मंत्रालय में राजदूत के पद पर ट्रांसफर कर दिया गया है। मेजर जनरल जेएम एमदादुल इस्लाम को ईस्ट बंगाल रेजिमेंटल सेंटर का कमांडेंट नियुक्त किया गया है। वहीं मेजर जनरल फिरदोस हसन सलीम को 24वीं इन्फैंट्री डिविजन का जीओसी बनाया गया है। ये बड़ा फेरबदल तारिक रहमान की नई बीएनपी सरकार के लिए सेना पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने का पहला बड़ा कदम माना जा रहा है। फरवरी 2024 में छात्र आंदोलन से शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद मुहम्मद यूनुस की अंत. रिम सरकार बनी थी, जिसने सेना के कई शीर्ष पदों पर अपने करीबी या पुरानी व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को तैनात किया था। अब 12 फरवरी 2026 के चुनाव में बीएनपी की भारी जीत के बाद तारिक रहमान 17 फरवरी को प्रधानमंत्री बने, तो नई सरकार ने जल्दी से इन पदों पर बदलाव किए। इसके पीछे मुख्य वजह यह माना जा रहा है कि पुराने अधिकारियों (जो यूनुस सरकार या हसीना काल से जुड़े थे) को हटाकर बीएनपी के करीबी या नई सरकार के प्रति वफादार अधिकारियों को महत्वपूर्ण कमांड और खुफिया पद दे रही है, ताकि सेना नई सरकार के खिलाफ कोई असंतुलन पैदा न करे और सेना मजबूत हो सके। सेना के बड़े पदों पर नए अधिकारियों की नियुक्ति से नई सरकार को सेना का साफ समर्थन मिलेगा।

# डा. यूनुस ने नहीं किया संविधान के तहत काम

## मुझे हटाने की रची गई साजिशः बांग्लादेशी राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने लगाया गंभीर आरोप

**ढाका।** बंगलादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा है कि अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने संवैधानिक प्रावधानों का पालन नहीं किया और युनूस ने उन्हें पद से हटाने के लिए साजिश भी रची। उन्होंने आरोप लगाया कि न तो उन्हें विदेश दौरों की जानकारी दी गई और न ही राज्य के मामलों पर कोई जानकारी उपलब्ध करवाई गई थी।

कालेर कंठ अखबार ने शहाबुद्दीन के हवाले से कहा कि मुख्य सलाहकार कई बार विदेश गए, लेकिन लौटने के बाद कभी राष्ट्रपति से मुलाकात नहीं की और न ही किसी तरह की लिखित रिपोर्ट सौंपी, जबकि यह उनका संवैधानिक दायित्व था। राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्य सलाहकार ने संविधान के किसी भी प्रावधान का पालन नहीं किया। जब भी वह विदेश जाते थे, उन्हें लौटकर राष्ट्रपति से मिलना और परिणामों की जानकारी लिखित रूप में देना चाहिए था। वह 14 से 15 बार विदेश गए,



■ शहाबुद्दीन ने तत्कालीन राजनीतिक तनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उस स्थिति में मुझे डा. यूनुस का एक भी फोन कॉल नहीं आया

लेकिन एक बार भी मुझे सूचना नहीं दी। वह कभी मुझसे मिलने नहीं आए। शहाबुद्दीन ने कहा कि उस अवधि में उन्हें 'पूरी तरह अंधेरे में रखा गया' और कोसोवो तथा कतर की उनकी प्रस्तावित दो विदेश यात्राएं भी रोक दी गईं। शहाबुद्दीन ने तत्कालीन राजनीतिक तनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उस स्थिति में मुझे डा. यूनुस का एक भी फोन कॉल नहीं आया। वह न तो मेरे पक्ष में थे और न ही मेरे खिलाफ। स्वाभाविक रूप से मैंने भी उनसे किसी तरह की मदद नहीं मांगी। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक हलकों ने भी उन्हें असंवैधानिक तरीके से हटाने का विरोध किया, जिसे उन्होंने 'एक बड़ी ताकत' बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि 2024 के उग्र छात्र आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के दौरान उन्हें हटाने के बार-बार प्रयास किए गए, लेकिन सेना और बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के समर्थन से संवैधानिक निरंतरता बनी रही। उन्होंने कहा कि एक समय तो मुझे हटाकर असंवैधानिक तरीके से एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश को राष्ट्रपति पद पर बैठाने की साजिश भी रची गई, लेकिन उस न्यायाधीश ने संविधान का हवाला देते हुए प्रस्ताव ठुकरा दिया। शहाबुद्दीन ने 22 अक्टूबर 2024 की रात बंगभवन के बाहर हुए प्रदर्शनों को 'डरावनी रात' बताते हुए कहा कि भीड़ को उकसाया गया, राष्ट्रपति आवास को लूटने की कोशिशें हुईं, जिन्हें बाद में सेना की तैनाती से नियंत्रित किया गया।

### भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्डियन' आज से चौबट्टिया में

**नई दिल्ली।** भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्डियन 2026' का सातवां संस्करण 24 फरवरी से नौ मार्च तक उत्तराखंड के चौबट्टिया में आयोजित किया जाएगा। यह अभ्यास प्रतिवर्ष बारी-बारी से भारत और जापान में किया जाता है। अतिरिक्त लोक सूचना महा. निदेशालय ने एक्स पर बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त शहरी युद्ध और आतंकवाद-रोधी अभियानों के दौरान दोनों सेनाओं के बीच परस्पर संचालन क्षमता को बढ़ाना है। पोस्ट के अनुसार दो सप्ताह के दौरान सैनिक संयुक्त योजना निर्माण को परिष्कृत करेंगे, सामरिक अभ्यासों का समन्वय करेंगे और विशेष युद्ध कौशल का अभ्यास करेंगे।

### कसराक सैन्य अड्डे से सेना को वापस बुला रहा अमेरिकाः रिपोर्ट

**दमिश्क।** अमेरिका की सेना ने सीरिया के हसाका गवर्नरेट स्थित कसराक सैन्य अड्डे से अपनी वापसी शुरू कर दी है और उन्हें इराक की ओर पुनः तैनात किया जा रहा है। सीरिया टीवी की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया। रिपोर्ट में इस संबंध में और विवरण नहीं दिया गया। अमेरिकी बल पहली बार 2014 में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ाई के नाम पर सीरिया में तैनात किए गए थे। वापसी का यह फैसला देश के कुछ हिस्सों से अमेरिका-नेतृत्व वाले गठबंधन बलों की चरणबद्ध वापसी की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे पहले इस महीने सीरिया के अंतरिम प्रशासन ने कहा था कि अमेरिका के साथ समन्वय के बाद उसकी सेना ने हसाका गवर्नरेट के शद्दादी सैन्य अड्डे और सीरिया-इराक-जॉर्डन सीमा के पास स्थित तन्फ अड्डे का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। इस बीच, अमेरिकी मीडिया ने बताया है कि अमेरिका सीरिया से अपने लगभग 1000 सैनिकों को पूरी तरह वापस बुला रहा है। शेष अमेरिकी बलों के अगले दो महीनों के भीतर देश छोड़ने की संभावना है, जिससे सीरिया में एक दशक से चली आ रही अमेरिकी सैन्य मौजूदगी का अंत हो जाएगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108